डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹77,490 10 ग्राम
₹91,790 01 किलो
सेंसेक्स 79,486.32 -55.47
डॉलर 84.375 +0.074

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

कार्तिक शुक्ल पक्ष 08, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 09 नवंबर 2024, वर्ष-31, अंक-25, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 कुश मैनी ने एक और सफल फॉर्मूला...

# 10 को सेवानिवृत्त होने वाले सीजेआई का हुआ विदाई समारोह

-ब्यूरो


**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं, शनिवार व रविवार को कामकाजी दिन नहीं होने के कारण शुक्रवार (8 नवंबर 2024) को ही सर्वोच्च न्यायालय में उनकी विदाई के लिए सेरेमोनियल बेंच बैठी। जिसमें उनके साथ जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस जेबी पारदीवाला, वरिष्ठ वकीलों के अलावा 10 नवंबर से भारत के मुख्य न्यायाधीश का पद संभालने वाले जस्टिस संजीव खन्ना भी रहे। चंद्रचूड़ के बाद जस्टिस खन्ना देश के 51 वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। मुख्य न्यायाधीश पद पर चंद्रचूड़ के 2 साल के कार्यकाल के बड़े फैसलों में आर्टिकल 370, राम जन्मभूमि मंदिर, वन रैंक-वन पेंशन, मदरसा केस, सबरीमाला मंदिर विवाद, चुनावी बॉन्ड की वैधता व सीएए-एनआरसी जैसे मामले रहे।

## आपने न्याय देने में पूरी निष्पक्षता बरती : अटॉर्नी जनरल



सीजेआई चंद्रचूड़ के विदाई समारोह के समय अटॉर्नी जनरल ए आर वेंकटरमणी ने कहा कि आपने न्याय देने में पूरी तरह निष्पक्षता बरती है। हमने कभी आपके सामने झिझक महसूस नहीं की। हम हमेशा इस बात से आश्वस्त रहे कि हमने अपने केस में आपके सामने अपनी बात पूरी तरह रख दी है। इस न्यायिक परिवार के कर्ता के तौर पर आपने हमेशा एक स्टैंड लिया। आप 5 सी के लिए जाने जाएंगे- कॉम (शांत), कुल (धैर्यवान), कंपोज्ड (ठंडे दिमाग वाले), ना ही क्रिटिकल (आलोचनात्मक) और ना ही कंडेमनिंग (निंदा करने वाले)।

## मैंने इतने ज्यादा धीरज वाला जज नहीं देखा : कपिल सिब्बल



सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के अपने 52 साल के कार्यकाल में मैंने इतने ज्यादा धीरज वाला जज नहीं देखा। आप देश के ऐसे समुदायों तक पहुंचे, जिनके बारे में पहले देखा-सुना नहीं गया था। आप उन्हें कोर्ट में लाए और बताया कि न्याय होता क्या है। आपके पिता तब भारत के मुख्य न्यायाधीश थे, जब अदालतें अशांत-उत्तेजित हुआ करती थीं। आप तब यहां आए, जब मुद्दे अशांत हैं।

## आपका युवा रूप हमें बूढ़ा महसूस कराता है : मनु सिंघवी



वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, आपने हमें सुनवाई के दौरान आईपैड का इस्तेमाल सिखाया, कम से कम मैं इस बारे में सीख गया। आपका युवा रूप हमें बूढ़ा महसूस कराता है। इसका राज तो हमें बता दीजिए। जस्टिस संजीव खन्ना ने काम कि इन्होंने मेरा काम आसान और मुश्किल दोनों कर दिया है। आसान इसलिए क्योंकि कई रेवोल्यूशन हुए हैं, और मुश्किल इसलिए क्योंकि मैं उनकी बराबरी नहीं कर सकता, उनकी कमी हमेशा खलेगी। उनके यंग लुक की चर्चा सिर्फ यहां ही नहीं बल्कि विदेशों में भी होती है।

## भारत के मुख्य न्यायाधीश बनने वाली इकलौती पिता-पुत्र की जोड़ी

जस्टिस चंद्रचूड़ के पिता यशवंत विष्णु चंद्रचूड़ देश के 16वें मुख्य न्यायाधीश थे। उनका कार्यकाल 22 फरवरी 1978 से 11 जुलाई 1985 तक, लगभग 7 साल तक रहा। पिता के सेवानिवृति के 37 वर्ष बाद डीवाई भारत के मुख्य न्यायाधीश हुए। और अपने पिता के 2 बड़े फैसलों को पलटे हैं। डीवाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल में न्यायालय ज्यादा हाईटेक हुआ। इनमें ई-फाइलिंग में सुधार, पेपरलेस सबमिशन, पेंडिंग केसेस के लिए व्हाट्सएप अपडेट, डिजिटल स्क्रीन, वाई-फाई कनेक्टिविटी, एडवांस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, पेंडिंग केस की लाइव ट्रैकिंग, सभी कोर्टरूम से लाइवस्ट्रीमिंग शामिल रही। इनके कार्यकाल में डीवाई चंद्रचूड़ ने सर्वोच्च न्यायालय की लाइब्रेरी में लेडी ऑफ जस्टिस को आँख पर बिना पट्टी वाला दिखाने के लिए नई मूर्ति बनवाया व लगवाया। इसका उद्देश्य यह संदेश देना है कि देश में कानून अंधा नहीं है और यह सजा का प्रतीक नहीं है। 1 सितंबर को नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशियरी के वेलेडिक्ट्री इवेंट में सुप्रीम कोर्ट का फ्लैग और चिह्न भी जारी किया गया।

## एसपीजी की टीम पहुंची, पीएम की सुरक्षा में रहेंगे तीन हजार से अधिक जवान

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 नवम्बर के दौरे को लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दौरे को लेकर झारखंड पुलिस की ओर से पुलिस की तरफ सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मी सड़क से आसमान तक मोदी के दौरे के दौरान सुरक्षा की कमान संभालेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर 11 आईपीएस , 25 डीएसपी, 111 इंस्पेक्टर, 714 एसआई और एएसआई, 3000 जवान, 2 बीडीडीएस टीम, 2 हिट टीम, 4 कंपनी रैप को प्रतिनियुक्त किया गया है। डीजीपी अजय कुमार सिंह के आदेश पर आईजी अभियान एवी होमकर ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। डीआईजी अनूप बिलथरे ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। इधर प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर शुक्रवार को एसपीजी की टीम रांची पहुंच गई है। प्रधानमंत्री के रांची में ओटीसी ग्राउंड से लेकर न्यू मार्केट चौक तक 10 नवंबर को रोड शो होना है। रोड शो के दौरान मार्ग में पड़ने वाले ऊंचे भवनों में सुरक्षा के मद्देनजर जवानों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा सुरक्षा के अन्य मानकों को लेकर भी पुलिस के स्तर से तैयारी की जा रही है। रांची के अलावा गुमला और चंदनकियारी में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम को लेकर पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा की तैयारी शुरू कर दी है।

# सरकार बनी तभी 20 हजार लोग जेल जाने से बचे : हेमंत सोरेन

## जल, जंगल, जमीन भाजपा के व्यापारी साथियों ने लूटा और अब माटी बचाने की बात कर रहे

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्थलगड़ी मामले में हजारों लोगों पर दर्ज केस को लेकर भाजपा पर हमला बोला। यदि सरकार नहीं बदलती तो यहां के 20 हजार लोगों को भाजपा जेल भेज देती। सरकार में आते ही हमने देशद्रोह का केस वापस लिया। हेमंत ने कहा कि भाजपा वाले जानते हैं आदिवासी ऐसे नहीं मानेगा। इनको या तो गोली मारो या जेल में डालो लेकिन यह भगवान बिरसा मुंडा की धरती है। हर चौक चौराहे पर भाजपा को टक्कर देने वाले लोग मिल जाएंगे। ये वीरों की धरती है। हेमंत ने आगे कहा कि असम का मुख्यमंत्री यहां आकर मंडरा रहा है। बेटी बचाने की बात करता है। मणिपुर में तो भाजपा की सरकार है। वहां कैसे बेटियों को नंगा कर घुमाया जा रहा है और ये लोग बेटी बचाने की बात करता है। उससे तमाड़ की जनता पूछे। हेमंत शुक्रवार को अड़की में विकास कुमार मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा में बोल रहे थे। वहीं चाईबासा **शेष पेज 11 पर**



### भाजपा के 20 सालों पर महागठबंधन की 5 साल भारी : कल्पना सोरेन



**डंडई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन शुक्रवार को प्रखंड के रारो गांव स्थित विमलेश स्टेडियम में चुनावी जनसभा किया। कल्पना ने झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के पक्ष में मात्र 20 मिनट ही भाषण दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंईयां सम्मान योजना, कृषि लोन राशि माफ, बिजली बिल राशि माफ कर समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर **शेष पेज 11 पर**

## 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण, सरना कोड और इलाज के लिए 15 लाख : राहुल

- 3200 रुपये प्रति क्विंटल देंगे धान का एमएसपी
- 15 लाख रुपये देंगे युवाओं को रोजगार के लिए
- 2500 रुपये प्रति माह महिलाओं को दिया जाएगा

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड प्रदेश का गठन जल, जंगल और जमीन की लड़ाई से हुआ है। यदि राज्य के विधानसभा चुनाव में हमारी सरकार बनेगी तो 2500 रुपये महिलाओं को दिया जाएगा। जाति गणना कराया जाएगा। हम 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण देंगे। इलाज के लिए 15 लाख रुपये देंगे। युवाओं को रोजगार के लिए 15 लाख रुपये देंगे और किसानों का एमएसपी बढ़ाकर 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदारी करेंगे। सरना कोड भी लागू किया जाएगा। राहुल शुक्रवार को झारखंड के लोहरदगा स्थित बीएस कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश के संविधान में आदिवासी शब्द लिखा हुआ है। मतलब है कि जल जंगल जमीन आदिवासियों की है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आदिवासियों को वनवासी कहते हैं। इसका मतलब है कि आप जंगल में रहने वाले हो। जल जंगल जमीन में आपका अधिकार नहीं है। राहुल ने कहा कि भाजपा की सरकार आपके सारे हक अधिकार और संपत्ति छीनकर अंबानी, अडानी **शेष पेज 11 पर**



### आदिवासियों का जल, जंगल, जमीन छीनना चाहती है भाजपा : राहुल गांधी

**सिमडेगा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए संघर्ष किया था लेकिन भाजपा आदिवासी को वनवासी कहती है। ऐसा इसलिए क्योंकि, भाजपा के लोग आपका जल, जंगल और जमीन छीनना चाहते हैं। इसलिए वो आपको वनवासी कहते हैं। आदिवासी का मतलब है, उस जगह का सबसे पहला मालिक। इसलिए कांग्रेस आपको आदिवासी कहती है। वनवासी का मतलब है कि आप जंगल में **शेष पेज 11 पर**

## किसी को कोई तकलीफ पहुंची हो तो माफी चाहता हूं : सीजेआई चंद्रचूड़

-ब्यूरो



**नई दिल्ली।** अपने कार्यकाल के अंतिम दिन 45 केस देखने वाले भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने विदाई समारोह के मौके पर भावुक होते हुए कहा, 'रात को मैं सोच रहा था कि दोपहर दो बजे कोर्ट खाली होगा और मैं स्क्रीन पर खुद को देख रहा होउंगा। आप सभी की मौजूदगी से मैं अभिभूत हूं।' उन्होंने कहा, 'जब मैं छोटा था, तो सुप्रीम कोर्ट में आकर यहां की कार्यवाही और कोर्ट में लगी दो तस्वीरों को देखता था। उन्होंने कहा, बॉम्बे हाईकोर्ट में भी न्यायमूर्ति छागला का बहुत प्रभाव था।'

**'हम सब यहां यात्रियों की तरह हैं :** उन्होंने आगे कहा, 'हम सभी यहां यात्रियों की तरह हैं, जो कुछ समय के लिए आते हैं, अपना काम करते हैं और फिर चले जाते हैं। कोर्ट के रूप में यह संस्थान हमेशा चलता रहेगा और इसमें विभिन्न विचारों वाले लोग आते रहेंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि मेरे बाद न्यायमूर्ति खन्ना इस संस्थान को मजबूती और गरिमा के साथ आगे बढ़ाएंगे। सीजेआई ने यह भी बताया कि वह न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व न्यायमूर्ति **शेष पेज 11 पर**

आज | कल




### बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने किया जनसभा

## भाजपा के राज्य में महंगाई, पलायन, गरीबी की बात नहीं की जाती : तेजस्वी यादव

नवीन मेल संवाददाता



**छतरपुर।** पलामू जिला के नौडीहा बाजार प्रखंड के नामुदाग उच्च विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को राजद नेता सह बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपने पार्टी के पक्ष में जनसभा की। छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी विजय राम के पक्ष में लोगों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार में हेमंत सोरेन झारखंड का विकास कर रहे हैं। हेमंत सरकार द्वारा मंईया सम्मान योजना, बिजली बिल माफी योजना समेत कई ऐसी योजनाएं हैं, जिससे आम जनता को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि 2020 में बिहार में किए वादे के अनुसार 17 महीने की सरकार में 5 लाख लोगों को रोजगार दिया, लेकिन विरोधियों की जोड़-तोड़ में सरकार को गिरा दी गई। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज्य में महंगाई, पलायन, गरीबी की कोई बात नहीं की जाती। सिर्फ आपस में लड़ाई करवाया जाता है। हिंदू मुस्लिम को लेकर तो कभी कश्मीर को लेकर लड़ाया जाता है। भाजपा सिर्फ और सिर्फ नफरत की बात करती है। भाजपा जहां **शेष पेज 11 पर**

## डबल इंजन सरकार से झारखंड का विकास संभव : सम्राट चौधरी

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज\गिद्धौर(चतरा)।** झारखंड प्रदेश का विकास डबल इंजन सरकार ही कर सकती है। इसके लिए यहां एनडीए की सरकार बनाना बेहद जरूरी है। ये बातें बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को पलामू जिला के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के हरिहरगंज के सीता हाई स्कूल के मैदान में भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह, व चतरा जिला के गिद्धौर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मैदान में भाजपा प्रत्याशी उज्जव दास के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। वह यहां हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे थें। उन्होंने कहा कि केंद्र में एनडीए की सरकार है। यदि हुसैनाबाद से कमलेश कुमार सिंह को जनता आशीर्वाद देती है तो झारखंड में भी एनडीए की सरकार बनाने में मदद मिलेगी। झारखंड मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। डबल इंजन की सरकार झारखंड प्रदेश के संसाधनों का उपयोग कर तेजी से विकास कर सकेगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन आरक्षण व **शेष पेज 11 पर**

## हेमंत के मंत्री के पास से मिलते हैं अवैध करोड़ों रुपए : मोहन यादव



**बालूमाथ\कुन्दा (चतरा)।** मध्यप्रदेश के मुख्य मंत्री मोहन लाल यादव ने शुक्रवार को एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने के लिए लातेहार जिला के बालूमाथ के जरी ग्राम में लातेहार से भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम व चतरा जिला के कुन्दा में लोजपा प्रत्याशी जर्नादन पासवान के पक्ष में चुनावी जनसभा किया। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन पर जमकर निशाना साधा। आरोप लगाया कि सीएम सोरेन के हर मंत्री के पास अवैध करोड़ों रुपये हैं। मोहन यादव ने कहा कि यह चुनाव पुराने पापों का हिसाब चुकता करने का मौका है। जनता इस बार इमानदारी की ओर बढ़ेगी। उन्होंने चतरा विधानसभा से एनडीए गठबंधन लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान को भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त बताया। कहा कि जनार्दन पासवान सौभाग्यशाली हैं। उनके समर्थन में वोट मांगने के लिए भगवान श्री कृष्ण के वंशज यदुकुल खड़ा है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव अपनी संस्कृति को बचाने व देश के स्वाभिमान के लिए भाजपा को सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जेएमएम व कांग्रेस की सरकार झारखंड में **शेष पेज 11 पर**

इंडिया

# कई संदेशों का ही नहीं स्त्री की सहनशक्ति का प्रतीक है छठ



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कभी मगध के देव में केंद्रित छठ सूर्योपासना का पर्व था जो विभिन्न धर्म संप्रदायों में शक्ति या ऊर्जा के स्रोत रूप में पूजनीय रहे हैं जो आज महापर्व बन चुका है। छठ को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने में स्व शारदा सिन्हा का भी बड़ा योगदान था जिस प्रकार वैष्णो देवी को लोकप्रिय बनाने में स्व गुलशन कुमार की बड़ी भूमिका थी। छठ की लोकप्रियता का आलम यह है की महाराष्ट्र के सबसे महत्वपूर्ण शहर मुंबई जहां पर हिंदी भाषा या बिहार के लोगों का विरोध होता था वहां भी छठ के नाम पर राजनीति हो रही है कि हम आपको सुविधा दे रहे हैं वे नहीं दे रहे हैं, यही हाल दिल्ली में है जहां कभी बिहारी शब्द को गाली की तरह इस्तेमाल किया जाता था और आज वहां की राज्य सरकार ने छत पर आधिकारिक छुट्टी की घोषणा की और छठवर्तियों को यह आश्वासन दिया कि उनके लिए हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस राजनीतिक धमक के अलावा अमेरिका और अनेक यूरोपीय देशों में भी छिटपुट छठ मनाने की बातें मीडिया के माध्यम से आती रहती हैं आश्चर्य नहीं कि ट्रंप भी दिवाली के साथ छठ पर बोलें। सूर्योपासना की धार्मिक मान्यता के अलावा मध्यमार्गियों का कहना है कि यह वैज्ञानिक रूप से सरोवर की सफाई का त्यौहार है जिस प्रकार दिवाली घरों की सफाई का त्यौहार है और उसके 6 दिन के बाद होने वाला छठ सरोवर की सफाई का त्यौहार है जिससे प्राचीन जमाने में जल स्रोतों के प्रति लोगों का सम्मान या उत्तरदायित्व झलकता था,जिसे बिहार के बहुत सारे मुस्लिम धर्मावलंबी भी मनाते हैं। महिलाओं के अलावा पुरुष भी छठ का व्रत रखते हैं और संभवतः यह एकमात्र त्यौहार है जिसमें किसी पुरोहित की यानी ब्राह्मण की आवश्यकता नहीं पड़ती। कोई भी पवित्र भाव से 36 घंटे का निर्जला व्रत रखकर सूर्य को अर्घ्य दे सकता है जो साल में दो बार मनाया जाता है। साधारण घरों की कमजोर महिलाएं जो घरों का



काम करते हुए इस कठिन व्रत को पूरा करती हैं सचमुच परीक्षा देती हैं। जनजातीय समुदाय भी सूर्य के प्रति जो ऊर्जा या शक्ति के प्रतीक हैं, आस्था व्यक्त करते हुए उन्हें धर्मेश या रंपा चंपा के रूप में भगवान सूर्य की आराधना बहुत ही भक्ति भाव से करता है। यह कोई धर्म विशेष का त्योहार ना होकर सूर्य को धन्यवाद देने या उनके प्रति आभार व्यक्त करने का त्यौहार है। वैसे इस पर व्यापक शोध की आवश्यकता है लेकिन इसके मूल में यह संदेश छिपा है कि हमारे आसपास के नदी नाले या तालाब हमारे जीवन के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं जो आज बुरी तरह प्रदूषित या संकीर्ण हो गए हैं कहीं-कहीं पर तो उनमें जल ही नहीं है जिस कारण लोग प्लास्टिक के टबों में घरों की छतों के ऊपर या खाली जमीन पर गड्ढा खोदकर कृत्रिम जल से जलागार बनाकर छठ पर्व मना रहे हैं। यह एक औपचारिकता होती है जबकि छठ पर्व सामूहिकता का प्रतीक है जिसमें महिलाओं के सामूहिक गीत, सामूहिक रूप से ठेकुआ बनाना, खीर भोजन बनाना, कद्दू भात बनाने में सहयोग करना एक बड़ा आयोजन होता है। इसका सबसे अनुकरणीय और अनूठा पक्ष यह है कि कितने भी बड़े पद पर या कितने भी धनवान व्यक्ति क्यों ना हो उन्हें सड़कों की सफाई करने पूजा का दउरा उठाने और मांग कर प्रसाद लेने या छठव्रती से चाहे वह किसी भी जाति धर्म का हो घाट पर या घरों में उसका पैर छूकर आशीर्वाद लेने में किसी को कोई हिचक नहीं होती कोई भेदभाव नहीं होता इस प्रकार समाज में एक बहुत बड़ा संदेश इसके माध्यम से दिया जाता है जो भेदभाव रहित सनातनी समाज का मूल कहा जा सकता है, जबकि आधुनिक छठ में बहुत सारी बातें ऐसी जुड़ रही हैं जो इसके मूल उद्देश्य से इसको भटक रही है जैसे छठ घाटों पर ताकत दिखाकर कब्जा करना छठ घाटों और मोहल्ले में बड़े-बड़े साउंड बॉक्स या डीजे लगाकर कानफोड़ू गीत संगीत रात दिन बजाना और सबसे आपत्तिजनक बात जो इसके उद्देश्य पर्यावरण की शुद्धता के ठीक विपरीत है वह है घाटों पर पटाखे की होड़ बचाना घरों से लेकर जलाशयों तक पटाखे की ऐसी धूम मची रहती है कि आयोजक बार-बार ध्वनि विस्तारक यंत्र से उन्हें समझाते रहते हैं कि कृपया पटाखे ना छोड़े वहां धुआं जो फैलता है उसे छठवृतियों का ध्यान और स्वास्थ्य दोनों खतरे में पड़ जाता है। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि हमारे पूर्वजों ने जो भी पर्व त्योहार की परंपरा शुरू की उसके पीछे मूल कारण क्या था। नदी, नालों जलाशयों की देखभाल सिर्फ छठ के समय नहीं सालों भर की जानी चाहिए। सड़कों की अपने घरों के सामने सफाई जैसे छठ के समय लोग करते हैं अगर प्रतिदिन हमारा नियम बन जाए तो हमारा गांव हमारे शहर सभी अपने आप स्वच्छ हो जाएंगे और हम बहुत सारी बीमारियों से बचे रह सकते हैं।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोक आस्था का पर्व संपन्न



हुसैनाबाद लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर छठ व्रतियों ने शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया और मनवांक्षित फल की कामना की। हुसैनाबाद के जेपी चौक स्थित जपला छठ पोखरा, उत्तर कोयल नहर स्थित जमुहारी माई सूर्य मंदिर छठ घाट, गम्हरिया, मोहम्मदाबाद, ब्लॉक रोड के पंच मंदिर सरोवर छठ घाट, देवरी खुर्द, देवरी कला व दंगवार के सोन नदी छठ घाट समेत अन्य जलाशयों पर छठ व्रतधारियों ने पूरी नेम निष्ठा के साथ विधिवत भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। साथ ही सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इस दौरान छठ गीतों से छठ घाट पूरा गुलजार रहा। विभिन्न संस्थाओं के द्वारा व्रतधारी को आम की लकड़ी, दूध व अन्य पूजन सामग्री उपलब्ध कराने में सहयोग किया। भक्तिमय वातावरण में सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद चार दिवसीय छठ महापर्व का यह अनुष्ठान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस मौके पर थाना प्रभारी संजय कुमार यादव,महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी सहित सभी छठघाटों पर पुलिस बल के जवान व मजिस्ट्रेट तैनात थे।

## अर्घ्य व आरती के साथ छठ महापर्व समाप्त

### इलेक्ट्रॉनिक प्रकाश की अद्भुत नजारा पेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कोयल नदी के स्थानीय घाट पर सूर्योपासना को लेकर लोक आस्था का चार दिनी महापर्व छठ गुरुवार शाम व शुक्रवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य, आरती व वंदना के बीच उल्लास के साथ संपन्न हो गया। इससे पहले गुरुवार की संध्या छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। आगत उपासकों ने गंगा आरती की। इसे लेकर कोयल नदी में जलप्रवाह के बीच व्रतियों और अन्य लोगों के आधा किमी दूर रेत तक पहुंचने के लिए जुगाड़ से अस्थायी रास्ता बनाया गया था। वहां व्रतियों ने परंपरागत तरीके से भगवान भास्कर व छठ मईया की आराधना की। पारंपरिक गीतों से वातावरण में छठ मईया के प्रति असीम आस्था की बयार बहती रही। पर्व को लेकर रेत पर तंबू लगाने के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक प्रकाश की व्यस्था की गई थी। छठ घाट को सजाने और व्रतियों को हर संभव जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने में युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसमें प्रमोद सिंह, प्रेम सिंह, शानू सिंह, विकास सिंह, रजनीश कुमार, लव व कुश सहित अमन, रौशन के अलावा अन्य कई युवा की भूमिका सराहनीय बताई गई। कोयल नदी में इस घाट के अलावा कादलकुर्मी, शिलापर, बीचलाडीह, भजनियां, कोल्हुआ, वीरधवर, सहारा बहरा, गाजीबिहरा, बडीहा, रानीदेवा व पंसा जबकि पूर्ववर्ती इलाके के व्रतियों ने काशीसोत डैम व नदी के अलावा तालाब किनारे पर इस पर्व को मनाया। बीडीओ सह सीओ रणबीर कुमार व थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के निर्देश के आलोक में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों ने दल बल, शांति और सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले रखा।



## छठ व्रतियों के बीच फल व पूजन सामाग्रियों का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** लोक आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर पिपरा प्रखंड के बभंडी पंचायत के समाज सेवी घनश्याम विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ पंचायत के विभिन्न गांव में घर-घर जाकर छठ व्रतियों के बीच फल व पूजन सामाग्री का वितरण किया। इस मौके पर घनश्याम विश्वकर्मा ने कहा कि छठ पूजा पर भेदभाव से ऊपर उठकर लोक आस्था का महान पर्व है। पंचायत क्षेत्र में पिछले कई सालों से वह लगातार समाज सेवा कर रहे हैं। हर साल छठ का मौके पर व्रतियों के बीच फल व अन्य पूजा सामग्री का वितरण करता रहे हैं। मौके पर अनिल मेहता, अनिमेष सिंह, राहुल विश्वकर्मा, अखिलेश मेहता, शैलेश मेहता,आलोक सिंह, छोटू विश्वकर्मा, विकास मेहता, राजू रंजन विश्वकर्मा, अरुण यादव, रंजन गुप्ता, शिवपूजन मेहता, उत्तम विश्वकर्मा, रंजन गुप्ता, उपेंद्र मेहता, प्रदीप सिंह आदि मौजूद थे।

## श्रद्धालुओं के बीच गंगा आरती आकर्षण का केंद्र रहा



**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व छठ उगते हुए भगवान सूर्य के अर्घ्य देने के साथ शुक्रवार को संपन्न हो गया। चार दिनों तक चले इस महापर्व से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। गुरुवार की शाम को क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर गंगा आरती का आयोजन किया गया। रेहला कोयल छठ घाट के गंगा आरती में सैकड़ों लोग शामिल हुए। विश्रामपुर के शिव छठ घाट, राजघाट पर भी गंगा आरती हुई। सभी घाटों पर आयोजित गंगा आरती श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर विश्रामपुर व रेहला में भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया। मौके पर शिव घाट व राज घाट पूजा कमेटी ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में आरसीयू के डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विस प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद, सपा प्रत्याशी अंजू सिंह,बसपा नेता गोपाल राम,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव,सामाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय,रेहला संत पॉल कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल के निदेशक एसएम एस्ले, मुंशी प्रसाद गुप्ता, समीर त्रिपाठी, रवींद्र नाथ उपाध्याय, पंकज कुमार लाल, ललन सोनी, पेंटर विजय, गोपाल सोनी आदि का नाम प्रमुख है।

## पुलिस ने किया फल व पूजा सामग्री का वितरण

**हरिहरगंज।** लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत की संध्या पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में थाना के समीप स्टॉल लगाकर छठ व्रतियों के बीच फल व पूजा सामग्री का वितरण किया गया। शहर के बटाने नदी छठ घाट, कटैया छठ घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि छठ पवित्रता व आस्था का पर्व है. उन्होंने सभी छठ व्रतियों को शुभकामना देते हुए कहा कि पुलिस क्षेत्र में व्रत को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए तत्पर है। इस अवसर पर थाना प्रभारी के अलावे एसआइ सतीश कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार सिंह, राकेश कुमार, शशि शेखर झा, वायरलेस ऑपरेटर अनुराधा कुमारी, सहायक पुलिस आरती कुमारी, सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थें।

## उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ संपन्न

**सतबरवा।** प्रखंड के आसपास के क्षेत्रों में उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ निर्जला उपवास छठ संपन्न हो गया। नदी, तालाबों में सुबह से ही उगते सूर्य को अर्घ्य देने को लेकर कतार में छठवर्तियों ने पूजा-अर्चना के बाद फल, प्रसादों से भरा हुआ सूप से सूर्य को अर्घ्य दिया। पंडित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दूध से अर्घ्य दिलवाया। सतबरवा लक्ष्मण छठ घाट संघ के अध्यक्ष चंदन कुमार समेत पूरी कमेटी व नवयुवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार मेहनत का नतीजा रहा की लक्ष्मण घाट में काफी बेहतर दिख रहा था। सूर्य मंदिर व छठ घाट समेत पूरे रास्ते को रंग-बिरंगे लाइटों से सजाया गया था। हर तरफ साफ-सफाई के साथ मोटर द्वारा स्वचालित दर्जनों झरने का व्यवस्था लगा हुआ था। रामघाट में भी छठ व्रतियों के लिए टेंट की व्यवस्था की गई थी, जिसमें रात भर छठ व्रतियों अपने घाट को जगाते रहे। सुबह में मलय नदी में उदयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। इसी प्रकार हुड़मुड़, रजडेरवा, खामडीह, कोईली नदी रेवारातू, चांपी, बोहिता, औरंगा नदी फुलवरिया के अलावा अन्य नदी तालाब में भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार के नेतृत्व में लक्ष्मण घाट, रामघाट समेत पूरे घाट में शांति व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया जाता रहा। पूर्व सरपंच नंदकिशोर प्रसाद, नियोग संघ के अध्यक्ष संजय प्रसाद गुड्डू प्रसाद, सतोष दिवाना, कुंदन जायसवाल, अरुण जायसवाल, ओम प्रकाश शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## केएन त्रिपाठी ने व्रतियों से आर्शीवाद लिया

**सतबरवा।** इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी ने सतबरवा के लक्ष्मण घाट, रामघाट, दुलसुलमा, पोंची,बारी समेत कई घाटों पर जाकर प्रसाद ग्रहण किया और लोगों को शुभकामनाएं दी। भगवान भाष्कर समेत छठ व्रतियों से आशीर्वाद मांगा। मौके पर विवेका त्रिपाठी, संत ज्ञान शुक्ला उर्फ गुड्डू शुक्ला, पंकज कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## व्रतियों के बीच फल का वितरण किया

**हरिहरगंज।** आस्था का महान पर्व छठ व्रत को लेकर हरिहरगंज शहर के थाना रोड़ में सियरभूका गांव के समीप में समाज सेवी मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा द्वारा छठ व्रतधारियों के बीच स्टॉल लगाकर फल व पूजन सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि व्रतियों के बीच फल का वितरण करना पुण्य का काम है। छठ पूजा पर भेदभाव से ऊपर उठकर लोक आस्था का महान पर्व है। सामग्री वितरण कार्यक्रम में मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, शिक्षक सुरेश कुमार सिंह, बसंत मेहता, हरि मेहता, जितेंद्र मेहता, कामदेव शर्मा, हरी प्रसाद, राजू मेहता, महावीर मेहता, राजेश मेहता उर्फ मुखिया जी, रामाशीष मेहता, मो. असलम, दिलीप मेहता, महावीर मेहता, डॉ लक्ष्मण प्रसाद, धनंजय मेहता, भोला गुप्ता, गोपाल प्रसाद आदि शामिल थें।

## पलामू किला का दो दिवसीय मेला शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतरबरवा।** छठ पूजा की पारण के दिन से औरंगा नदी के तट पर स्थित सतबरवा प्रखंड के फुलवरिया में राजा मेदिनी राय की याद में लगने वाला दो दिवसीय पलामू किला मेला शुक्रवार से शुरू हो गया। जतरा मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि मेला में झुला से लेकर होटल व कई तरह के दुकान सजने लगे हैं। मेला आयोजन समिति ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। शुक्रवार को भी हजारों की संख्या में लोग राजा मेदिनीराय के किला का दीदार करने पहुंचे। मेला में लगी दुकान में परंपरागत देशी मिठाई के साथ लक्ष्मण झुला, मौत का कुंआ के साथ होटलों के साथ पान दुकान और मिनरल वाटर, मछली, मांस, हड़ीया, शराब ,झंडी मुंडी, रिंग, तीन पत्ता की दुकानें भी सजने लगी है।

## अर्घ्य देने के दौरान 45 वर्षीय महिला की मौत

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत अंतर्गत गम्हरिया छठ घाट पर पहला अर्घ्य देने के दौरान गम्हरिया निवासी सुदामा पासवान की 45 वर्षीय पत्नी आशा देवी की मौत हो गई। सुदामा पासवान ने बताया कि आशा देवी निर्जला उपवास की थी। वह अपने आवास से पूरे परिवार के साथ धूमधाम से छठ घाट पहुंची। दतवन कर जल में स्नान कर घाट के उपर चढ़ने के दौरान हिचकी आई और वहीं गिर पड़ी। परिजनों तत्काल चिकित्सक से जांच कराई, वहां चिकित्सक ने हार्ट अटैक से मौत होना बताते हुए उन्हें मृत घोषित कर दिया। छठ महापर्व का उल्लास पर्व मातम में तब्दील हो गया। हालांकि घाट पर अन्य लोगों ने छठ पूजा की।

## आस्था का महापर्व संपन्न, व्रतियों ने छठ माता को किया विदा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र में चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार को पूरी आस्था के साथ संपन्न हो गई। व्रतधारियों ने सुबह चार बजे से ही अपने घाट पर जुटना शुरू किया। प्रातः साढ़े बजे के बाद श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर नमन किया। इसके साथ समस्त परिवारों के सुख, समृद्धि की कामना की। खरना के बाद लगातार 36 घंटे तक उपवास पर रहे व्रतधारियो ने बीते कठोर संकट में सकुशल व्रत संपन्न होने पर भगवान भास्कर के प्रति अटूट आस्था भी जताया। उन्होंने विधिवत घाट पर पूजन, हवन के साथ ही भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर व्रतधारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस पावन पर्व पर कई घाटों पर सफाई व लाइटनिंग का कार्य के साथ गंगा आरती के आयोजन में विजेता क्लब और जगराता क्लब का अहम योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है। इसके नवयुवकों ने छठ व्रतधारियों के विशेष ध्यान में रखकर अनुष्ठान में किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो, इसके लिए छठ पूजा के दस दिन पूर्व से ही कोयल, सदाबह सहित अन्य नदी स्थित घाट, पोखर, तालाब की साफ सफाई का कार्य जारी रखा है। कोयल नदी घाट, सिंचाई नहर घाट तक श्रद्धालुओ को जाने के लिए लाइटिंग व सजावट का काम भी युद्ध स्तर पर किया गया। वहीं हैदरनगर के सदाबह नदी के तट पर गंगा आरती का भव्य आयोजन किया गया।

**विस चुनाव 2024**

## होम वोटिंग व्यवस्था से दिव्यांग, वृद्ध मतदाताओं में खुशी

# 85 में 73 मतदाताओं ने घर पर ही किया मतदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हुसैनाबाद विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए महज पांच दिन ही मतदान का समय शेष रह गया है। चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र में भी 3 से 7 नवंबर तक दिव्यांग, वृद्ध, असहाय मतदाताओं का मतदान उनके घर पर ही कराया गया। बीडीओ सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने बताया कि इस प्रखंड के विभिन्न गांवों में कुल 85 दिव्यांग, वृद्ध व असहाय मतदाताओं को चिन्हित किया गया था। उनमें 73 मतदाताओं को घर पर ही मतदान कराने की पुष्टि हो गई है। विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए घर से वोट डालने की सुविधा से इन मतदाताओं और उनके परिजनों में चुनाव आयोग और प्रशासन की इस व्यवस्था पर उत्साह है। हैदरनगर बाजार में दिव्यांग विनोद प्रसाद का घर पर ही पुत्र राजेश कुमार और पुलिस जवान की मदद से कराए गए मतदान के परिजनों ने मतदान दल में शामिल सभी कर्मियों को आभार जताया है। सहायक निर्वाची पदाधिकारी बीडीओ ने बताया कि विधानसभा चुनाव में पहले चरण की वोटिंग 13 नवंबर को होगी। इस मतदान के लिए घर से वोट डालने की सुविधा असहायों की दी गई थी। इसके लिए प्रशिक्षण के बाद विशेष वोटिंग ग्रुप को बनाया गया था। इस सुविधा के तहत मतदान दल मतदाता के घर जाकर मतदान कराते हैं। विशेष मतदान दल डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान कराते हैं।

## छठ घाटों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**नीलांबर पीतांबरपुर** संसार को प्रकाशित करने वाले सूर्य देवता से धन धान्य से संम्पन रखने और परिवार की लंबी आयु की कामना के साथ जलाशय में खड़े महिला पुरुष छठव्रतियों के उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। पूजा का समापन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठव्रतियों घर लौट कर कच्चे दूध का शरबत पीकर व प्रसाद खाकर किया। छठ घाटों पर विभिन्न जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। प्रखंड के कोटखास, लेस्लीगंज, गोपालगंज, कुराईनपतरा, ढेला, कठौंधा, राजोगाड़ी, कुंदरी, जगतपुरवा, जुरु, पूर्णाडीह, मुंदरिया सोनेसरई, झरकटिया, नौडीहा, भकासी सहित अन्य गांव के नदी तालाबों के छठ घाट जाने वाले मार्ग को पूजा समिति, स्थानीय जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों द्वारा सफाई की गई। थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में छठ घाट जाने के क्रम में व्रतियों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ संपन्न

**– घाटों पर दिखा आस्था और परंपरा का बेजोड़ संगम**
**– घाटों पर गंगा आरती का आयोजन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सूर्योपासना का त्योहार छठ महापर्व शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। छठ महापर्व के चार दिन के अनुष्ठान के आखिरी दिन छठ व्रतियों ने छठ मैया की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मंगल कामना की। कोयल नदी पर कोयल रिवर फ्रंट, हमीदगंज सूर्य मंदिर,सूदना,पंपू कल अमानत नदी तट पर सिंगरा,जोड़ बड़कागांव घाट,जमूने भैंसाखुर घाट, कचरवा डैम सहित विभिन्न जगहों पर बनाए गए छठ घाटों पर सूर्य अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। नहाय खाय से शुरू हुआ यह चार दिवसीय पर्व सुबह के अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हुआ। व्रतियों ने 36 घंटे के निर्जला व्रत के बाद पारण किया। जिला प्रशासन तथा नगर निगम द्वारा विभिन्न घाटों पर छठ पूजा को लेकर भव्य इंतजाम किए गए थे। वहीं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस भी पूरी तरह मुस्तैद थी। इस दौरान पारंपरिक छठ गीतों में मरबो रे सुगवा धनुष से... कांच ही बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए...से माहौल भक्तिमय बना रहा था।





**घाटों पर श्रद्धालुओं की लगी भीड़ :** शुक्रवार सुबह चार बजे से ही छठ घाटों पर श्रद्धालु जुटना शुरू हो गए थे। घाट दीयों के प्रकाश से जगमगा रहा था। महिलाओं के साथ पुरुष फल की टोकरी सिर पर लिए दिखाई दिए,वहीं व्रतियों द्वारा पानी में खड़े होकर सूर्य की आराधना की गई। सुबह जैसे ही सूर्य की पहली किरण दिखाई दी व्रतियों ने अर्घ्य देकर पूजा संपन्न की। इस दौरान घाटों पर युवाओं और बच्चों में भी गजब का उत्साह देखा गया।

**कई छठ घाट पर हुई गंगा आरती :** लायंस क्लब द्वारा अमानत नदी सिंगरा तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। कोयल रिवर फ्रंट पर भी पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं पूर्व मेयर अरुणा शंकर की ओर से गंगा आरती का आयोजन किया था, जिसमें कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। जोड़ आदि घाट पर भी गंगा आरती का आयोजन हुआ। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने अमानत नदी तट पर छठ महापर्व का अनुष्ठान किया। पलामू आईजी नरेंद्र सिंह भी सपरिवार मौजूद थे।

**बड़ी संख्या में उमड़ी व्रतियों की भीड़ :** आस्था का महापर्व छठ पूजा शुक्रवार सुबह उदीयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। पिछले 36 घंटे से निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं व अन्य श्रद्धालुओं ने अपना व्रत खोला। चार दिवसीय लोकप्रिय त्योहार का शुभारंभ नहाय खाय से हुआ था। इसके पूर्व श्रद्धालुओं ने गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर उनकी पूजा की। व्रतियों ने उपस्थित लोगों के बीच ठेंकुआ,चावल-गुड़,केला और सेव आदि फल का प्रसाद वितरित किया।

**व्रतियों ने खोला 48 घंटे का निर्जला व्रत :** गुरुवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इसे लेकर दोपहर से ही व्रती अर्घ्य देने विभिन्न छठ घाटों पर पंहुचने लगे थे। सबसे अधिक चहल पहल अमानत नदी तट के सिंगरा घाट पर देखने को मिली। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का पावन समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने सूर्य उदय से पहले के जल में कई घंटों तक खड़े रहकर सूर्य की पहली किरण को अर्घ्य अर्पित किया और छठी मैया का पूजन कर अपना 48 घंटे का निर्जला व्रत खोला।

## सामाजिक, धार्मिक संगठनों ने व्रतियों के बीच बांटे फल व पूजन सामग्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छठ महापर्व को लेकर मेदिनीनगर शहर में चंहुओर भक्तिमय माहौल देखने को मिला। पर्व को लेकर विभिन्न घाटों समेत चौराहों पर छठ पर्व की गीत सुनाई दिए। इस दौरान विभिन्न घाटों पर विधानसभा चुनाव को लेकर अलग-अलग दलों के प्रत्याशियों ने छठ व्रतियों के बीच पंहुचकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। पर्व को लेकर सभी चौक सहित गलियों में विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की गई थी। जिससे शहर की खूबसूरती देखते ही बनती थी। शहर के लगभग सभी गलियों में व्रतियों के घाट तक जाने वाले रास्तों पर पानी का छिड़काव किया था। पर्व के अवसर पर विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठन छठ व्रतियों के लिए पूजन सामग्री वितरित किया। लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर,राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी,वरदान चेरिटेबल ट्रस्ट,संस्कार क्लब, श्री कृष्णा क्लब ,एकता संघ ,जय मां शेरावाली क्लब रेड़मा, जय मां शारदे बाल समाज बायपास रोड,गुप्ता समाज बैरिया समेत तमाम संगठनों ने छठ व्रतियों के बीच



फल,नारियल,अगरबत्ती,दूध,पूजन सामग्री आदि का वितरण किया। व्रतियों ने विभिन्न छठ घाटों से लौटने के क्रम में सभी संगठनों को प्रसाद के रूप के ठेंकूआ गन्ना और फल दिया। पूजन सामग्री का वितरण कर रहे जय मां शेरावाली क्लब के मनीष ओझा ने बताया कि छठ पूजा को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। हर वर्षहमारे क्लब द्वारा पूजन सामग्री एवं कच्चा दूध व्रतियों के लिए उपलब्ध कराया जाता है। संस्कार क्लब के पंकज गुप्ता ने बताया कि एक हजार से भी अधिक व्रतियों के बीच विभिन्न प्रकार की पूजन सामग्री एवं फल बांटे गए।इस महापर्व में सभी जिससे जितना बन पड़ता है उतना योगदान करता है।

### राज्य की खुशहाली के लिए भाजपा की सरकार बनाएं : श्यामनारायण दुबे

**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ पलामू जिला इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रो. राणा प्रताप सिंह ने की। प्रमंडलीय प्रभारी संतोष दुबे की उपस्थित थे। मुख्य वक्ता के तौर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि वर्तमान की हेमंत सरकार की नीतियों ने राज्य में अराजकता का माहौल पैदा कर दिया है। यह आवश्यक है कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार बने ताकि राज्य की बदहाली को दूर किया जा सके। बैठक में राज्य के खुशहाली, शांति, सुरक्षा सुदृढ़ करने के लिए भाजपा की सरकार बनाने की बात कही गई। साथ ही भाजपा की विचारों को आम लोगों तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।

## छठ महापर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छठ महापर्व को लेकर किसी भी तरह की अनहोनी नहीं हो इसको लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग दिखी। शहर थाना अंतर्गत छोटे-बड़े सभी घाटों पर पुलिस के साथ नदी मे घोताखोर मुस्तैद दिखे। शहर थाना के प्रमुख छहमुहान, रेड़मा चौक, जेलहाता चौक, सदिक मंजिल चौक, साहित्य समाज चौक, हॉस्पिटल चौक, बैरिया चौक, विसफुटा पर पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की गई थी। साथ ही टाइगर जवान पूरे शहरी क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। छठ महापर्व को लेकर 203 जवान



के साथ शहर थाना के जवानों को शहर के विभिन्न छठ घाटों व चौक-चौराहों पर भी जवानों को तैनात किया गया था। छठ महापर्व को लेकर के कई जगहों पर जाम की स्थिति तो बनी पर प्रशासन की सूझबूझ से उसे तुरंत ही नियंत्रण में कर लिया गया।

## अनियंत्रित बाइक नहर में गिरी, दो की घटना स्थल पर मौत, एक गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जिले के हुसैनाबाद में गुरुवार की देर शाम जपला नवीनगर मुख्य नहर रोड में लोटनियां गांव के समीप तेज रफ्तार बाइक नहर पुल से टकराने से बाइक पर सवार दो युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से हुसैनाबाद पुलिस ने सभी को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार मृतकों में बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 के रामपुर निवासी 18 वर्षीय रॉकी कुमार व 20 वर्षीय राहुल कुमार का नाम शामिल हैं। इसी मुहल्ले का बिट्टू कुमार पासवान गंभीर रूप से घायल है। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मंजूर आलम ने बताया कि बिट्टू कुमार पासवान की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। घायल के परिजन सुविधा के अनुसार उसे इलाज के लिए औरंगाबाद ले गये। परिजनों के मुताबिक घर में छठ पूजा हुआ था। तीनों युवक देर शाम एक ही बाइक पर सवार होकर जपला आ रहे थे। इस बीच लोटनिया पुल के समीप बाइक अनियंत्रित होकर पुल से टकरा गई। जपला क्यों जा रहे थे, परिजनों को भी इसकी कोई जानकारी नहीं थी। घायल बिट्टू कुमार पासवान को चिकित्सक ने इलाज के बाद उसका पता पूछ कर परिजनों को मोबाइल फोन पर घटना की जानकारी दी गई। देर रात परिजन विलाप करते अस्पताल पहुंचे। सुबह दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। घायल युवक का प्रारंभिक इलाज हुसैनाबाद में करने के बाद उसे रात में ही रेफर किया गया।

## पंसा के सूर्य मंदिर प्रांगण में उमड़ी व्रतियों की आस्था

**गंगा व सूर्य आरती और रंगोली बना आकर्षण का केंद्र**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रकृति प्रेम व छठी मईया के प्रति असीम आस्था का महापर्व छठ कोयल तटवर्ती पंसा स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में पारंपरिक रूप में मनाया गया। जहां अस्ताचलगामी व उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दान के साथ ही मां गंगा व सूर्य देव की भव्य आरती व रंगोली आस्था और आकर्षण का केंद्र बना रहा। रंगोली को लेकर इसे बनाने वाले युवा साहिल सिंह की तारीफ की गई। अन्य सैकड़ों व्रतियों के साथ जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के लिपिक रामलखन सिंह ने धर्मपत्नी निशा सिंह के साथ प्रथम वर्ष छठी मईया का व्रत रखा। सूर्योपासना की। अर्घ्य दान किया। इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से उपेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, अश्विनी कुमार सिंह,भरत सिंह, कपिलदेव सिंह, उमराव सिंह, जेपी मेहता, उदय मेहता, बसंत राम, राम प्रसाद मेहता, नगीना सिंह, साधु सिंह, विक्की सिंह, सौरभ विश्वकर्मा और रीतू सिंह सहित समस्त नव युवकों संग



ग्रामीणों का सहयोग मिला। श्री लक्ष्मी प्रपन्ना जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में 26 अक्टूबर को संपन्न श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के बाद छठ महापर्व के वृहद आयोजन से सनातन संस्कृति के मुख्य केंद्र के रूप में पंसा गांव की भी पहचान बढ गई है।

### अज्ञात साइबर अपराधियों के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज

**मेदिनीनगर।** जिले में स्वच्छ व निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न कराने को लेकर विभिन्न स्तर पर कार्य किये जा रहें हैं। इस क्रम में हुसैनाबाद विधानसभा अंतर्गत अज्ञात साइबर अपराधियों के विरुद्ध हुसैनाबद थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

**क्या है पूरा मामला :** विधानसभा चुनाव 2024 के अवसर पर निर्वाचन लड़ रहे विभिन्न प्रत्याशियों को जनसभा की अनुमति लेने के लिये सुविधा एप्लिकेशन पर आवेदन करना होता है, जिसके पश्चात संबंधित प्रत्याशियों को अनुमति प्रदान की जाती है। इस एप्लिकेशन में बहुजन समाज पार्टी के चुनाव अभिकर्ता गणेश कुमार चौधरी द्वारा आवेदन दिया गया है, जिसमें 30 अक्टूबर को आवेदन करने पर 6 नवंबर, 31 अक्टूबर को आवेदन करने पर 7 नवंबर, 1 नवंबर को आवेदन करने पर 8 नवंबर की परमिशन हुसैनाबद के कर्पूरी मैदान के लिए दी जा रही थी, लेकिन भाजपा प्रत्याशी द्वारा 30 अक्टूबर को ही 10 व 11 नवंबर के लिए सफलता पूर्वक आवेदन कर दिया गया है, जो निर्धारित अवधि 7 दिन से अधिक है।

### छहमुहान व रेड़मा में चला सघन जांच अभियान

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में रेड़मा और छहमुहान पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया वह दो पहिया वाहनों की सघनता से जांच की गई। इस दौरान कई दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के थे। कार सवार को सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चलाने के लिए कहा गया। साथ ही उन्होंने सीट बेल्ट पहन कर कार चलाने तथा हेलमेट पहनकर बाइक चलाने का फायदे भी चालक को बताएं। ट्रैफिक प्रभारी समाज अहमद ने बताया कि इस तरह की जांच हर दिन चलाई जा रही है। उन्होंने कार चालक को व बाइक चालकों से अपील की कि गाड़ी का कागज और ड्राइविंग लाइसेंस लेकर के ही घर से निकले। मौके पर ट्रैफिक प्रभारी के साथ उनके सहयोगी भी मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता को लेकर 9 व 13 को चलेगा सोशल मीडिया हैशटैग अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त सभी मतदाताओं को आवश्यक रूप से मतदान करवाने के लिए वृहत जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इसे लेकर 9 नवंबर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक जिला अंतर्गत सभी सरकारी कार्यालयों, महाविद्यालयों, उच्च विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, व्यावसायिक संगठनों, बूथ अवेरनेस ग्रुप, कार्यालयों में गठित वीएएफ सदस्यों व अन्य प्रतिष्ठानों, संस्थाओं के माध्यम से हैशटैग अभियान सोशल मीडिया पर चलाया जायेगा। इस दौरान कोई भी मतदाता या व्यक्ति आगामी विधानसभा चुनाव से जुड़े कुछ




भी पोस्टर, वीडियो या कोई अन्य जागरूकता संदेश हैशटैग के साथ अपने सोशल मीडिया के हैंडल पर पोस्ट कर सकते हैं।

**मतदान के दिन भी सुबह 7 से शाम 5 बजे तक चलेगा अभियानः जिला निर्वाचन पदाधिकारी**

यह अभियान 13 नवंबर को भी चलाया जायेगा। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने बताया कि मतदान के दिन प्रातः 7 बजे से ही सभी बूथों पर वोटिंग शुरू हो जायेगा, जो शाम 5 बजे तक चलेगा। इस दौरान सभी बूथों पर अपना मतदान करने के बाद अपना सेल्फी लेकर अपने सोशल मीडिया के हैंडल पर हैशटैग के साथ अपलोड करें, ताकि सोशल मीडिया पर आपके पोस्ट को देख दूसरे मतदाता भी प्रेरित होकर अपने बूथ पर जाकर अपना मतदान करें। उन्होंने 9 नवंबर, 13 नवंबर को सोशल मीडिया के इस अभियान को सफल बनाने को लेकर सभी से सहयोग की अपील की है। उन्होंने सभी से आगामी बुधवार को अपना मतदान करने की अपील की है।

## छठ घाटों पर ईख के बंधन में दिखी पारिवारिक एकजुटता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** छठ महापर्व में विभिन्न घाटों पर आध्यात्मिक आस्था के साथ ही पारिवारिक एकजुटता व सामाजिक समरता का भी नजारा देखने को मिला। जहां सभी जातियों के व्रतधारी एक ही पंक्तियों अथवा पात में नजर आए। वहीं अलग-अलग घरों और चूल्हों में बटें परिवार के व्रतधारी एक ही स्थान पर ईख के मोटे और मजबूत बंधन तले छठी मईया की महिमा का कायल दिखे। इसे लेकर माहौल में हंसी-खुशी व प्रेम की भावनात्मकता का परिदृश्य झलकता रहा। इस प्रकार छठमहापर्व को लोक आस्था के साथ ही पारिवारिक एकजुटता और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देने वाले त्योहार का रूप माना जा सकता है। यह कहना गलत नहीं होगा।

## बंद पड़े एक ही घर के तीन फ्लैट से लाखों की चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना अंतर्गत चियांकी में छठ पर्व पर बंद पड़े एक ही घर के तीन फ्लैट में चोरों ने हाथ साफ किया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चोर अपने साथ फ्लैट में रखें कुछ नकद रुपए, लैपटॉप व अन्य सामान अपने साथ ले गए हैं। यह चोरी की घटना चियांकी स्थित अवध इंटरनेशनल स्कूल के पास स्थित घर में घटी। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार खोजी कुते के साथ मौके पर पहुंचे। इस संबंध में अभी तक थाने में प्राथमिकी दर्ज नहीं करायी गयी है। जानकारी के अनुसार चोरी मकान मालिक देवेंद्र नाथ चौबे, उनके घर में रह रहे दो किराएदार अभय तिवारी व विकास कुमार तिवारी के यहां हुई। किराएदार अभय तिवारी के अनुसार मकान मालिक गढ़वा स्थित अपने पैतृक गांव में छठ पर्व मनाने गये थे। अभय तिवारी और विकास तिवारी भी छठ पर्व अन्यत्र स्थान पर मनाने गये थे। अभय तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार संभवतः घटना मध्य रात्रि में घटी है। शुक्रवार की सुबह जब मोबाइल में कैमरा चेक किया तब उन्हें कुछ संदेह हुआ। इसके बाद में फ्लैट पर पहुंचे तो पाया कि सभी ताले टूटे हुए हैं। सूचना पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार सहित अन्य पुलिस कर्मी भी जांच के लिए पंहुचे। उन्होंने कहा कि मकान में




रहने वाले लोगों द्वारा अभी पूरे घर के सामान की जांच की जा रही है। आप जानकारी के अनुसार मकान मालिक के घर से 4 से 5 हजार नकद तथा छोटे-मोटे गहनें की चोरी हुई है। पहले किरायेदार के फ्लैट से 30 से 40 हजार नकद एक लैपटॉप और अन्य सामान कर अपने साथ ले गए हैं। जबकि दूसरे फ्लैट के किराएदार के यहां से किसी भी प्रकार की चोरी नहीं होने का पता चला है। उसके बाद शहर थाना में आवेदन दिया जाएगा। गायब संपति बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि दो घर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दिया गया है। डीवीआर चोर लेते गए हैं। ग्रिल के ताले को तोड़कर अंदर घुसे हैं। सभी अलमीरा के लॉक को काट दिया गया है।

### आस्था व विश्वास का पर्व छठ संपन्न

# व्रतियों ने डूबते व उगते सूर्य को दिया अर्घ्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा को लेकर अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के जलाशयों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। व्रतियों में छठी मईया के पूजन के प्रति दिखता उत्साह दूसरों भी श्रद्धा से नतमस्तक करता रहा। छठ व्रतियों ने पूरे विधि विधान के साथ शाम में अस्ताचलगामी डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। दोपहर के बाद से ही व्रती के साथ घर के अन्य सदस्यों का कदम छठ घाट की ओर बढ़ने लगे थे। छठ पूजा को लेकर लोगों में छठ घाट पर उत्साह देखा गया। मन्नत पूरी होने पर तमाम श्रद्धालु दंडवत करते हुए छठ घाट पर पहुंचे। दंडवत कर घाट पर जाने वाले छठ वर्तियों के पैर छूने और आशीर्वाद लेने की भी होड़ देखी गई। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य पीछे-पीछे पूजन सामग्री का दउरा लेकर छठ गीत गाते हुए चल रहे थे। घाट पर पहुंचने के बाद व्रतियों ने पवित्र जलाशयों में स्नान किया और पुत्र प्राप्ति, सुख समृद्धि, रोग मुक्ति आदि की कामना करते हुए अस्ताचलगामी डूबते सूर्य भगवान भाष्कर को अर्घ्य प्रदान किया। कांच ही बांस के बहंगिया... केलवा के पात पर उगेलन सूरज देव.. उग हो सूरज देव... जैसे पारंपरिक छठ गीतों से छठ घाट गूंजता रहा। व्रतियों ने पूरी रात छठी मईया के कठिन आराधना में लीन रहे। श्री बंशीधर नगर में विश्व विख्यात बाबा बंशीधर मंदिर स्थित बाकी नदी तट पर अवस्थित अति प्राचीन सूर्य मंदिर परिसर के छठ घाट पर बड़ी हजारों संख्या में छठ व्रतियों ने छठ महापर्व किया। झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार सहित कई राज्यों से श्रद्धालु यहां आकर छठ पूजा की।

### संतान प्राप्ति के लिए भी करते हैं छठ पूजा

छठ पूजा के दौरान शादीशुदा महिलाओं ने सूर्य को अर्घ्य देकर संस्कारवान और स्वस्थ संतान प्राप्ति के लिए भगवान राम और सूर्यदेव से प्रार्थना की। ऐसा माना जाता कि संतान प्राप्ति के लिए छठ पर्व का बड़ा महत्व है। कहते हैं इस व्रत से संतान सुख प्राप्त होता है। ऐसी मान्यता है कि जब पांडव जुए में अपना सारा राज-पाट हार गए, तब द्रौपदी बहुत दुःखी थी। तब श्रीकृष्ण भगवान ने उन्हें सूर्योपासना करने की सलाह दी। सूर्य उपासना से उन्हें अक्षय भोजन पात्र मिला जिसमें भोजन कभी कम नहीं पड़ता था। पुराणों के अनुसार सूर्य की पहली किरण को ही सविता शक्ति अथवा छठी मईया भी कहा जाता है। सबसे पहले द्रौपदी ने छठ का व्रत किया था। तब से मान्यता है कि व्रत के सूर्योपासना करने से द्रौपदी की तरह सभी व्रती की मनोकामना पूरी होती है।

### दूधिया रौशनी से जगमगाया छठ घाट

छठ महापर्व के अवसर पर सूर्य मंदिर छठ घाट सहित सभी छठ घाट दूधिया रौशनी से जगमग था। श्रद्धालुओं की भीड़ देर रात तक मेले में घूमते हुए नजर आए। बड़ों के साथ साथ बच्चें भी देर रात के मेले का आनंद उठाते रहें। मेला में लगे स्टॉल में बच्चे अपने मनपसंद के खिलौने, चाट, चाउमीन,बर्गर, पिज्जा आदि स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाते रहें। सूर्य मंदिर छठ घाट को जय भामाशाह क्लब सब्जी मार्केट,नव युवक क्लब चचेरिया, प्रभात क्लब सहित विभिन्न कमिटियों के सहयोग से छठ घाट को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। छठ घाट पर हर तरफ झालर, बत्ती व लाइट की रोशनी से पूरी रात जगमग रहा। जलाशयों के पानी में लाइट की रौशनी पढ़ते ही एक अलग ही प्रकार के आनंद की अनुभूति का एहसास हो रहा था। व्रत धारियों के स्नान के कृत्रिम झरना लगाए गए थे।

### पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहे

छठ महापर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिख रहे थे। इस दौरान पूजा स्थल पर पुलिस की भी चाक-चौबंद व्यवस्था रही। पूरी रात पुलिस बल के जवानों ने छठ घाट पर तैनात रहे। वहीं थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक अपने दल बल के साथ पूरी रात छठ घाटों पर जायजा लेते दिखे। असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रही।

## छठ घाट पर दो महिलाओं ने पुत्र व पुत्री को दिया जन्म



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार (गढ़वा)।** लोक आस्था का महापर्व छठ के दिन नारायण वन छठ घाट पर दो महिलाओं ने एक पुत्र और एक पुत्री को जन्म दिया। जानकारी के अनुसार दोनों महिलाएं पिछली बार छठ में पुत्र और पुत्री प्राप्ति की मन्नतें के साथ छठ पर्व नारायण वन में आकर की थी। इस बार वह अपने रिश्तेदार के साथ आए थे। इनमें नगर उंटारी थाना क्षेत्र के गरबांध गांव निवासी विकास राम की पत्नी आरती देवी को छठ घाट पर अचानक प्रसव पीड़ा होने के बाद मेडिकल कैंप में लाया गया। मेडिकल टीम द्वारा महिला को मुकुन्दपुर के उप स्वास्थ्य केन्द्र ले जाने के क्रम में ही महिला ने नारायण वन में एंबुलेंस पर ही पुत्री को जन्म दिया। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के कोण थाना क्षेत्र के समैलवा गांव निवासी जितेंद्र सिंह की पत्नी गुंजा देवी ने नारायण के मेडिकल कैंप में ही पुत्र को जन्म दिया। एएनएम अंचला कुमारी और सुलेखा कुमारी ने दोनों महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराया। दोनों महिलाएं आरती और गुंजा ने बताया की पिछले बार जब छठ करने आये थे तो पुत्र और पुत्री प्राप्ति के लिए छठी मईया से मन्नतें मांगी थी, आज छठी मईया ने मन्नत पूरी कर दी। दोनों महिलाओं ने बताया की वह हर वर्ष नारायण वन में छठ पूजा करने आयेगी।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**भवनाथपुर।** केतार मुख्य पथ पर गुरुवार की रात्रि 7 बजे सिंघीताली के हरिचरण मोड़ के समीप दो बाइक के टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में रमुना निवासी अजय प्रजापति,खरौंधी थाना क्षेत्र के कूपा निवासी सुशील प्रजापति,कूपा के नंदरे टोला निवासी सोनू यादव का नाम शामिल है। सभी घायलों को भवनाथपुर पुलिस प्रशासन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां पर तैनात चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद अजय प्रजापति की स्थिति गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

## उदीयमान भगवान भाष्कर को अर्घ्य के साथ महापर्व छठ संपन्न




**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। चार दिनों तक चले इस पर्व का समापन शुक्रवार सुबह उदीयमान भगवान भाष्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ हुआ। छठ व्रतियों ने 36 घंटे के निर्जला उपवास का पारण छठ का प्रसाद ग्रहण कर किया और मंदिरों में पूजा-अर्चना की। सुबह से ही सूर्य को अर्घ्य देने के लिए प्रखंड के सूर्य मंदिर करिवाडीह, सिसरी, डोमनी नदी खरौंधी, राजी, अमरोरा, मझिगांवा, लामी सरहिया, खोखा, सुंडी चौरिया, कूपा, अरंगी, पिपरा आदि पर श्रद्धालुओं का तांता लग गया। सभी श्रद्धालु अर्घ्य देकर पुण्य का लाभ प्राप्त करना चाहते थे। बीडीओ रविन्द्र कुमार, थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी, प्रमुख आभा रानी समेत कई जनप्रतिनिधियों व समाज सेवियों ने छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। छठ घाटों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और युवाओं के सहयोग से पंडाल, लाइट, टेंट, स्नान के लिए फव्वारे की व्यवस्था की गई थी। पूरे प्रखंड में छठ गीतों की गूंज सुनाई दी, भक्तिमय वातावरण बना रहा। प्रशासन ने शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा, जिससे चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## छठ पर्व प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** लोक आस्था का महापर्व छठ चिनियां प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में हर्षोउल्लास के साथ शुक्रवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। सुबह से ही व्रती सूर्य देव के दर्शन के लिए पानी में खड़े रहे। मुख्यालय स्थित नवयुवक छठ पूजा के नेतृत्व में थाना के पीछे छठ घाट पर इस बार लगभग ढाई सौ छठ व्रती द्वारा छठ किया गया। इसमें कमेटी के लोगों द्वारा छठ घाट को सजाया गया था। इस दौरान रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। गुरुवार की देर रात से उत्तर प्रदेश के भजन गायिका शालिनी श्रीवास्तव द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत व छठ गीत प्रस्तुत किया गया। दर्शकों ने पूरी रात लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में मैथिली छठ भक्ति गीतों पर दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया। कार्यक्रम की शुरूआत में छठ पूजा समिति द्वारा मुखिया जाहेरा बीवी, बीडीसी रूपा देवी, प्राचार्य मो. यासीन मलिक,झामुमो नेता अरविंद यादव, बंशीधर यादव, मोहम्मद फरीद, भाजपा नेता कपिल प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, विश्वास प्रसाद, पुरोहित व गणमान्य को साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। छठ व्रतियों के लिए लक्की ड्रा, बच्चों के लिए डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सुबह 5 बजे से ही सभी प्रतिभागियों को इनाम देकर सम्मानित किया गया। बताते चले कि चिनियां नवयुवक छठ पूजा समिति द्वारा हर वर्ष कुछ नया किया जाता है। इस छठ घाट पर हर साल आम लोगों के लिए लक्की ड्रॉ का भी आयोजन किया जाता है। प्रथम पुरस्कार मोटरसाइकिल होता है। इस वर्ष आचार संहिता लगे होने के कारण यह कार्यक्रम नहीं हो पाया। निर्णय लिया गया कि अगले लक्की ड्रॉ का आयोजन करेंगे, जिसमें प्रथम पुरस्कार फोर व्हीलर होगा। प्रखंड क्षेत्र में इस बार भी चिनियां थाना के पीछे यह छठ घाट इस बार भी छठ व्रतियों के लिए शानदार रहा। घाट पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

### बसपा सुप्रीमो की जनसभा 10 को

**हरिहरगंज।** हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र से बसपा उम्मीदवार पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के पक्ष में आगामी 10 नवंबर को 11 बजे दिन में बसपा सुप्रीमो सह यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का हुसैनाबाद के कर्पूरी ठाकुर मैदान में चुनावी जनसभा किया जाएगा। यह जानकारी बसपा प्रत्याशी कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने हरिहरगंज में शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर दी। उन्होंने कहा कि जनसभा को सफल बनाने की तैयारी जोर शोर से की जा रही है।

## शार्ट सर्किट से कार में लगी आग, ड्राइवर बाल-बाल बचा



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार-कांडी मुख्य सड़क पर शुक्रवार की सुबह चार बजे सिंहपुर गांव के समीप चलती कार में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इस घटना में कार धू-धू कर जल कर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार बांसडीह गांव के बीघा टोला निवासी राजेश कुमार अपने कार लेकर नारायण वन छठ मेला में आ रहे थे। इस क्रम में शार्ट सर्किट से इंजन में आग लग गई। गाड़ी में आग की लपट देखकर ड्राइवर गाड़ी से किसी तरह बाहर निकल कर अपनी जान बचाया। आग की तेज लपट से कार पल भर में जल कर खाक हो गया। कार में आग लगने की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन काबू नहीं हो सका। जिस वक्त यह घटना घटी उस वक्त कार में सिर्फ ड्राइवर ही था अन्यथा बड़ी घटना घटित हो सकता था।

**खेती**

## गेहूं-आलू से ज्यादा मुनाफा देगी ये फसल

# इसके तेल में अखरोट जैसे गुण, कमाई बढ़ाने का जबरदस्त विकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रबी का सीजन शुरू हो चुका है। किसान गेहूं, आलू समेत तमाम तरह की खेती के लिए मशक्कत कर रहे हैं। रबी सीजन में ज्यादातर किसान पारंपरिक तरीके से खेती करते आ रहे हैं। मगर, इस बार किसान थोड़ा दिमाग लगाकर तीसी की खेती करें तो अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। बता दें कि तीसी के तेल की बाजार में बहुत डिमांड होती है। इसके किसानों को अच्छे दाम मिलते हैं। दरअसल, आज के समय में तीसी के तेल को सोशल सेलिंग साइट पर महंगी दर में बेचा जा रहा है, जो किसानों के लिए अच्छा मुनाफा कमाने का फायदेमंद जरिया साबित हो सकता है। क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चियांकी के कृषि वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश शाह ने बताया कि तीसी के तेल में अखरोट जैसे गुण होते हैं। इसमें कोलेस्ट्रॉल की मात्रा भी कम होती है, जिससे हृदय रोगियों के लिए यह तेल फायदेमंद साबित हो सकता है।

### रोपाई से पहले करें बीज उपचार

विशेषज्ञ ने बताया कि तीसी की खेती करने वाले किसानों को इन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए कि रोपाई से पहले बीज उपचार अवश्य करें। इससे फसल को नुकसान होने से बचाया जा सकता है। इसके लिए किसान साफ नामक दवा को दो ग्राम प्रति किलो की दर से बीज में मिला लें। इसके बाद हल्के पानी का छिड़काव कर चार घंटे के लिए छाया में रख दें। इसके बाद बुवाई करें।

### ऐसे करें खेती

आगे बताया, तीसी की खेती किसानों के लिए फायदेमंद इसलिए भी होती है, क्योंकि इसके एक बार अंकुरण होने के बाद रोग व्याधियों के लगने की भी संभावना नहीं होती। इसकी खेती के लिए किसान दो बार खेत की जुताई करें, हेंगा के साथ रोपाई कर सकते हैं. तीसी की खेती के लिए 3 से 5 किलो प्रति एकड़ बीज लगता है।

### 8 से 10 क्विंटल तक उत्पादन

कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि अगर फसल का 8 से 10 क्विंटल तक उत्पादन लेना हो तो इसके लिए किसान खाद का जरूर इस्तेमाल करें। अमूमन किसान तीसी की खेती में खाद का छिड़काव नहीं करते हैं। मगर अच्छी उत्पादन लेने के लिए किसान 60 किलो नाइट्रोजन, 30 किलो फास्फोरस, 20 किलो पोटाश का छिड़काव करें, इससे किसानों को अच्छा उत्पादन मिलता है।

### सुख समृद्धि की कामना के साथ छठ महापर्व संपन्न

**रमना(गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार सुबह उदीयमान भगवान भाष्कर को अंतिम अर्घ्य देने के पश्चात संपन्न हो गया। प्रखंड मुख्यालय के टेढ़की पुल स्थित छठ घाट,थाना समीप गंगा तालाब छठ घाट,सुखडा नदी स्थित छठ घाट सहित कर्णपुरा, बहियार कला, टंडवा बांकी नदी छठ घाट, गमहरिया, बुल्का,आसपास के गांव में कई छठ घाट पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने 36 घंटे का उपवास रखकर सुख समृद्धि की कामना के लिए भगवान सूर्य देव व छठी मईया की पूजा-अर्चना की गई। छठ पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर स्थानीय प्रशासन सभी छठ घाट पर गश्त करती रही। समाज सेवी संजय कुमार सहित कई लोगों ने स्टॉल लगाकर नारियल,फल आदि का वितरण किया।

## न्यूज बॉक्स

### छठ घाट पर महागंगा आरती का आयोजन

**डंडई।** उदीयमान भगवान भाष्कर का अर्घ्य देने के साथ शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम व हर्ष के साथ छठ महापर्व का संपन्न हो गया। प्रखंड मुख्यालय के डंडई पीपल छठ घाट व बगीचा छठ घाट के साथ क्षेत्र के अन्य छठ घाट भी छठ व्रतियों से गुलजार रहा। सभी छठ घाटों पर सामाजिक संस्थाओं द्वारा कई सुविधा उपलब्ध कराया गया था। छठ घाट पर महागंगा आरती का आयोजन किया गया। बनारस से पीपल छठ घाट पर पहुंचे पांच सदस्य पंडा टीम द्वारा नदी के किनारे छठ व्रतियों के साथ दीप प्रज्वलित कर गंगा आरती किया गया। मुख्य बाजार में फ्रेंड्स क्लब द्वारा छठ व्रतियों के बीच फलहार का वितरण किया गया। उद्घाटन झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव के बड़े भाई सह भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव ने मंत्र उच्चारण के बाद फीता काटकर किया। उसके बाद फ्रेंड्स क्लब के सदस्यों के द्वारा छठ व्रतियों के बीच फलाहार वितरण शुरू किया गया। इस दौरान 5000 से भी अधिक छठ बरतीयों के बीच उनके द्वारा फलाहार का वितरण किया गया । उसके अलावा डंड ई के पश्चिम आदिवासी टोला पर भी राज राजेंद्र प्रताप देव के द्वारा छठ बरतीयों के बीच फलहार वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करने का काम किया गया।

### छठ महापर्व पर मुख्य छठ पोखरा के समीप लगता है भव्य मेला, घीवा मिठाई की होती हैं खूब बिक्री

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद में छठ महापर्व पर करीब सौ वर्षों से छठ पोखरा के समीप भव्य मेला लगता है। यह मेला डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के दिन से उगते सूर्य को अर्घ्य देने तक लगता है। मेला में खास तौर से राजस्थान की मिठाई घीवा जिसे यहां बिरनी का खोता के नाम से जाना जाता है, लोग लेना नहीं भूलते हैं। यह मिठाई सिर्फ छठ महापर्व के लिए ही हुसैनाबाद के हलवाई बनाते हैं। छठ महापर्व शुरू होने के एक सप्ताह पहले से इस मिठाई के निर्माण में हुसैनाबाद के लगभग 15 से 20 हलवाई लगते हैं। दो दिनों में करीब 10 से 15 क्विंटल मिठाई की बिक्री हो जाती है। मिठाई दुकानदार शनि कुमार व विनोद प्रसाद ने बताया कि बाहर से भी छठ करने हुसैनाबाद आने वाले लोग इस मिठाई को लिए बिना नहीं लौटते हैं। यह मिठाई बिरनी का खोता (घीवा मिठाई), के नाम से प्रसिद्ध हैं। यहां ढाई सौ से 300 रुपए किलोग्राम की दर से बिक्री की जाती हैं।

### उदीयमान अर्घ्य के साथ छठ पर्व संपन्न

**केतार।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हो गया। प्रखंड के नारायण वन, बत्तो कला सूर्य मंदिर, अमराहिदह सूर्य मंदिर,केतार सहित अन्य गांवों के पंडा और सोन नदी किनारे छठ घाट पर व्रतियों ने अर्घ्य दिया। मुकुन्दपुर गांव के नारायण वन छठ घाट पर छठ व्रती गाजे-बाजे के साथ दंडवत प्रणाम करते हुए गुरुवार की शाम छठ घाट पर पहुंचे। छठ व्रतियों ने स्नान कर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर पूरी रात सपरिवार नारायण वन छठ घाट रहकर व्रत पूरा किया। शुक्रवार की सुबह व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नारायण वन छठ घाट पर छठ व्रत करने झारखंड के अलावा पड़ोसी राज्य बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल से लगभग 40 हजार से अधिक छठ व्रती पहुंचे। रात्रि में मेला में भी 50 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। इससे देखते हुए छठ घाट पर लाईट व्यवस्था, स्नान गृह, सुरक्षा ट्रैफिक व्यवस्था किया गया। मेडिकल टीम और सुरक्षा व्यवस्था पूरी रात मुस्तैद रही। पहली बार नारायण वन की सुरक्षा व्यवस्था बीएसएफ को सौंपा गया था। केतार थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी के नेतृत्व में बीएसएफ और झारखंड पुलिस मेला व्यवस्था में तैनात थे। मंदिर विकास समिति द्वारा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी, बीपीओ नीरज पाल, सहित सभी मेडिकल टीम, सुरक्षा व्यवस्था में लगे टीम और प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट को भगवान सूर्य का प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया गया।

### व्रतियों ने दिया उगते भगवान भाष्कर को अर्घ्य

**भवनाथपुर।** उदीयमान भगवान भाष्कर को अर्घ्य देने के साथ सूर्योपासना का महान पर्व छठ पूरे प्रखंड में भक्तिपूर्ण व आस्था के वातावरण में संपन्न हो गया। प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों में भगवान भाष्कर को अर्घ्य अर्पित कर छठ व्रतियों ने सुख-समृद्धि की कामना की तो क्षेत्र की शांति के लिए भी भगवान भाष्कर से विशेष प्रार्थना की। प्रखंड के थाना के समीप सर्वेश्वरी आश्रम,दुर्गा मंदिर टाउनशिप, सिंदुरिया दुलरह नदी, अरसली, सिंघीताली हनुमान मंदिर, भवनाथपुर सूर्य मंदिर, बाजार दुर्गा मंदिर, झगराखड़ा, चपरी, अरसली उत्तरी झुमरी अशोक वाटिका छठ घाट, के सहित सभी छोटी बड़ी नदी और जलाशयों के तट पर श्रद्धालुओं ने छठ व्रत किया। छठ घाटों में भारी संख्या में छठ व्रतियों की भीड़ उमड़ी थी। घरो में माथे पर पूजा सामग्री ढ़ोकर छठ घाटों तक श्रद्धालुओं द्वारा लाया गया। छठ व्रती छठ गीतों को गाते हुए महिलाओं के साथ छठ घाट पहुंची। रास्ते भर दंडवत लेटकर भगवान भाष्कर को छठ व्रतियों द्वारा प्रणाम किया गया। रास्ते में छठ व्रतियों के दंडवत लेते ही उनके पैर छू कर आर्शीवाद ले रहे थे। कई छठ घाटों पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने छठ व्रतियों के लिए दूध, फल आदि बांटे। अधिकांश छठ घाटों में कई जनप्रतिनिधि और राजनीति दल के लोगों ने भ्रमण किया। भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही, पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव ने कई छठ घाटों पर जाकर भ्रमण किया। मौके पर युवा क्लब के सुबोध पाठक, पंकज सिंह, अमित वर्मा , अजीत गुप्ता, शनि चन्द्रवंशी, कुणाल सिंह, सत्यम पांडेय, सूरज कुमार, अमन सोनी, शुभम पाण्डेय, शिवम सिंह, पंकज यादव, दिनेश गुप्ता, कुलदीप गुप्तासंतोष कुमार, रवि सोनी, राधेश्याम गुप्ता, ओम प्रसून,यंग लायंस क्लब बुका विनय कुमार, उज्जवल कुमार,आलोक मेहता, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित थ। टॉउनशिप दुर्गा मंदिर परिसर में गंगा आरती का आयोजन किया गया था। पंडित सत्येंद्र वैद्य ने गंगा आरती की पूजा करायी। मौके पर मंदिर के ध्रुव नारायण दुबे, बुचून सिंह, दिवाकर चौधरी, गणेश सिंह, अवधेश कुमार उपस्थित थे।

### सामाजिक संस्था ने व्रतियों के बीच फल व पूजन समाग्रियों का वितरण किया

**मेराल।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर ज्ञान गंगा सामाजिक संस्था हासनदाग द्वारा गुरुवार को हासनदाग गांव में नहर बाजार चौक स्थित स्टॉल लगाकर सामूहिक रूप से छठ व्रतियों के बीच फल व पूजा सामाग्रियों का वितरण किया गया। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सह संस्था के सदस्य हरेंद्र चौधरी ने बताया कि ज्ञान गंगा सामाजिक संस्था के माध्यम से छठ व्रतियों के बीच पिछले वर्ष से ही फल व पूजन सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इस बार ज्यादा व्रतियों में फल और पूजन सामग्री वितरण करने का निर्णय संस्था द्वारा लिया गया था। इस अवसर पर शिवदत चौधरी, संतोष कुमार चौधरी, रमेश चंद्रवंशी, देवनाथ चौधरी, अनिल चौधरी, जितेंद्र चौधरी, इंदेश्वर चौधरी, विनोद चौधरी सहित सामाजिक संस्था के सभी सदस्य वितरण कार्यक्रम में शामिल थे।

### मजदूर की मौत

**रमना।** गम्हरिया पंचायत के बारपानी ग्राम निवासी नंदकेश्वर सिंह के 40 वर्षीय पुत्र लखन सिंह का शव गुरुवार को घर पहुंचा। जानकारी के अनुसार लखन सिंह गुजरात राज्य के गांधीनगर में ट्रक चालक का काम करता था। घटना के सूचना मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि जसवंत पासवान, सहायक अध्यापक रामसुन्दर सिंह ने परिजनों को ढाढस बंधाया।

# उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** चार दिवसीय लोक आस्था व सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। छठ व्रतियों ने गुरुवार शाम अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को अर्घ्य देकर सुख समृद्धि मांगी। व्रतियों द्वारा शुक्रवार सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ निर्जला उपवास भी खत्म हो गया। लोक आस्था के महापर्व पर देवनद, भूषाड़, देवनदिया, जमीरा, चेटर समेत विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। घाटों को विभिन्न पूजा समितियों द्वारा छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की सुविधा का ख्याल रखते हुए विशेष रूप से तैयार किया गया था। घाटों को रंग बिरंगी रौशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। देवनद छठ घाट पर भव्य संध्या आरती का आयोजन किया गया था। घाटों में श्रद्धालुओं की मदद को लेकर प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखी। पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मोर्चा संभाल रखा था। पूरा वातावरण छठ की गीतों से भक्तिमय बना हुआ था। छठ पूजा को लेकर पर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से खरना का प्रसाद बनाया था, जिसके ग्रहण करने बाद ही निर्जला उपवास की शुरूआत हो गई थी। छठ पूजा मना रहे व्रतियों के घर प्रसाद ग्रहण करने को लेकर देर रात तक सगे संबंधियो का आना जाना लगा रहा। महापर्व को लेकर थाना प्रभारी रंधीर सिंह, बीडीओ चंदन प्रसाद, सीओ जयशंकर पाठक, विवेकानन्द छठ पूजा समिति, युवा भारत, देवनद दामोदर छठ पूजा समिति समेत कई सामाजिक संगठन छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर दिखे। घाट को बेहतर बनाने में हिंडाल्को बॉक्साइट कंपनी का भी अहम योगदान रहा। छठ पूजा की मान्यता है कि छठ पूजा पर अस्ताचलगामी व उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने से सुख समृद्धि व घर समेत क्षेत्र में खुशहाली की प्राप्ति होती है। सूर्य को अर्घ्य देने से शरीर से कई तरह की बीमारियों का नाश भी होता है।



## छठ व्रतियों ने सुख, समृद्धि व आरोग्य की कामना की

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** रामपुर नदी छठ घाट पर हिन्दू युवा वाहिनी के बैनर तले गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। महापर्व की तैयारी को लेकर हिंदू महासभा, बजरंग दल, युवा वाहिनी महाकाल नवयुवक, आर्यन संघ सहित प्रखंड के अन्य श्रद्धालुओं द्वारा तैयारी की गई थी। हिंदू महासभा कमेटी द्वारा किया गया प्रसाद वितरण। छठ पर्व को लेकर विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोकआस्था के महापर्व के चौथे दिन हामी, चटकपुर, बोहटा, सरनाडीह, रामपुर छठ घाट पर वतियों ने छठी मईया के गीत गाते हुए व्रती छठ घाटों पर पहुंचने लगे थे। इस दौरान सभी श्रद्धालु छठी मईया के गीत गुनगुनाते नजर आए। रामपुर छठ घाट में लाइटिंग, सजावट, जगह-जगह हैलोजन, मुख्य बाजार से छठ घाट तक पूरे रोड में की गई थी। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को व्रतियों ने सुबह 6 बजकर 32 मिनट पर उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य देकर धन, धान्य, आरोग्य की कामना की। अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने पारण कर निर्जला उपवास व्रत को तोड़ा। व्रतियों के पारण के साथ चार दिनों तक चलने वाला छठ महापर्व संपन्न हो गया। मौके पर अंचल अधिकारी संतोष बैठा, थाना प्रभारी अवनीश कुमार, हिन्दू महासभा अध्यक्ष मनोज जयसवाल, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि इश्तेखार अहमद, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, कांग्रेस 20 सूत्री सदस्य रामनरेश ठाकुर, बजरंग दल के संयोजक सूरज साहू, भाजयुमो के लातेहार जिलाध्यक्ष छोटू राजा, पूर्व प्रमुख जोन वाल्टर, बिहारी लाल जायसवाल, भाजपा मंडल महामंत्री सुनील जायसवाल, दिलीप प्रसाद, वीरेन्द्र गुप्ता, समेत हजारों भक्त छठ घाट पर मौजूद थे।

## व्रतियों ने दिया अर्घ्य



**हेरहंज।** लोक आस्था का चार दिनों तक चलने वाले छठ महापर्व के चौथे दिन सुबह 6 बजे उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। छठ महापर्व को लेकर हेरहंज प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित छठ घाट और नदी छठ घाट की साफ सफाई कर आकर्षक रूप से साथ सजाया गया था। इसके अलावा सैकड़ों घाटों को विभिन्न पूजा समिति, स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पानी छिड़काव कर सफाई कर आकर्षक तरीके से सजाया गया था। छठ महापर्व को लेकर बालूमाथ प्रखंड पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी काफी सक्रिय देखा गया। वह विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था देखी। कई समितियों द्वारा फल व पूजन सामग्रियों का विवरण किया गया। लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे भक्ति भाव का माहौल देखा गया।

## श्रद्धालुओं ने आस्था से दिया अर्घ्य

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** नेक, निष्ठा व आस्था का महापर्व छठ भगवान भास्कर को सुबह का अर्घ्य के साथ संपूर्ण प्रखंड में शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। प्रखंड के विभिन्न घाटों पर छठ व्रतियों के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने भगवान भाष्कर को अर्घ्य अर्पित कर कुशल जीवन मंगल की कामना किया। शुक्रवार की सुबह भगवान भाष्कर को अर्घ्य अर्पित करने के पश्चात चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो गया। प्रखंड मुख्यालय केलोटार छठ घाट व सूर्य मंदिर लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। छठ पूजा समिति, भाष्कर स्वालंबन क्लब तथा स्थानीय ग्रामीण व कलाकारों के सहयोग से सूर्य मंदिर सह छठ घाट परिसर को भव्य व आकषर्क तरीके से सजाया गया था।समिति के द्वारा छठ व्रतियों के पहुंचने के लिए गिद्धौर ब्लॉक मोड़ में भव्य तरीके से मुख्य द्वार के साथ अन्य छोटे-छोटे द्वार बनाया गया था, जिसे कलाकारों ने आकर्षक लाइट व साज सज्जा से डेकोरेट किया था। ब्लॉक मोड़ से सूर्य मंदिर तक सेल्फी पॉइंट तो कही झारखंड की विभिन्न कलाकृति की झलकियां प्रतिमा बना कर स्थापित किया गया था, जो यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु व ग्रामीणों के लिए आकर्षक का केंद्र बना रहा। साथ ही लोटार डैम में सात घोड़े पर सवार भगवान सूर्य की प्रतिमा तैरती नजर आई। यहां पहुंचने वाले छठ व्रतियों का ख्याल रखते हुए सूर्य मंदिर तक कॉरपेट भी बिछाए गया था। इस संबंध में छठ पूजा समिति अध्यक्ष राजेश कुशवाहा ने बताया कि छठ पूजा के प्रति समिति हमेशा से ही समर्पित भाव से काम करता रहा है और आगे भी करेगा। छठ महापर्व को शांतिपूर्ण संपन्न व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रखंड प्रशासन मुस्तैद रहा।



# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य, घाटों पर लगी रही भीड़



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार में लोक आस्था का महापर्व छठ उत्साह और उमंग के साथ शुक्रवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न हो गया। महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के चौथे दिन सुबह छठ व्रतियों ने पूरी आस्था के साथ उदीयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर सभी के लिए सुख और समृद्धि की कामना की। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए लातेहार जिले में आधी रात के बाद से ही जलाशयों के आसपास मेला जैसा नजारा देखने को मिला। भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए दौरा में प्रसाद सजा कर छठ व्रतियों के साथ-साथ हर कदम जलाशयों-तालाबों की ओर बढ़ते दिखे। लातेहार के मुख्य छठ घाट चाणक्यनगरी, पंपूकल स्थित छठ घाट, रेलवे स्टेशन छठ घाट, मनिका, बालूमाथ, चंदवा, महुआडांड, हेरहंज, बारियातू, नेतरहाट, बेतला, गारू के विभिन्न जलाशयों में छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन और लातेहार नगर पंचायत की ओर से विशेष सुरक्षा व्यवस्था और लाइटिंग के बीच छठव्रतियों ने भगवान भाष्कर को अर्घ्य दिया व ब्रहांड के कल्याण की कामना भगवान सूर्य से की।

**सुरक्षा का था पुख्ता इंतजाम :** इस दौरान प्रमुख छठ घाटों पर सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किया ग्या था। लातेहार जिला मुख्यालय में छठ पर्व को लेकर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा स्थानीय गोताखोरों को भी तैनात किया गया था। ड्रोन कैमरे से प्रमुख छठ घाटों की निगरानी भी की जा रही थी।

### छठ पूजा संपन्न, लोगों ने की परिवार की सुख-समृद्धि की कामना



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सहित फूलसु, बालूभांग, डाढ़ा, शिबला, टोंटी, गोनिया, अमरवाडीह साल्वे पंचायत के विभिन्न छठ घाटों में गुरुवार शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। लोक आस्था के महापर्व छठ के चौथे और अंतिम दिन शुक्रवार को छठ व्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर इस महापर्व का समापन किया। बड़ी संख्या में छठ व्रती उदीयमान भगवान भाष्कर को अर्घ्य देने के लिए छठ घाटों पर पहुंचे और तालाबों और पोखरों के पानी में डूबकी लगाने के बाद भगवान भाष्कर को अर्घ्य दिया। सभी ने अपने और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। चार दिवसीय इस अनुष्ठान के साथ चौथे दिन अर्घ्य के बाद वर्तियों ने अन्न जल ग्रहण कर व्रत पूर्ण किया। छठ पर्व को लेकर चार दिनों तक प्रखंड का माहौल भक्तिमय रहा। इसके साथ ही छठ घाटों पर अर्घ्य देने के लिए छठ व्रतियों के लिए जनप्रतिनिधियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के बीच दूध, फल का वितरण किया। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रखी थी।

### व्रतधारियों ने मांगी समृद्धि



**बालूमाथ।** प्रखंड में उपासना का महापर्व छठ उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक छठ तालाब, झरिया टोला, बड़का बालूमाथ छठ तालाब के अलावा ग्रामीण क्षेत्र मकईयाताड़, बालू, शेरेगड़ा, आरा, चमातू आदि इलाकों में छठ पूजा को लेकर काफी उत्साह था। इस दौरान उपरोक्त छठ घाटों को पूजा समितियों, संस्था, समाज सेवियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सभी छठ घाटों को सफाई करायी गई। वहां छठव्रती गुरुवार को शाम को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। शुक्रवार को सुबह पूरी विधि विधान के साथ उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### तेजस्वी यादव बालूमाथ में 10 को करेंगे चुनावी सभा



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू हाई स्कूल के पास बिहार के पूर्व उप सीएम सह नेता प्रतिपक्ष बिहार तेजस्वी यादव ने 10 नवंबर को चुनावी जनसभा का संबोधन करेंगे। लातेहार विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी बैद्यनाथ राम को सहयोग के लिए अपील करेंगे। यह जानकारी बालूमाथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव ने दी।

### बीडीओ ने किया मतदान पर्ची वितरण का निरीक्षण



**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने शुक्रवार को बूथ संख्या 281 समेत अन्य बूथों के पोषक क्षेत्र में घूमकर निर्वाचन मतदाता पर्ची वितरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने मतदाताओं से मुलाकात कर बीएलओ द्वारा मतदान पर्ची वितरण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने उपस्थित बीएलओ को शत प्रतिशत निर्वाचन मतदान पर्ची का वितरण मतदाताओं के बीच करने का निर्देश दिया। साथ ही मतदान केंद्रों में बिजली व अन्य सुविधाएं दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित कर्मियों को दिया। मौके पर डीपीआरो चंदन कुमार के अलावा बीएलओ व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### लकड़बग्घे के हमले से युवक घायल



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कामता पंचायत के हिसरी रखात जंगल स्थित नदी में गुरुवार को मछली मार रहे कमलेश उरांव पर लकड़बग्घा ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले मे युवक घायल हो गया। युवक के साथ मछली मार रहे युवकों ने उसकी जान बचाने के लिए लकड़बग्घा से भिड़ गए। लाठी डंडे से लकड़बग्घा पर वार कर उसे जंगल में खधेड़ दिया। लकड़बग्घे के दांत से युवक के हाथ पर काट लिया। घायल युवक ने गुरुवार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने जंगल में लकड़बग्घा होने और एक युवक पर हमला कर उसे घायल करने की सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दिया। वन विभाग से आग्रह किया कि जंगल में रह रहे लकड़बग्घा को पकड़ कर अन्यत्र जंगल में ले जाकर छोड़े, ताकि इस इलाके के ग्रामीण सुरक्षित रहें।

### सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश कांग्रेस में शामिल

**गारू।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के गारू प्रखंड से सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुमार ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा देकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। लातेहार जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन उरांव और वरिष्ठ नेता विजय बहादुर की उपस्थिति में गारू प्रखंड कांग्रेस चुनाव कार्यालय में उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने की औपचारिकता पूरी की। ओम प्रकाश ने भाजपा छोड़ने के पीछे अपनी नाराजगी का कारण स्पष्ट करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने निजी खर्च से पार्टी के लिए कई कार्य किए, लेकिन अब तक उसकी भरपाई नहीं हुई है। उनका आरोप है कि उस समय भाजपा के मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह को संयोजक के रूप में उन्होंने पार्टी के कामकाज में दी थी, इसके बावजूद पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह ने उन्हें उनके चुनावी खर्च का भुगतान नहीं किया। अब वह पूरी निष्ठा से कांग्रेस के लिए कार्य करेंगे और मनिका विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह को सहयोग करेंगे।

## रात्रि चौपाल के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरुक

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के बूथ संख्या 290 धर्मपूर में मतदाताओं को स्वीप एक्टिविटी के तहत रात्रि चौपाल के माध्यम से मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। बीडीओ ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र की इस महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और अपने मताधिकार का उपयोग करें। आपके एक मत से ही प्रदेश का भविष्य निर्धारण होगा। लोकतंत्र की सबसे बड़ी खासियत मताधिकार का है। इसलिए सभी मतदाताओं से आग्रह होगा की 13 नवंबर को पहले करें मतदान फिर जलपान ताकि अधिक से अधिक मत का उपयोग हो सके।



साथ ही अन्य लोगों को भी मतदान जरुर से जरुर करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। इस दौरान उपस्थित मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। मौके पर जेपीएस सह डीपीआरो चंदन कुमार, सुपरवाइजर, बीएलओ के अलावा भारी संख्या में मतदाता उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव को लेकर बारियातू पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसमें पुलिस ने आम नागरिकों से शांतिपूर्ण मतदान में सहयोग की अपील की। राज्य चुनाव आयोग के आदेश व लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में बारियातू बजार टांड से प्रखंड कार्यालय तक फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को स्वतंत्र व निष्पक्ष रुप से मतदान करने की अपील की। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस प्रशासन असमाजिक तत्वों,संदिग्ध व्यक्तियों, सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रख रही है। मौके पर पुअनि जितेंद्र कुमार, पुअनि निर्मल कुमार मंडल, पुअनि रितेश तिग्गा, सीआईएसएफ पदाधिकारी पीके सैनी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## मतदाताओं को जागरूक करने की अनूठी पहल

# ड्रोन से मतदान तिथि के संदेश को मतदाताओं के बीच किया गया प्रदर्शित



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला स्तर पर स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने की पहल की जा रही है। इसके तहत शहरी क्षेत्र से लेकर सुदूरवर्ती क्षेत्रों के गांव, टोला, मुहल्लों में ड्रोन के माध्यम से मतदान तिथि के संदेश से भरे पोस्टर को प्रदर्शित कर मतदान का आमंत्रण दिया गया। विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के लिए एक अनोखी पहल शुरू की गई है।इसके तहत ड्रोन के माध्यम से मतदान तिथि के संदेश से भरे पोस्टर को मतदाताओं के बीच प्रदर्शित कर मतदान के लिए जागरूक किया गया। साथ ही मतदान का आमंत्रण दिया गया। स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बरवाडीह, मनिका प्रखंड अंतर्गत विभिन्न चौक-चौराहों, हाट बाजारों, सुदूरवर्ती क्षेत्रों के गांव, टोला, मुहल्ला में ड्रोन के माध्यम से मतदान तिथि के संदेश से भरे पोस्टर को उड़ाकर सभी मतदाताओं के बीच प्रदर्शित कर नैतिक मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता संबंधित स्टीकर, बैनर, पोस्टर के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान की महत्ता के प्रति जागरूक करते कर मतदान तिथि 13 नवंबर को अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## आय-व्यय पंजी जमा नहीं करने पर चार प्रत्याशियों का प्रचार वाहन होगी जब्त

नवीन मेल संवाददाता

**गारू (लातेहार)।** चुनावी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग की सख्त निगरानी के तहत मनिका विधानसभा क्षेत्र में चार प्रत्याशियों के प्रचार वाहनों पर रोक लगा दी गई है। इन प्रत्याशियों पर आरोप है कि उन्होंने तय समय सीमा के भीतर आय-व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया। निर्वाची पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने बताया कि बार-बार निर्देश और नोटिस भेजे जाने के बाद भी प्रत्याशी निर्धारित समय तक अपने खर्च का विवरण प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर कार्रवाई करते हुए उनके प्रचार वाहनों की अनुमति रद्द कर दी गई है। अब वह चुनाव प्रचार के लिए इन वाहनों का उपयोग नहीं कर सकेंगे। मनिका विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे इन प्रत्याशियों में रघुपाल सिंह समाजवादी पार्टी, मुनेश्वर सिंह निर्दलीय, बलवंत सिंह झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, राकेश सिंह निर्दलीय शामिल हैं। इन सभी को चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार चुनाव प्रचार में किए गए खर्च का हिसाब व आय-व्यय पंजी प्रस्तुत करना अनिवार्य था। चुनाव आयोग का मानना है कि सभी प्रत्याशियों को नियमित रूप से आय-व्यय पंजी जमा कर चुनाव में पारदर्शिता बनाए रखने की आवश्यकता है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उन्हें दो दिनों की समय सीमा दी गई थी, परंतु समय समाप्त होने के बाद भी पंजी जमा नहीं किए जाने पर यह कदम उठाया गया। निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया के अनुसार चुनाव प्रचार में लगे वाहनों और अन्य प्रचार साधनों का खर्च आयोग को समय-समय पर बताया जाना चाहिए। इसके तहत चुनाव प्रचार के दौरान खर्च के नियंत्रण और पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोग द्वारा सख्ती बरती जा रही है। नियमों का पालन न करने पर न केवल प्रचार वाहन जब्त किए जा सकते हैं बल्कि आगे भी प्रचार के साधनों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखेगा। एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित निर्देशों के अंतर्गत खर्च की सीमा और विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अगर कोई प्रत्याशी इस नियम का पालन नहीं करता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बीएस कॉलेज मैदान में कांग्रेस की विशाल चुनावी जनसभा आयोजित

# जिसकी जितनी आबादी, उसको उतना आरक्षण : राहुल गांधी

### जल, जंगल, जमीन आपका अधिकार, इसका फायदा आपको ही मिले

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

बीएस कॉलेज मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रामेश्वर उरांव के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा में राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड में हम जाति जनगणना कराएंगे और दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। जिसकी जितनी आबादी उसको उतना रिजर्वेशन देंगे। झारखंड में आदिवासियों को 28% रिजर्वेशन बढ़ाएंगे, 7 किलो हर व्यक्ति को अनाज देंगे। हर महीने गैस सिलेंडर 450 रुपए का होगा। जब बीजेपी के लोग आदिवासी को वनवासी कहते हैं तब वे आपके इतिहास, आपके जीने के तरीके को खत्म करने की कोशिश करते हैं। आदिवासी का मतलब है- देश के सबसे पहले मालिक, आदिवासी सिर्फ एक शब्द नहीं हैं, बल्कि आपका पूरा इतिहास है। राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान को बचाने की लड़ाई है। हमारे लिए आप आदिवासी हो। जल, जंगल, जमीन आपका तो जल जंगल जमीन का अधिकार का फायदा आपको ही मिलना चाहिए। वो आपका हक अंबानी अडानी जैसे अरबपतियों को देना चाहते हैं। वह अरबपतियों को फायदा पहुंचाना चाहते हैं हम गरीबों की मदद करना चाहते हैं।





#### डॉ रामेश्वर उरांव को भारी मतों से दिलाएं जीत : केशव महतो

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी समेत अतिथियों एवं गठबंधन दल के विभिन्न नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया । चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की।



#### आशीर्वाद मिला तो फिर शुरू करेंगे जनसरोकार के कार्य : रामेश्वर उरांव

**लोहरदगा।** गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी रामेश्वर उरांव ने कहा कि गठबंधन की हेमंत सरकार को जनता आशीर्वाद देकर वापस करना सुनिश्चित करें तो विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को नए सिरे से लागू करेंगे। कहा सरना कोड का वादा पूरा कर इसे केंद्र सरकार को भेजा गया है। केंद्र में मामला अटकाया गया है। सर्वजन पेंशन में अब प्रतिमाह 2500 लोगो को मिलेंगे। राज्य में 5 लाख नए अबुआ आवास का निर्माण होगा। बिजली बिल माफी योजना का जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। जनता इस सरकार को वापस करती है तो सरकार आपके द्वार कार्यक्रम फिर से शुरू कर आपकी समस्या मौके पर निपटाने का प्रयास करेंगे।



#### कांग्रेस की नीति 'पढ़ोगे तो आगे बढ़ोगे' की है : सुखदेव भगत

लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि आज की विशाल सभा संविधान बचाओ अभियान की एक कड़ी है। भाजपा के नेता कहते हैं कि बटोगे तो काटोगे पर कांग्रेस की नीति पढोगे तो आगे बढ़ोगे की है। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने की मुहिम कांग्रेस चला रही है। जनसरोकार की विभिन्न योजनाओं से गठबंधन की सरकार जनता से सीधा रिश्ता बनाया है। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि 13 नवंबर को लोहरदगा सीट से प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को भारी मतो से विजयी बनाना जनता सुनिश्चित करें।

### देश में दो विचारधारा की लड़ाई

राहुल गांधी ने कहा कि देश में दो विचारधारा की लड़ाई चल रही है। हम संविधान की रक्षा करना चाहते हैं, वो खत्म करना चाहते हैं। हम एकता, भाईचारा और संविधान से देश चलाना चाहते हैं। हिन्दुस्तान की सरकार को 90 लोग चलाते हैं। कुछ आईएएस हैं। टैक्स आप देते हैं और ये तय करते हैं कॉलेज कहां बनेंगे, बजट कहां खर्च होगा। बीजेपी धर्म और जात की राजनीति करती है। मैं 90 फीसदी लोगों की भागीदारी की बात करता हूं तो मोदी जी बोलते हैं राहुल गांधी देश तोड़ना चाहते हैं। मणिपुर जल गया लेकिन आज तक प्रधानमंत्री नहीं गए हैं। बीजेपी -आरएसएस की विचारधारा ने एक राज्य को जला दिया।

### नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान

हमने नारा दिया नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलेंगे। मैं आपसे पूछता हूं झारखंड के किसानों, मजदूर, छोटे दुकानदारों के कितना कर्ज माफ किया गया। मंच का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की, प्रदीप बालमुचू, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, सदस्य संदीप गुप्ता, सूखैर भगत, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष बिनय उरांव, जेएमएम जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद, आलोक दुबे, भाकपा माले के नेतागण मौजूद थे।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ महापर्व छठ



**लोहरदगा।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूरे जिले भर में श्रद्धा, उल्लास एवं पवित्रता के साथ मनाया गया। नहाय खाय, खरना के बाद व्रतियों ने गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को दूध एवं जल से अर्घ्य दिया। शुक्रवार की सुबह में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर की आराधना की गई। पूजन-हवन व आरती की गई। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस पूरे व्रत में दो बार अर्घ्य दिया जाता है। पहला अर्घ्य षष्ठी तिथि के दिन अस्ताचलगामी सूर्य को दिया जाता है। दूसरा अर्घ्य सूर्य उदय होने पर दिया जाता है। जिले के अधिकांश नदी व तालाबो में हजारों छठ व्रतियो ने निर्जला रह कर उगते हुए सूरजदेव को अर्घ्य दिया गया। शहर के घाटों जैसे सेरेंगहातु कोयल नदी छठघाट, शंखनदी, हरमू, भक्सो छठ घाट आदि जगहों में विशेष साउंड सिस्टम के साथ साथ विद्युत सज्जा, बच्चो के खिलौने, मिठाई, अर्द्ध के लिए दूध, फल आदि का स्टॉल लगाया गया था। जिला पुलिस प्रसाशन की ओर से भी श्रद्धालुओ को किसी प्रकार की असुविधा ना हो, सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त कर जगह जगह पर पुलिस बल को तैनात किया गया था। लोगों की सुविधा के लिए स्थानीय समितियां एवं प्रशासन के द्वारा यातायात, पार्किंग, सफाई, सुरक्षा समेत प्रकाश की उत्तम व्यवस्था की गई थी। नगर परिषद् के द्वारा भी प्रकाश का प्रबंध में सहयोग किया गया था। वहीं आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी। सुबह में व्रतियों ने नदी के पावन जल में घंटो खड़े होकर भगवान सूर्य के उदय होने तक प्रतीक्षा की। जैसे ही लालिमा के साथ भगवान सूर्य प्रकट हुए व्रतियों ने अ?र्घ्य देना शुरू कर दिया। लोगों ने अर्घ्य देने के बाद सूर्य देव की पूजा अर्चना की। कहा जाता है कि महापर्व छठ शुद्धि और आस्था का मिशाल है। यह पर्यावरण के संरक्षण का संदेश देता है। लोगों को समानता और सद्भाव का मार्ग दिखाता है। अमीर-गरीब सभी माथे पर डाला लेकर एक साथ घाट पहुंचते हैं। यह पर्व प्रकृति से प्रेम को दशार्ता है। सूर्य और जल की महत्ता का प्रतीक यह पर्व पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। इस पर्व को भगवान सूर्य और परब्रह्मा प्रकृति और उन्हीं के प्रमुख अंश से उत्पन्न षष्ठी देवी का उपासना भी माना जाता है। सूर्य प्रत्यक्ष देवता हैं वे सर्वत्र व्याप्त हैं और रोज लोगों को दर्शन देते हैं।



#### गजराज को दिया जाता है निमंत्रण

कोसी भराई के दौरान मिट्टी से बने गजराज की प्रतिमा को स्थापित किया जाता है. जिनके पेट में अन्न भरे जाते हैं. मान्यता है कि गजराज के पेट में अन्न भरे रहने से लोगों के घरों में भी सालों भर धन धान्य से भरा रहता है।

#### षष्ठी माता करती हैं हर मन्नतें पूरी

इस पर्व के विषय में मान्यता यह है कि जो भी षष्ठी माता और सूर्य देव से इस दिन मांगा जाता है वह मुराद पूरी होती है। अथर्ववेद में भी इस पर्व का वर्णन है। ऐसी मान्यता है कि सच्चे मन से की गई इस पूजा से हर मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। माताएं अपने बच्चों व पूरे परिवार की सुख-समृद्धि, शांति व लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। इस अवसर पर मुराद पूरी होने पर बहुत से लोग सूर्य देव को दंडवत प्रणाम करते हैं। सूर्य को दंडवत प्रणाम करने का व्रत बहुत ही कठिन होता है। लोग अपने घर में कुल देवी या देवता को प्रणाम कर नदी तट तक दंड करते हुए जाते हैं। पहले सीधे खड़े होकर सूर्य देव को प्रणाम किया जाता है फिर पेट की ओर से जमीन पर लेटकर दाहिने हाथ से जमीन पर एक रेखा खींची जाती है।

#### सृष्टि चक्र का प्रतीक भी है छठ पर्व

महापर्व छठ सृष्टि चक्र का प्रतीक भी है। इस पर्व में पहले डूबते सूर्य की पूजा होती है। फिर उगते सूर्य की। सूर्य ही हमारे जीवन का स्त्रोत हैं चाहे अपनी रोशनी से हमें जीवन देना हो या हमें भोजन देने वाले पौधों को भोजन देना सूर्य का संपूर्ण जगत आभारी है। हम आजीवन उनके उपकारों से लदे रहते हैं।

सूर्य अंधकार को दूर कर चराचर जगत को प्रकाशमान करते हैं। जगत में उगते सूर्य को पूजने की प्रथा है।डूबते सूर्य को कौन पूछता है...पर इस पर्व में प्रथम अ?र्घ्य अस्ताचलगामी सूर्य यानि डूबते सूर्य को ही अर्ध्य पड़ता है। उदय और अस्त दोनों अनिवार्य है। जन्म को उत्सव के रूप में लेते हो तो मृत्यु को भी उसी रूप में गले लगाना सिखाता है यह पर्व। यह बताता है कि हर अस्त में उदय छिपा है।

#### कोसी भराई कर सौभाग्य की कामना की

**लोहरदगा।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा में पवित्रता का एक और जहां खास मायने होता है. वहीं पूजा के दौरान कोसी भराई भी काफी महत्वपूर्ण होता है. व्रती अपने-अपने घरों में सौभाग्य की कामना लिए कोसी भरते हैं. मान्यता है कि अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद नदी घाटों के अलावा घरों में भी लोग कोसी भरते हैं. इस रस्म में 9 या 11 गन्नों की आकृति बनाई जाती है. साथ ही दीप, नैवेद्य खासकर ठेकुआ से सजाकर भगवान भास्कर की आराधना करते हुए कोसी भराई की जाती है।

### कुएं से बरामद हुआ अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस जांच में जुटी

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के नदिया नीचे टोली स्थित कुआ से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने कुआं में तैरते शव को देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर लोहरदगा थाना के एसआइ संजय कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुआं से बाहर निकाला। आशंका व्यक्त की जा रही है कि शव तीन-चार दिन पहले का है. मृतक की आंख व सिर पर चोट के निशान है. नाक से खून का रिसाव भी है. इससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि युवक की हत्या कर शव को कुआं में डाल दिया गया होगा. हालांकि पुलिस हर बिंदु पर जांच पड़ताल कर रही है। शव की पहचान नहीं हो पायी है. मृतक ब्लैक कलर का पैंट व ग्रे कलर का शर्ट पहना हुआ है। जिससे उसकी पहचान की जा सके. स्थानीय लोगों की मदद से शव की पहचान करने का प्रयास किया गया।

## 13 और 20 नवंबर को सोशल मीडिया पर चलेगा 'हैशटैग वोट देने चलो' अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि एवं मतदाता जागरूकता के निमित्त दिनांक 09, 13 एवं 20 नवंबर 2024 को सोशल मीडिया पर हैशटैग वोट देने चलो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के का पहले दिन, दिनांक 09 नवंबर को शाम 05 बजे से शाम 07 बजे तक हैशटैग वोट देने चलो अभियान चलाया जाएगा। जिसमें जिला के सभी सरकारी कार्यालयों, सभी महाविद्यालयों, उच्च विद्यालयों सभी कोचिंग संस्थानों, सभी व्यवसायिक संगठनों, सभी बूथ अवेयरनेस ग्रुप , सभी कार्यालयों में गठित वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों, सभी पीएसयू, कारखानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों के माध्यम से हैशटैग वोट देने चलो अभियान व्यापक रूप से संचालित किया जाएगा। अभियान के दूसरा दिन यानि 13 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस दिन



कोई भी परिवार/मतदाता भी अपने सोशल मीडिया अपने परिवारजनों, मित्रजनो एवं अपने परिचितों को वोट देने के लिए अपील करते हुए हैशटैग वोट देने चलो का इस्तेमाल कर उन्हें प्रेरित कर सकते हैं। साथ ही मतदान के पश्चात भी अपनी व अपने परिवार के साथ सेल्फी फोटो लेकर सोशल मीडिया पर हैशटैग वोट देने चलो के साथ अपलोड कर सकते हैं तथा अभियान के तीसरे दिन राज्य में होनेवाले विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के द्वितीय चरण के मतदान दिवस 20 नवंबर को यह हैशटैग अभियान सुबह 7 बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। इस दिन कोई भी परिवार/मतदाता भी अपने सोशल मीडिया पर अपने परिवारजनों, मित्रजनो एवं अपने परिचितों को वोट देने के लिए अपील करते हुए हैशटैग वोट देने चलो का इस्तेमाल कर उन्हें प्रेरित कर सकते हैं। साथ ही मतदान के पश्चात अपनी व अपने परिवार के साथ सेल्फी फोटो लेकर सोशल मीडिया पर हैशटैग वोट देने चलो वोट देने चलो के साथ अपलोड कर सकते हैं।

### युवक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**लोहरदगा।**



किस्को थाना क्षेत्र के कोचा गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लोगों को तब हुई, जब युवक का घर के समीप स्थित एक आम पेड़ में शव झूलता हुआ देखा गया। युवक की पहचान 18 वर्षीय प्रीतम नगेसिया के रूप में हुई है। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ कुडू प्रखंड में छठ महापर्व संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू - लोहरदगा**

अस्ताचलगामी और उदयीमान सूर्य को अर्घ्य के साथ ही कुडू प्रखंड में सूयोर्पासना व लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। कुडू प्रखंड में ऐतिहासिक टीको नदी तट मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा, जहां प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बजरंग दल छठ पूजा समिति द्वारा पूरे घाट व रास्ता की साफ-सफाई के साथ - साथ लाइट, साउंड, टेंट आदि की व्यवस्था की थी। समिति के प्रभात राज, राजेश प्रसाद, शशि कुमार, प्रमोद मांझी, संजय चौधरी, अनुराग कुमार अनु, ओम प्रकाश, प्रदीप साहू, अमित कुमार बंटू, विनय कुमार बिट्ठू, रवि कुमार, ओंकार प्रसाद, जयदीप साहू, आदि का सराहनीय योगदान रहा। पंचायत समिति सदस्य पूनम देवी के परिवारजनों ने छठव्रतियों के चलने के मार्गों में खुद से जल छिड़काव किया। वहीं नवयुवक संघ के सदस्यों ने चाय स्टाल लगाकर लोगों को दोनों दिन चाय पिलाया।

### लोहरदगा में आजसू नेता के बेटे का शव पेड़ से लटका मिला

**लोहरदगा ।** जिले के किस्को थाना क्षेत्र के खरकी पंचायत में उपर कोचा गांव से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां आम के पेड़ पर एक युवक का शव झूलता पाया गया है। मृत युवक की पहचान आजसू पार्टी के नेता बाबूलाल नगेसिया के 18 वर्षीय बेटे प्रीतम नगेसिया के रूप में हुई है. सुबह के समय ग्रामीणों ने आम के पेड़ पर प्रीतम का शव लटकता देखा, जिसके बाद उन्होंने तुरंत इसकी सूचना मृतक के पिता और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही किस्को थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए लोहरदगा के सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस अभी तक यह साफ नहीं कर पाई है कि यह आत्महत्या का मामला है या फिर किसी ने प्रीतम की हत्या कर उसके शव को पेड़ पर लटका दिया।

## केरल कमाने गए मजदूर की मौत, चार दिन बाद उपायुक्त की पहल से शव पहुंचा गांव

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड से भीठा पंचायत के मकुन्दा गांव से मजदूरी करने केरल गए एक मजदूर का शव गुरुवार एम्बुलेंस से गांव पहुंचा। इससे गांवों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।गांव मे शोक का माहौल व्यप्त है. मालूम हो कि 3 दिन पूर्व मकुन्दा गांव निवासी शनि उरांव का 41 वर्षीय पुत्र जगदेव उरांव का केरल मे संदिग्ध हालत मे मौत हो गया था।

जानकारी के अनुसार प्रखंड के भीठा पंचायत के आदिवासी बहुल मकुन्दा गांव निवासी मजदूर जगदेव उरांव 41 वर्ष की मौत 4 नम्बर की रात हो गयी। जगदेव करीब डेढ़ वर्ष पहले गांव से कमाने केरल गया था। वहाँ एक कंपनी में पिछले डेढ़ वर्ष से काम कर रहा था. उसके साथ गांव के अन्य दर्जनों मजदूर काम करते थे। मृतक मजदूर की पत्नी



फाइल फोटो

सावित्री उरांव में बताया कि शनिवार की रात पति से फोन मे बात हुई थी। वें पूरी तरह स्वास्थ्य थे। और रविवार की सुबह अचनाक मृत्यु की सूचना मिली। उसने बताया कि घर की माली हालत ठीक नहीं है।

जिसके कारण उसके पति कमाने के लिये केरल गये थे. समय समय पर वें घर खर्च के लिये पैसा भेजते थे। सावित्री ने रोते बिलखते हुए बताया कि मृत्यु की सुचना तो मिली पर उसने शव को भी कम्पनी वाले नहीं भेज रहे थे। मै एक बार अपने पतिको देखना चाहती थी ।इसी को लेकर वह सोमवार को सावित्री आवेदन बनाकर डीसी के पास पति के शव को लाने का गुहार लगाई.उसने बताया कि हॉस्पिटल में उसके पति का शव फ्रीजर में रखा गया था वहां से हिदायत दिया गया है कि 7 दिन के अंदर शव को नही ले गए तो उसे वहीं दफना देंगे। उपायुक्त के पहल से शव गुरुवार को गांव पंहुचा. इधर इस हृदय विदारक घटना से गांव में मातम का माहौल बना हुआ है। मृतक जगदेव के चार संतान है इस घटना को लेकर मृतक जगदेव की पत्नी और परिजनों को जगदेव की हत्या की आशंका जता रहे है. परिजनों ने बताया की रात को जगदेव से बात हुआ था वहा सब ठीक ठीक था फिर सुबह अचनाक मौत की सुचना मिलने से हमें संदेह हो रहा है की जगदेव की हत्या की गई है. परिजनों से प्रशासन से घटना की जाँच करने की मांग की है।

## राजपति देवी ने विभिन्न क्षेत्रों में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया

**स्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी, गरीबी, सड़क, बिजली, पानी आदि समस्याओं को जड़ से समाप्त करने के लिए हमारी पार्टी का आना बहुत जरूरी है।**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा में आजसू कांग्रेस समेत बड़ी पार्टियों के साथ इस बार एक नयी पार्टी भी चुनावी मैदान पर अपना परचम बनाते हुए दिखाई दे रहीं है ।प्रत्याशी राजपति देवी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया। कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी, गरीबी, सड़क, बिजली, पानी आदि समस्याओं को जड़ से समाप्त करने के लिए हमारी पार्टी का आना बहुत



जरूरी है। आदिवासी मूलवासियों की हितों के लिए एकमात्र विकल्प भारतीय जनजागरण गांधीवादी पार्टी बनेगी। हमारी पार्टी हर गरीब को बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ रोजी, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यक्ति और क्षेत्र का विकास चाहती है। भारतीय जनजागरण गांधीवादी पार्टी के कोषाध्यक्ष विजय प्रजापति युवाओं और जनता के बीच जा जाकर भारतीय जनजागरण गांधीवादी पार्टी की लोहरदगा प्रत्याशी राजपती देवी और पार्टी का साथ देने के लिए गुहार लगा रहे है। विजय प्रजापति का कहना है कि अगर हमारी पार्टी सत्ता में आती है तो सबसे पहले बिजली पानी और सड़क समस्या पर ध्यान देगी साथ ही जो रोजगार की कमी के वजह से यहां के युवा बाहरी राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं उन्हें और लोहरदगा की बॉक्साइट को यहीं रोकने के लिए हिंडाल्को जैसे बड़े उद्योगों में यहां की जनता के लिए रास्ता बनाएगी और उन्हें रोजगार का अवसर दिलाएगी ,भारतीय जनजागरण गांधीवादी पार्टी जिसकी लोहरदगा विधानसभा प्रत्याशी राजपती देवी है और जिनका चुनाव चिन्ह अलमारी छाप है वो भी घर घर गली गली जाकर जनता से सहयोग की उम्मीद जगा रहीं है महिलाओं के लिए गृह उद्योग तथा वृद्धों के लिए पेंशन से लेकर अनेकों वादे भारतीय जनजागरण गांधीवादी पार्टी ने अपने घोषणापत्र में शामिल किया है। मौके पर विजय प्रजापति, सुजीत साहू, देवेंद्र साहू, अश्मित दीप, रामस्वरूप तिवारी, कमला देवी, कुलदीप जायसवाल, उदय पंडित समेत अन्य मौजूद थे।

### 'हैलो वोटर्स' रोड शो का आयोजन 11 को

**लोहदगा।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदाता जागरूकता के लिए दिनांक 11 नवंबर 2024 को स्वीप कोषांग, लोहरदगा की ओर से लुथेरन विद्यालय मैदान, लोहरदगा से सीएम उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा तक हैलो वोटर्स रोड शो का आयोजन सुबह 10 बजे से किया जाएगा। यह रोड शो लुथेरन मैदान से प्रारंभ होकर, बरवाटोली चौक, न्यू रोड, पावरगंज चौक, मैना बगीचा होते हुए सीएम उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में संपन्न होगा। उक्त जानकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, सीता पुष्पा लोहरदगा द्वारा दी गई।

# एक नजर

## बाइक की टक्कर से ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** शहर के जशपुर रोड पर गुरुद्वारा के समीप एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने ऑटो चालक विक्की आलम को टक्कर मार दी। हुसैन नगर निवासी विक्की आलम इस हादसे में बुरी तरह घायल हो गए और उनका एक पैर टूट गया। गंभीर स्थिति में परिजन उन्हें गुमला सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है। सूत्रों के अनुसार, विक्की खाना खाने के लिए अपने ऑटो को गुरुद्वारा के पास खड़ा कर रुके थे। जैसे ही वह ऑटो के पास पहुंचे, एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार घटनास्थल से फरार हो गया। घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है, और उन्होंने तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है।

## पुलिस ने 1400 किलो अवैध जावा महुआ किया नष्ट

**रामगढ़।** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण भयमुक्त एवं नशामुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार के आदेश पर सभी थाना / ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। संचालित सघन अभियान के दौरान रामगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम-रांची रोड जंगल से करीब 700 कि०ग्रा०, पतरातू थाना अन्तर्गत ग्राम-जनता नगर से करीब 100 कि०ग्रा०, गोला थाना अन्तर्गत ग्राम-कामता से करीब 400 कि०ग्रा० एवं बरलंगा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम-स्वर्णरेखा नदी किनारे से करीब 200 कि0ग्रा0 अवैध जावा महुआ कुल-1400 कि०ग्रा० अवैध जावा महुआ बरामद हुआ, जो संग्रहण के दौरान विनष्ट हो गया। जिसका अनुमानित मूल्य करीब 98,000 रुपया है।

## कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी ने किया छठ महापर्व

**रामगढ़।** उदयीमान भगवान सूर्य को 8 नवम्बर की प्रातः अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो गया । इस मौके पर जिला के विभिन्न छठ घाटों में अर्घ्य अर्पित करने को लेकर व्रतियों और श्रद्धांलुओं की भारी भीड़ उमड़ी। छठ महापर्व की शुरूवात 5 नवम्बर को नहाय खाय कर अनुष्ठान से हुई। 6 नवम्बर को व्रतियों ने खरना का अनुष्ठान सम्पन्न किया। इस बार कांग्रेस की रामगढ़ विधानसभा प्रत्याशी ममता देवी ने भी विधिपूर्वक छठ महापर्व अनुष्ठान संपन्न किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के दुलमी प्रखंड स्तिथ होहद गांव में अपने घर में पूरे परिवार के साथ छठ महापर्व का खरना अनुष्ठान संपन्न किया । जिसके बाद 36 घंटे के निर्जला उपवास की शुरूआत की। उन्होंने गुरुवार को होहद के छठ घाट पर अस्चलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया । जबकि शुक्रवार को उदयीमान सूर्य को उन्होंने भक्तिभाव से अर्घ्य अर्पित किया ।

# आस्था व श्रद्धा के साथ सूर्य को दिया अर्घ्य



**नवीन मेल संवाददाता। बसिया (गुमला)** बसिया और इसके आसपास के क्षेत्रों में लोक आस्था का महापर्व छठ पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पारंपरिक श्रद्धा के साथ छठव्रतियों व हजारों श्रद्धालुओं के द्वारा नयनाभिराम छठ घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने का काम किया गया। छठ पूजा को लेकर आम धारणा यह है कि यह पर्व बिहार और उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के एक छोटे से क्षेत्र में सिमटा हुआ लोक आस्था से अधिक कुछ भी नहीं है। वस्तुतः ऐसा नहीं है और इस मामले में झारखंड के दावे को भी कमतर नहीं माना जा सकता है क्योंकि छठ पूजा में भी न मंदिर है, न मंत्र है, न पुरोहित है और न प्रतिमा की ही कोई अवधारणा है। जनजातीय आराध्य पद्धति में भी यही अवधारणा काम करती है और छठ में भी सूर्योपासना के लिए प्रकृति पूजा के इसी परंपरा का अनुपालन किया जाता है। उल्लेखनीय है कि मार्कण्डेय पुराण के नौ हजार श्लोकों में से उनके मानस पुत्री के जिस छठे अंश को सर्वश्रेष्ठ मातृदेवी के रूप में मान्यता दी गई है उसे ही आज हम छठी मैया के तौर पर पूजते हैं। आस्था के आलोक में देखें तो मार्कंडेय पुराण का पूरा संदर्भ माता कुंती और पांडवों के वनवास की गाथा से भी लगा हुआ है। ऐसे में, इस बात के पुख्ता संदर्भ मौजूद हैं कि वनवास काल के दौरान झारखंड या ब्रात्य प्रदेश में माता कुंती एक बार काम वासना से ग्रसित हो गई थी और तत्काल इस प्रदेश से बाहर निकल गई थी। अब इस मामले में लोक मान्यताओं की मानें तो मार्कंडेय पुराण में वर्णित छठ के छटा की व्याख्या झारखंड की चेतना के बगैर शायद अधुरा ही रह जाता है क्योंकि माता कुंती के काम पर नियंत्रण का संदर्भ कहीं न कहीं छठ के इसी चेतना को समर्पित रहा है। संदर्भवश इस साल एक बार फिर बसिया और यहाँ के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में छठ पर्व के चरमोत्कर्ष के तौर पर इस आस्था को महसूस किया जा रहा है जबकि यहाँ के दक्षिणी कोयल नदी के नयनाभिराम घाटों में आज छठव्रतियों का जमकर जमवाड़ा देखा गया।

## घाघरा में छठ घाटों पर उमड़ा छठव्रतियों का सैलाब



**घाघरा गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में हो रहे छठ पूजा घाघरा के लोगों ने छठ पूजा के तीसरे दिन आज डूबते सूर्य को अर्घ्य दे कर सुख समृद्धि की मांग की घाघरा के लोग छठ घाट छठ मोहल्ला, यज्ञ बगीचा छठ घाट,पतगाई नदी छठ घाट पर एकत्रित हुए और सूर्य पूजा की। प्रखंड के तीनों घाटों पर देर शाम को सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के लिए घाघरा के लोगों का तांता लग गया था जिन्होंने केले, गन्ना और कई प्रकार के पकवान का भोग लगाकर छठ गीत गाए। छठ व्रतीओ ने छठ घाट की सफाई कर सूर्य को जल चढ़ाया। इन दिनों छठ पर्व की धूम है। यह पर्व छठी माता के नाम पर मनाया जाता है।छठी माता को सूर्य भगवान की बहन माना जाता है। छठ रखने वाले लोग अपने बच्चों की लंबी उम्र के लिए 36 घंटे तक छठी माता के नाम का निर्जल व्रत रखते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल, प्राथमिक उपचार के बाद गुमला रेफर



**घाघरा गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी खपरा टोली के समीप सड़क दुर्घटना में खपरा टोली निवासी शनिवारो देवी गंभीर रूप से घायल है।घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा 108 एंबुलेंस को मदद से घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गुमला रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवारो उराइन बकरी चराने के लिए गई थी और रास्ते के किनारे बकरी लेकर लौट रही थी। इसी दौरान बिशुनपुर की ओर से घाघरा की ओर एक मालवाहक 907 जा रहा था और अनियंत्रित होकर शनिवारों को टक्कर मार दी। जिससे शनिवारों के दोनों पैर में गंभीर चोट आई है।

### निर्दलीय चुनाव लड़ रहे जेंगा उरांव की जिद से उड़ी झामुमो की नींद



**बसिया (गुमला)।** सिसई विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे जेंगा उरांव की जिद ने यहां झामुमो की नींद हराम कर दी है। फिलहाल श्री उरांव भरनो प्रखंड क्षेत्र से जिला परिषद के सदस्य हैं। क्षेत्र में कद्दावर सामाजिक नेता के तौर पर अपनी पहचान कायम करने वाले श्री उराँव को गत चुनाव तक इन्हें झामुमो की जीत के कर्णधार के तौर पर जाना जाता था। बताया जाता है कि निवर्तमान विधायक जिग्गा सुसारन होरो के कारण जेंगा उरांव ने बगावत में अपना नामांकन दर्ज कराया है। अब यह नामांकन झामुमो प्रत्याशी व विधायक श्री होरो के लिए गले की हड्डी बनकर रह गई है। इसके कई कारण हैं जबकि इस विधानसभा क्षेत्र में बहुसंख्यक जनजाति मतदाता ही चुनाव की दशा और दिशा तय करते हैं। इन मतदाताओं की मनोदशा के जानकारों के अनुसार यहां युवाओं का रूख ही अंततः सबकुछ तय करता रहा है। वर्ष 2014 के चुनाव में जनजाति समाज के इन्हीं युवाओं के दम पर बतौर निर्दलीय उम्मीदवार जिगा मुंडा ने कांग्रेस को तीसरे पायदान पर ढकेल दिया था तो कुछ ऐसे ही कारणों से वर्ष 2019 के चुनाव में उन्होंने भाजपा के कद्दावर नेता डॉ०दिनेश उराँव को बाहर का रास्ता दिखाने का कारनामा कर दिखाया था। उल्लेखनीय है कि स्वभाव से युवा बागी होते हैं और सिसई की फितरत भी बागियों को सलाम करने की रही है। अब जबकि चुनाव निकट है तो इस बात में तनिक भी संशय नहीं है कि जेंगा के नाम पर उन बागियों को एक विकल्प मिल गया है जिनके बूते यहाँ कभी तीर धनुष का जोर चला करता था और गत चुनाव तक क्षेत्र को सामाजिक नेतृत्व प्रदान करनेवाले जेंगा उराँव के मैदान में आ जाने से अब यहाँ कि खेल काफी दिलचस्प होकर रह गया है।

### सिसई बस्ती में निर्दलीय प्रत्याशी ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**गुमला।** सिसई विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी डेविड कुमार मिंज ने सिसई बस्ती में अपना चुनाव कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया।इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेरा चुनाव लड़ने का मकसद सिसई विधानसभा का चौमुखी विकास करना है। जनता हमें जीताय एक- एक जनता की समस्या सुनी जाएगी। और तुरंत समाधान किया जाएगा। जनता के हर दुख दर्द में हमेशा साथ रहूंगा। जनता के अंतिम पंक्ति तक लाभ पहुंचाने का काम किया जाएगा। सभी जाति समुदायों को साथ लेकर चलना ही मेरा मकसद है।हम ओछी राजनीति नहीं करते बल्कि जाति धर्म से ऊपर उठ कर काम करना ही मेरा लक्ष्य है। मैं जीतने के बाद हमेशा जनता के बीच रहूंगा।ये मेरा वादा नहीं वचन है। इसलिए आप सब जनता हमें जीताय निश्चित रूप से विकास किया जाएगा। मौके पर कार्यकर्ता अमानत अंसारी, आसिफ अंसारी, जानिसार आलम,सहित दर्जनों आम जनता उपस्थित थे।

### जेएलकेएम के प्रत्याशी पनेश्वर कुमार की बाइक रैली आज

## शामिल होंगे पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने 8 नवाबर को बताया की पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो रामगढ़ की पावन धरती में रामगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर विशाल बाईक रैली रामगढ़ में 9 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। बताया की इस रैली में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी , सक्रिय सदस्य तथा समर्थित जनता उपस्थित रहेंगे। कहा की टाइगर जयराम महतो की विशाल बाइक रैली मुख्य रूप से बंजारी से आरंभ होते हुए सुभाष चौक ,टायर मोड, पटेल चौक, गंडके घाटी, गोडातु , जामसिंह चौक, दुलमी बाजार, प्रियातु चौक, बुध बाजार, बोंगसावरी, वीरहोन्हे, सिकनी मोड, चितरपुर बाजारटांड, बारलोंग, निर्मल महतो चौक कोठार तथा गोबरदरहा चौक पहुंचकर संपन्न होगी । झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ रमेश कुमार महतो ने बताया की पार्टी के रामगढ़ विधानसभा प्रत्याशी पार्टी के निष्ठावान, ऊर्जावान, क्रांतिकारी व शिक्षित प्रत्याशी पनेश्वर कुमार के पक्ष में विशाल बाईक जुलूस की जाएगी। रामगढ़ विधानसभा की जनता से अपील करेंगे कि इस बार बदलाव निश्चित तौर पर करें। क्योंकि झारखंड में अच्छा नीति नियम नहीं बनने से झारखंड के युवा नौजवान हमेशा ठगा हुआ महसूस करते हैं। सबों में एक उम्मीद जग्गी हुई है की झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है।

### गुमला में छठ महापर्व की रही धूम, घाटों पर लगी श्रद्धालुओं की भीड़

## भव्य सजावट हुई, सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम



नवीन मेल संवाददाता। गुमला गुमला जिले में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस पर्व को लेकर जिले भर में विशेष धार्मिक उत्सवों का आयोजन किया गया था जो पूरे क्षेत्र में आस्था और समर्पण का प्रतीक बना रहा। छठ पूजा के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में अपने-अपने घरों से घाटों तक पहुंचे, जहां पर उन्होंने सूर्यदेव की पूजा अर्चना की।

अहले सुबह से ही गुमला जिले के प्रमुख छठ घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा था। भट्ठी तालाब, मत्स्य विभाग का वन तालाब, करमटोली, मुरली बगीचा तालाब, चेटर तालाब, और नागफेनी की कोयल नदी सहित जिले के अन्य जलाशयों पर भक्तों ने सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। व्रति विशेष रूप से दिनभर उपवासी रहकर, सूर्यास्त और सूर्यउदय के समय भगवान सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा निभाते हैं। श्रद्धालुओं ने गंगा जल और दूध से सूर्यदेव को अर्घ्य भेंट किया। इस मौके पर बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी ने आस्था के साथ भाग लिया। गुमला प्रशासन ने इस अवसर पर छठ घाटों की सुरक्षा और सजावट के लिए व्यापक इंतजाम किए थे। सभी घाटों को रंग-बिरंगे बल्बों और विद्युत सजावट से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण जगमगाता हुआ नजर आया। घाटों के पास पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विशेष रूप से, जलस्तरों की निगरानी और सुरक्षा के लिए नावों की व्यवस्था की गई थी, जिससे यदि कोई आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होती तो तुरंत सहायता मिल सके। इस पर्व में खासतौर पर ठेकुआ का प्रसाद तैयार किया जाता है, जो आटे और शुद्ध घी से बनाया जाता है। यह प्रसाद छठ पूजा का अभिन्न हिस्सा है और इसे पूरी श्रद्धा और शुद्धता से तैयार किया जाता है। श्रद्धालुओं ने इस प्रसाद को सूर्यदेव को अर्पित किया, साथ ही परिवार और मित्रों के बीच इसे वितरित भी किया।

### भरनो हाई स्कूल मैदान में कल्पना सोरेन की चुनावी सभा आज

## सिसई से प्रत्याशी जीगा सुसरण होरो के समर्थन में मांगेंगी वोट



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** सिसई विधानसभा क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रचार को गति देने के लिए झामुमो की स्टार प्रचारक और गांडेय विधायक, कल्पना मुर्मू सोरेन, 9 नवंबर को भरनो हाई स्कूल मैदान में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। इस जनसभा का उद्देश्य सिसई विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी जीगा सुसरण होरो के पक्ष में मतदाताओं का समर्थन जुटाना है। जनसभा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, और आयोजन स्थल पर सुरक्षा तथा अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। सभा में कल्पना सोरेन झारखंड सरकार की उपलब्धियों और झामुमो की नीतियों पर प्रकाश डालेंगी, साथ ही मतदाताओं से जीगा सुसरण होरो को समर्थन देने की अपील करेंगी। इस कार्यक्रम को लेकर झामुमो समर्थकों में उत्साह है, और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इस जनसभा में शामिल होने की उम्मीद है। झामुमो कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस सभा से पार्टी को मजबूत समर्थन मिलने की संभावना है, और आगामी चुनाव में झामुमो प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### वृद्ध महिला को सांप ने डंसा इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत

**गुमला।** गुमला के सदर थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव में 60 वर्षीय वृद्ध महिला बियारी देवी की सांप के डसने के बाद इलाज के दौरान सदर अस्पताल में दुखद मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार, महिला अपने बच्चों के साथ खेत में मड़वा काटने गई थी। कार्य के दौरान एक जहरीला सांप मड़वा के पौधे पर बैठा था, जिसने अचानक महिला के पैर में डस लिया। डंसने के बाद महिला को तेज दर्द और जलन महसूस हुई। वह अपने बच्चों के साथ घर लौटी और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिवार वाले तत्काल उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे उनकी मृत्यु हो गई। महिला की मौत से परिजन शोक में डूब गए हैं, और अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम न कराने की इच्छा जताई। कागजी कार्रवाई के बाद परिजन शव को अपने गांव वापस ले गए।

## अज्ञात ट्रक की टक्कर से सुमो पलटा, तीन गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** एनएच 23 पर रांची-गुमला मुख्य मार्ग के भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हरो मोड़ के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ। अज्ञात ट्रक द्वारा पीछे से टक्कर मारे जाने के बाद एक सुमो गोल्ड वाहन पलट गया, जिसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में रायडीह कोलमुंडा की रहने वाली अनीता देवी (50), उनके पुत्र अर्जुन सिंह (25), और उसी गांव के निवासी राम कुमार सिंह उर्फ छोटू (28) शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनीता देवी अपने 8 परिवारजनों के साथ सुमो गोल्ड वाहन में बेड़ों थाना क्षेत्र के इटाचिल्ड्री गांव बहु को लाने जा रही थीं। इसी दौरान कुम्हरो मोड़ के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने सुमो गोल्ड वाहन को टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुमो गोल्ड वाहन सड़क पर पलट गया, जिसके परिणामस्वरूप सुमो में सवार कुल 8 लोगों में से 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि 5 अन्य को मामूली चोटें आईं। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हुए और उन्होंने घायलों की सहायता की।

### गुमला में कल्पना सोरेन का भाजपा पर तीखा हमला

## बिशुनपुर से झामुमो प्रत्याशी चमरा लिंडा के लिए मांगे वोट



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** गांडेय की विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी, कल्पना मुर्मू सोरेन ने सोमवार को गुमला के डेवीडी स्कूल मैदान में आयोजित एक विशाल जनसभा में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के बिशुनपुर विधानसभा प्रत्याशी चमरा लिंडा के समर्थन में जनता से अधिक से अधिक संख्या में वोट देने की अपील की। इस अवसर पर कल्पना सोरेन ने भाजपा पर झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों के हितों की अनदेखी का गंभीर आरोप लगाया। कल्पना सोरेन ने अपने भाषण की शुरूआत भाजपा की चुनावी रणनीति पर सवाल उठाते हुए की। उन्होंने कहा कि इस बार झारखंड में चुनावों का समय बदल दिया गया है, ताकि भाजपा अपने लाभ के लिए इसे महाराष्ट्र के चुनावों के साथ जोड़ सके। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की एक सोची-समझी चाल है, जो आदिवासी वोटों को विभाजित कर अपने पक्ष में मोड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने झारखंड में पहले की पांच चरणों वाली चुनाव प्रक्रिया की तुलना करते हुए कहा कि अब इसे दो चरणों में सीमित कर दिया गया है, ताकि भाजपा का नियंत्रण अधिक प्रभावी तरीके से बनाया जा सके। कल्पना सोरेन ने अपने संबोधन में भाजपा पर बाहरी लोगों को झारखंड में लाकर आदिवासियों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा बड़े जहाजों में बाहरी लोगों को लाकर यहां के मासूम आदिवासियों को ठगने का काम कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सिर्फ झारखंड के खनिज और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करना चाहती है, जिससे यहां के आदिवासी और मूलवासी समुदाय के अस्तित्व को खतरा पैदा हो गया है। उनका कहना था कि भाजपा के शासनकाल में झारखंड के संसाधनों का इस्तेमाल केवल व्यापारिक लाभ के लिए किया गया है, न कि राज्य के लोगों के हित में। कल्पना सोरेन ने भाजपा की पूर्व में की गई वादों को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2 करोड़ नौकरियों का वादा किया था और 15 लाख रुपए हर व्यक्ति के खाते में देने का दावा किया था, लेकिन ये वादे आज तक पूरे नहीं हुए।

### उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का समापन

## प्रखंड के विभिन्न जलाशयों में छठव्रतियों ने उदीयमान भगवान सूर्य को दिए अर्घ्य



**नवीन मेल संवाददाता। सिसई (गुमला)** चार दिनों तक चलने वाली सूर्योपासना एवं लोक आस्था का महापर्व छठ का आज प्रातः उदयीमान भगवान सूर्य को छठ वर्तियों के द्वारा अर्घ्य दिया गया तथा पूजा अर्चना एवं हवन के साथ महापर्व का समापन हुआ। सूर्योपासना का ये महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान 5 नवंबर दिन मंगलवार से नहाय खाय के साथ शुरू हुआ। दूसरे दिन खरना का महाप्रसाद ग्रहण कर छठवर्ति 36 घंटे के उपवास रखते हुए। तीसरे दिन अस्तचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य दिये तथा चौथे दिन सिसई नागफेनी कोयल नदी, सिसई बसिया रोड परास नदी, सिसई के कुदरा छठ तालाब, एवं सिसई प्रखंड के विभिन्न जलाशयों में हजारों की संख्या में छठवर्ति प्रातः उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य दिये। इस महापर्व को सफल बनाने में भदौली कुदरा दुर्गा पूजा समिति सिसई के अध्यक्ष- विक्रांत सिंह, उपाध्यक्ष- गौतम ताम्रकर, संरक्षक - मुकेश ताम्रकर,पंकज महतो एवं समस्त पूजा समिति के सदस्यों का बड़ा योगदान रहा।

### गुमला में प्रधानमंत्री मोदी की विशाल रैली कल

## भाजपा और आजसू के प्रत्याशियों के लिए करेंगे चुनाव प्रचार



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** आगामी 10 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुमला जिले के पुग्गु हवाई अड्डा मैदान में भाजपा और आजसू के प्रत्याशियों के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। रविवार को दोपहर 1 बजे आयोजित इस रैली में प्रधानमंत्री मोदी गुमला, सिसई, बिशुनपुर, कोलेबिरा और सिमडेगा विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के लिए जनता से समर्थन की अपील करेंगे। इसके साथ ही लोहरदगा विधानसभा सीट पर आजसू के प्रत्याशी के पक्ष में भी वोट मांगेंगे। इस रैली को लेकर पूरे क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और भाजपा कार्यकताओं व समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। रैली की तैयारी के लिए आयोजन स्थल पर व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर एक विशाल मंच का निर्माण किया जा रहा है, जहां प्रधानमंत्री मोदी मंच से जनता को संबोधित करेंगे। व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी प्रबंध युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं। रैली में प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं, जिसमें स्थानीय पुलिस बल के साथ-साथ विशेष सुरक्षा एजेंसियों की भी तैनाती होगी। गुमला भाजपा जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल ने बताया कि इस रैली को लेकर जिले के हर वर्ग में खासा उत्साह है। उन्होंने कहा कि झारखंड की मौजूदा हेमंत सोरेन सरकार से जनता में निराशा का माहौल है, और लोग भाजपा को एक नई उम्मीद के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार एनडीए गठबंधन स्पष्ट बहुमत के साथ झारखंड में सरकार बनाएगा। विनय कुमार लाल के अनुसार, इस रैली में लगभग 40 हजार से अधिक लोगों के जुटने की संभावना है, जो इस बात को दर्शाता है कि जनता का रुझान भाजपा और एनडीए के पक्ष में बढ़ रहा है। इस विशाल आयोजन के लिए भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को रैली में आमंत्रित कर रहे हैं।

जीवन मुख्यतः सेवारूप होना चाहिए। उस आदर्श के बिना, प्रभु द्वारा आपको दी गई बुद्धि अपने लक्ष्य की ओर नहीं बढ़ पाती। जब सेवा में आप अपने क्षुद्र अहं को भूल जाएंगे, तब आप परमात्मा के विराट स्वरूप का अनुभव करेंगे। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद विश्व और भारत

डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में की वापसी ने दुनियाभर में खलबली मचा दी है। चर्चा है कि ट्रंप 2.0 में ऑस्ट्रेलिया, भारत, अमेरिका और जापान की प्रतिभागिता वाला क्वाड क्या और मजबूत होगा ? संभावना है कि ट्रंप प्रशासन चीन के बढ़ते दबदबे को रोकने की भी कोशिश करेगा ,भारत और अमेरिका के बीच रक्षा, सुरक्षा, आतंकवाद पर रोक और सुरक्षा जनकारियों की साझेदारी और बढ़ने की संभावना है । ट्रंप चीन समेत कई देशों के माल पर ज्यादा इंपोर्ट ड्यूटी लगा सकते हैं भारत से टेक्सटाइल्स, ऑटोमोबाइल्स और दवाओं का बड़ा निर्यात अमेरिका को होता है। इन पर असर पड़ सकता है। ट्रंप की चीन विरोधी नीति के चलते अमेरिकी कंपनियां चीन के बजाय भारत में निवेश कर सकती हैं।इस बात पर हर किसी की निगाहें है कि नए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत के साथ कैसा व्यवहार रखते हैं। बांग्लादेश के हिंदू अल्पसंख्यकों को लेकर ट्रंप ने खुलकर बयान दिया था । भारत से दोस्ती रखना ट्रंप की जरूरत बताई जाती है। अमेरिका चीन को अपना दुश्मन नं 1 मानता है। चीन को घेरने में भारत की मददगार हो सकता है। चीन की विशाल अर्थव्यवस्था का अमेरिका पर भी सीधा असर पड़ता है। यूरोपीय देशों के बाजार चीनी उत्पादों से अटे पड़े हैं। अपनी विशाल आबादी का चीन ने भरपूर उपयोग किया है। लेबर सस्ती होने और मौसम अनूकुल होने का लाभ उसने भरपूर उठाया है। कम लागत और उच्च तकनीकी के क्षेत्र में चीन दुनिया में आगे है जिस कारण उसे नकारना आसान नहीं । 2027 तक चीन ताइवान पर कब्जा करना चाहता है लेकिन ताइवान की ढाल बनकर अमेरिका खड़ा है। चीन अगर कोई हिमाकत करता है तो ट्रंप चीन के खिलाफ ट्रेड वार को तेज कर सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति रहते हुए भारत और अमेरिका के रिश्ते बहुत मजबूत हुए थे। बाइडेन-कमला हैरिस के कार्यकाल में दोस्ती भी बनी टकराव भी हुआ। अभी कनाडा से भारत के टकराव और आतंकी पन्नू को लेकर भारत और अमेरिका के रिश्ते में टकराव दिख रहा है जबकि डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति रहते हुए भारत और अमेरिका की दोस्ती ज्यादा मजबूत नजर आई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की नीतियां अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी से काफी मेल खाती हैं, ऐसे में उम्मीनद करना चाहिए कि ट्रंप के आने से भारत को कनाडा पर दबाव बनाने में मदद मिलेगी। खालिस्तान मुद्दे को लेकर भी ट्रंप का रुख साफ है वे इस मामले मे किसी भी तरह की हिंसा नहीं चाहते।डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अगर मैं चुनाव जीत गया तो रूस और यूक्रेन की जंग को 24 घंटे में बंद करा दूंगा। भले ही 24 घंटे में ऐसा संभव नहीं हो पाए। लेकिन इसके पीछे ये साफ संकेत है कि यूक्रेन को सपोर्ट जरूर बंद या कम किया जा सकता है। जैसे ही अमेरिकन सपोर्ट यूक्रेन को कम होगा तो ये जाहिर सी बात है कि शांति वार्ता की पहल तेज हो जाएगी। नाटो और अमेरिका के समर्थन से ही यूक्रेन रूस के साथ अभी तक युद्ध में टिका हुआ है। इस बात की संभावना काफी तेज है कि ट्रंप के सत्ता संभालते ही यूक्रेन को सपोर्ट कम होगा और युद्ध बंद होने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

> 2027 तक चीन ताइवान पर कब्जा करना चाहता है लेकिन ताइवान की ढाल बनकर अमेरिका खड़ा है। चीन अगर कोई हिमाकत करता है तो ट्रंप चीन के खिलाफ ट्रेड वार को तेज कर सकते हैं।



# मनरेगा अंतिम विकल्प नहीं बन सकी



राकेश दुबे

मनरेगा अर्थात महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना लागू हुए लगभग 18 वर्ष हो चुके हैं और विभिन्न अध्ययनों ने दिखाया है कि ग्रामीण आजीविका पर इसका प्रभाव कितना सकारात्मक रहा है ?कहने को यह योजना महामारी के दौरान और समाज के सर्वाधिक संवेदनशील वर्गों को जरूरी सहायता प्रदान करने में विशेष तौर पर उपयोगी साबित हुई,परंतु इस योजना में भागीदारी करने वाले कामगारों की संख्या भी पिछले वर्ष के मुकाबले 8 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है और इस दरम्यान पंजीकृत कामगारों की सूची में 39 लाख नामों की शुद्ध कमी भी आई है । यह बहस इस योजना के प्रदर्शन पर लिबटेक के हालिया विश्लेषण के बाद आरंभ हुई है, जिसमें दिखाया गया है कि योजना के तहत रोजगार में 2023-24 की पहली छमाही से 2024-25 की पहली छमाही के बीच 16 प्रतिशत से भी अधिक कमी आई।रिपोर्ट में आधार पर आधारित भुगतान प्रणाली के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का भी जिक्र किया गया और बताया गया कि 24.7 प्रतिशत कामगारों को एबीपीएस के जरिये मजदूरी नहीं मिल पा रही है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने भी स्पष्ट किया है कि योजना के अंतर्गत कामगारों के काम के कुल दिनों का सटीक लक्ष्य तय नहीं किया जा सकता क्योंकि यह योजना मांग पर चलती है और चालू वित्त वर्ष अब भी चल रहा है। उसने यह भी कहा है कि 2006-07 से 2013-14 तक केवल 1,660 करोड़ कामगार दिवस सृजित हो सके, जबकि 2014-15 से 2024-25 तक 2,923 कामगार दिवस सृजित हुए। इससे संकेत मिलता है कि पिछले दस वर्ष में बहुत अधिक रोजगार सृजन हुआ है। 99.3 प्रतिशत सक्रिय कामगारों के आधार को भी योजना से जोड़ दिया गया है, जिससे बहुत लाभार्थियों को भुगतान बेहतर तरीके से दिया जा रहा है और भुगतान में विलंब कम हुआ है।

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण में जारी आंकड़े बताते हैं कि जुलाई-सितंबर 2023 और अप्रैल-जून 2024 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थायी कामगारों की औसत दैनिक मजदूरी आय 7.7 प्रतिशत बढ़ गई। इसका श्रेय सरकार द्वारा लक्षित अंतरण और मनरेगा जैसी योजनाओं को दिया जा सकता है। 2024-25 में न्यूनतम औसत अधिसूचित मजदूरी दर 7 प्रतिशत तक बढ़ाई गई। 2024-25 के बजट में इस योजना के लिए 86,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया, जो अभी तक का सर्वाधिक आवंटन है और पिछले वर्ष से 43.3 प्रतिशत अधिक है। किंतु यह 2023-24 में हुए वास्तविक खर्च से कम है। उस वित्त वर्ष में योजना के तहत 1.05 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। लेकिन चूंकि योजना मांग पर चलती है, इसलिए मांग के हिसाब से बाद में आवंटन बढ़ाया जा सकता है।

निस्संदेह मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में आय तथा आजीविका बढ़ाने के लिए मजबूत कल्याणकारी माध्यम रही है। किंतु रोजगार तलाश रहे लोगों के लिए यह अंतिम विकल्प होनी चाहिए। पिछले कुछ महीनों में इसकी मांग घटी है मगर अब भी यह महामारी से पहले के स्तरों से अधिक है।आवंटन में लगातार इजाफे और अधिक भागीदारी से यही लगता है कि अर्थव्यवस्था पर्याप्त संख्या में लाभकारी रोजगार उत्पन्न नहीं कर रही है, जो नीति निमार्ताओं के लिए चिंता की बात होनी चाहिए। इस स्तंभ में पहले भी बताया गया है कि कृषि में लगे श्रमबल का अनुपात पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है और घटकर महामारी से पहले के स्तर (2018-19 में 42.5 प्रतिशत) पर नहीं लौटा है। वास्तव में 2018-19 का आंकड़ा भी ऊंचा था और श्रम बाजार में कमजोरी दर्शा रहा था। रोजगार गारंटी योजना ग्रामीण परिवारों को आवश्यक सुरक्षा तो प्रदान करती है किंतु वास्तविक बहस इस पर होनी चाहिए कि इतने अधिक परिवारों को इसकी जरूरत क्यों पड़ रही है और ऐसी योजनाओं पर निर्भरता हमेशा के लिए कम करने हेतु क्या किया जाना चाहिए।कम कौशल वाले विनिर्माण में बड़ी तादाद में नौकरियां सृजित करना ही स्पष्ट तौर पर इसका समाधान है ताकि कृषि क्षेत्र से दूसरे क्षेत्रों की ओर जाना आरंभ हो। वास्तव में भारत पिछले कई दशकों में ऐसा नहीं कर पाया है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

# छठ गीतों और शारदा सिन्हा ने एक-दूसरे को प्रसिद्धि दिलाई



बिनोद सिंह गहरवार

'शारदा सिन्हा', एक ऐसा नाम जिसके लोक गीतों के बिना हम लोकआस्था का पावन पर्व छठ की कल्पना नहीं कर सकते, जिसके भोजपुरी गीतों के बिना हम भोजपुरी गीत - संगीत आयोजन की कल्पना नहीं कर सकते और यहाँ तक कि इनके बिना भोजपुरी संस्कार गीतों की कल्पना नहीं कर सकते। उन्नीस सौ अस्सी या नब्बे के दसक में भोजपुरी लोक गीत गगन मण्डल पर दो सीतारे देदीप्यमान नक्षत्र के रुप में एकसाथ उभरे , 'शारदा सिन्हा और भरत शर्मा'। एक ओर भारत शर्मा का गीत ,'गोरिया चाँद के अँजोरिया नियर गोर बारु हो ,तोहार जोड़ केहु नइखे बेजोड़ बारु हो ,' भोजपुरिया जनमानस पर धूम मचा रहा था तो, उधर शारदा सिन्हा का ,' कोयल बिनु बगिया ना सोभे राजा,' या फिर ,'पनिया के जहाज से पलटनिया बनी आइहऽ , पिया ले ले अइहऽ हो एगो झुमुका बंगाल से ,' लोगों को भोजपुरी मिट्टी की सोंधी सुगंध से विभोर कर रहा था। शारदा सिन्हा भोजपुरिया नहीं थी। उनका जन्म बिहार के सुपौल जिला के हुलास गाँव मे 1 अक्टूबर, 1952 मे हुआ था। भोजपुरी से इनका दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं था।पर कहते हैं न परिश्रम और लगन की बड़ी महिमा होती है और यही परिश्रम और लगन ने शारदा सिन्हा जी को अंगिका से भोजपुरी , भोजपुरी से सिनेमा , और सिनेमा से पदमविभूषण और पद्मश्री की ऊँचाई तक ले गया। जब कभी, चाहे गाँव हो या सहर , बाजार में, दुकान पर, या बस या फिर मोटर गाड़ी में, या चौक-चौराहे पर ,''कहेलन महेंदर मिशिर सुनऽ दिलऽजानी , केकरा से आग मागब, केकरा से पानी ,केकरा प छोड़ के जालऽ टूटही पलानी,गीत सुरीली ,खनक और सरस धुन मे बजता था तो लोग सायकिल , मोटरसायकिल ,कार रोक कर गीत सुनने लगते थे। शरदाजी संगीत के सारे विधाओ को स्वर दी हैं, कलकतवा से आवे ला झुमकऽ भारी ,पाँच के पच्चीस के छत्तीस के रे झुमुका ,कँगना से झुमुका अधिक भारी, झूमर सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे। इनका गाया ठुमका, बताव चाँद केकरा से कहाँ मिले जालऽ, तो लोगों के जुबान पर बस गया था। जब , कइनी हम कवन कसूर हो नयनवा से दूर कइलऽ बलमु , कँचन थारी मे जेवना पड़ोसनी, ओकरो के कइलऽ ना कबूल हो नायनवा से दूर कइलऽ बलम, गीत उनके मुँह से निकलता था तो हर किसी के दिल को छु देता था। वैसे तो इन्होंने हिन्दू संस्कार से संबंधित अनेक गीत गाया है ...जैसे राम विवाह ,सखी हे सुंदर वर सिर चंदन नहीं , सखी हे रानी कौशल्या के लाजों नाहीं, या फिर , राम जी से पूछे जनकपुर के नारी, बतावऽ बबुआ ,लोगावा देत काहे गारी, बतावऽ बबुआ, राजा दशरथ जी कइले होशियारी,एगो पुरुष पे रखलें तीन-तीन गो नारी, बतावऽ बबुआ, ... तो लोग हँसते- हँसते गिर जाते थे।**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## काम की बात

# आखिर आतंकवाद चाहता कौन है?



योगेश कुमार सोनी

जम्मू-कश्मीर में नई सरकार बनने के बाद लगातार हो रहे आतंकी हमलों से हर कोई परेशान है। केंद्र सरकार के साथ लगभग सभी राजनीतिक दल इस बात से हैरान भी हैं कि आमजन में दहशत क्यों फैलाई जा रही है। आश्चर्य इस बात का भी है कि इस बार एक माह के भीतर हमले वहां हुए जहां पहले कभी नहीं हुए। मजदूरों तक को निशाना बनाया गया। इस विषय में सभी दलों के बड़े नेताओं से चर्चा भी हुई तो उन्होंने आतंकवाद का एक सुर में विरोध किया। यह सुनकर अच्छा भी लगा कि हर कोई आतंकवाद के विरुद्ध है। यहां समझना जरूरी है कि विशेषज्ञों का बड़ा तबका यह मानता है कि किसी भी प्रकार का हमला बिना किसी नेता या बड़े रसूख वाले व्यक्ति की मिलीभगत के बिना संभव नहीं। हालांकि पूर्व में जो भी हमले हुए, उनके बारे में पुलिस जांच का निष्कर्ष है कि इनमें स्थानीय लोगों का भी हाथ रहा है। मगर यह लोग कभी नहीं पकड़े गए। जो पकड़ा गया वह अलगाववादी नेता या किसी अन्य पार्टी का कार्यकर्ता व नेता ही मिला, लेकिन कभी भी इस बात को उजागर नहीं होने दिया जाता था। आश्चर्य की बात यह है कि आतंकी घटनाक्रम को नेता अपने एक पैटर्न से समझाते आ रहे हैं कि आतंकवादी संगठन जम्मू-कश्मीर के युवाओं के दिमाग में जहर भरते हैं जिसको लेकर उनके दिल-दिमाग में कट्टरता आ जाती है और देश विरोधी गतिविधि के में शामिल हो जाते हैं और इसका आरोप पाकिस्तान पर मढ़ देते हैं। बात में काफी हद तक सच्चाई भी है लेकिन सवाल यह ही है कि आमजन जो जीवन में अपनी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है उसे पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों से मिलवाता कौन है या सबसे पहले माइंड कौन डायवर्ट करता है। इन सभी बातों के आधार पर तो यह तय हो जाता है कि देश की असली दुश्मन देश में ही हैं। हम हर छोटे से छोटे हमले पर भी पाकिस्तान पर बात टाल देते हैं। यह सत्य है कि पाकिस्तान आतंकवाद की फैक्ट्रियां खोले बैठा है लेकिन हमें अपने देश में पल रहे पाकिस्तान परस्त लोगों व आतंकियों पर भी चर्चा करनी होगी। चर्चा हुई भी। पकड़े भी गए लेकिन पूर्ण रूप खत्म न होने पर जनता अभी भी परेशान है। हाल ही की स्थिति यह है कि जम्मू-कश्मीर के लोग अपने घर से बाहर निकलते हैं लेकिन वापस घर आएंगे यह पता नहीं। चूंकि आतंकवादी किसी पर भी बिना वजह हमला कर रहे हैं। उद्देश्य स्पष्ट न होने की वजह से अभी तक तो यह माना जा रहा है कि दहशत फैलाने की वजह से यह सब हुआ। पड़ोसी देश से आतंकवाद पर कई बार चर्चा हुई लेकिन आजादी लेकर आज तक कोई हल नहीं निकला।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

**कुछ लोग केवल अपने परिवार के बारे में ही सोचते हैं : हम चार और, नहीं कोई और। अन्य केवल अपने बारे में ही सोचते हैं : मैं सुखी कैसे हो सकता हूं? परंतु यही वे लोग होते हैं जो कभी सुखी नहीं होते। केवल अपने लिए जीना ही सभी दुःखों का स्रोत है।**

# नकारात्मक मनोदशाओं से मुक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

प्रसन्नता दूसरों को प्रसन्न करने में और निजी स्वार्थ को छोड़कर दूसरों को आनन्द देने में निहित है। दूसरों को सुख देना हमारे अपने सुख के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है और यह सर्वाधिक सन्तुष्टिदायक अनुभव है। कुछ लोग केवल अपने परिवार के बारे में ही सोचते हैं: हम चार और, नहीं कोई और। अन्य केवल अपने बारे में ही सोचते हैं: मैं सुखी कैसे हो सकता हूँ? परन्तु यही वे लोग होते हैं जो कभी सुखी नहीं होते। केवल अपने लिए जीना ही सभी दुःखों का स्रोत है। दूसरों को आध्यात्मिक, मानसिक और भौतिक सेवा प्रदान करने से आप अपनी निजी आवश्यकताओं को पूरा होते पाएँगे। जब आप दूसरों की सेवा में अपने स्वयं को भुला देंगे, तो आप पाएँगे कि आपका अपना सुख का प्याला बिना माँगे ही भर जाएगा। जब आप इस संसार में आए थे, तो आप रोए थे और अन्य सब मुस्कुराये थे। आपको अपना जीवन इस प्रकार बिताना चाहिए कि जब आप जाएँ, तो अन्य सब व्यक्ति रो रहे होंगे, परन्तु आप मुस्कुरा रहे होंगे। आप जितना अधिक गहरा ध्यान करेंगे और जितनी अधिक स्वेच्छा से सेवा करेंगे, उतने ही अधिक सुखी होंगे।

ध्यान एवं अपनी चेतना का, नित्य-विद्यमान, नित्य-चेतन, नित्यनीवन-आनन्द, जो कि ईश्वर हैं, के साथ अन्तर्सम्पर्क करे, अपने भीतर प्रसन्ता की सभी अवस्थाओं को बनाए रखना सीखें। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**कुछ तो बांधी रोशनी, कुछ कुछ बांधी आंख।**
**तय उड़ान थी जिस जगह, कटे वहीं सब पांख।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## देश की बात

# विशेष दर्जे की बहाली का प्रस्ताव अंधेरों की आहट



ललित गर्ग

नेशनल कॉन्फ्रेंस एवं उमर अब्दुला सरकार ने सदन में अपने बहुमत का लाभ उठाते हुए बुधवार को बिना अनुच्छेद 370 की पुर्नबहाली शब्द का इस्तेमाल कर, विशेष दर्जे की बहाली का प्रस्ताव तीखी झड़पों, हाथापाई, लात-घूंसे एवं शोरशराबे के बीच ध्वनिमत से पारित करा, साबित कर दिया है, वह पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ इस होड़ में पीछे रहने के मूड में नही है। ऐसा लगता है कि जम्मू कश्मीर में अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति फिर से परवान चढ़ने लगी है, आम कश्मीरी अवाम को गुमराह कर उसे बबार्दी की तरफ धकेलने की कुचेष्टाएं प्रारंभ हो गयी है। इस पारित प्रस्ताव में केंद्र सरकार से कहा गया है कि वह विशेष दर्जा वापस देने के लिए राज्य के प्रतिनिधियों से बातचीत करे। बुधवार को नवगठित राज्य विधानसभा में जब यह प्रस्ताव उप-मुख्यमंत्री सुरिंदर सिंह चौधरी ने पेश किया, तभी यह स्पष्ट हो गया था कि चौधरी का चयन ही इसलिए किया गया है कि भारतीय जनता पार्टी इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश न कर सके। लेकिन भाजपा ने एक विधान एक निशान और राष्ट्रवाद के प्रति अपनी संकल्पबद्धता को दोहराते हुए इस प्रस्ताव का विरोध कर बताया कि वह प्रत्यक्ष तो क्या परोक्ष तौर पर भी किसी को घड़ी की सुइयां पीछे मोढ़ने की अनुमति नहीं देगी। जब तक केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार है, कोई भी अनुच्छेद 370 और 35ए को वापस नहीं ला सकता। अनुच्छेद 370 एक मरा हुआ सांप है, जिसे वह एक गले से दूसरे गले में डाल, जहर, आतंक एवं हिंसा फैलाने के षडयंत्र को सफल नहीं होने देगी। कश्मीर के नेताओं को समझना ही होगा कि पूरे भारत में अनुच्छेद 370 को लेकर जैसा जनमानस है, उसे देखते हुए अनुच्छेद 370 की वापसी असंभव है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर की धरती पर अनेक सकारात्मक स्थितियां उद्घाटित हुई है, विशेषतः लोकतंत्र को जीवंतता मिली है, वहां की अवाम ने चुनावों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, शांति एवं विकास से इस प्रांत में एक नई इबारत लिखी जाने लगी है। जम्मू-कश्मीर हमारे देश का वो गहना है जिसे जब तक सम्पूर्ण भारत के साथ जोड़ा नहीं जाता, वहां शांति, आतंकमुक्ति एवं विकास की गंगा प्रवहमान नहीं होती, अधूरापन-सा नजर आता रहा है। इसलिए इसे शेष भारत के साथ हर दृष्टि से जोड़ा जाना महत्वपूर्ण है और यह कार्य मोदी एवं उनकी सरकार ने करके एक नये सूरज को उदित किया है, अब उस सूरज को अस्त नहीं होने दिया जायेगा। बड़ी जद्दोजहद से वहां एक नया दौर शुरू हुआ है, अब इस सुनहरे एवं उजले दौर को स्वार्थी एवं सत्ता की अलगाववादी एवं विघटनकारी राजनीति की भेंट नहीं चढ़ने देना चाहिए। भारत की महानता उसकी विविधता में है। साम्प्रदायिकता एवं दलगत राजनीति का खेल, उसकी विविधता में एकता की पीठ में छुरा भोंकता रहा है, घाटी उसकी प्रतीक बनकर लहूलुहान रही है। जब हम नये भारत-सशक्त भारत बनने की ओर अग्रसर हैं, विश्व के बहुत बड़े आर्थिक बाजार बनने जा रहे हैं, विश्व की एक शक्ति बनने की भूमिका तैयार करने जा रहे हैं, तब हमारे मस्तक के ताज जम्मू-कश्मीर को जाति, धर्म व स्वार्थी राजनीति से बाहर रखना सबसे बड़ी जरूरत है। इसी दिशा में घाटी को अग्रसर करने में मोदी सरकार के प्रयत्न सराहनीय एवं स्वागतयोग्य रहे हैं। घाटी की कमजोर राजनीति एवं साम्प्रदायिक आग्रहों का फायदा पडोसी उठा रहे हैं, जिनके खुद के पांव जमीन पर नहीं वे आंख दिखाते रहे हैं। अब ऐसा न होना, केन्द्र की कठोरता एवं सशक्तीकरण का द्योतक हैं। कश्मीर के तथाकथित राजनीतिक कर्णधारों! अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति छोड़ो। अगर तेवर ही दिखाने हैं तो देश के दुश्मनों को दिखाओ, पडोसी देश के मनसूंबों को निस्तेज करों। अतीत की राजनीतिक भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से आगे कदमों को बढ़ाना, जम्मू-कश्मीर की चुनी हुई सरकार का संकल्प होना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य के साथ ही महापर्व छठ संपन्न

पटना। लोक आस्था का पर्व छठ शुक्रवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ ही संपन्न हो गया। चार दिवसीय इस अनुष्ठान के चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। व्रतियों ने 36 घंटे के अटूट निर्जला उपवास के बाद अन्न जल ग्रहण कर पारण किया। शुक्रवार को अहले सुबह से ही पटना सहित पूरे बिहार में गंगा तट से लेकर तालाबों, विभिन्न जलाशयों के किनारे बने छठ घाटों तक लाखों श्रद्धालुओं ने आकाश में सूर्य की लालिमा के साथ ही भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया गया। पटना के गंगा तट पर बड़ी संख्या में छठ व्रती उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पहुंचे। वहीं झारखंड, दिल्ली, बनारस, प्रयागराज जैसे कई शहरों में भी छठ धूमधाम से मनाया गया।

## नोटबंदी विश्व का सबसे बड़ा घोटाला : तेजस्वी यादव

एजेंसी। पटना



बिहार विधानसभा में नेता विपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को भाजपा पर नोटबंदी को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज नोटबंदी की आठवीं बरसी है। नोटबंदी विश्व का सबसे बड़ा घोटाला है। इसके कारण भ्रष्टाचार में बेतहाशा वृद्धि हुई। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने देशभर के प्रत्येक जिले में अपने लिए जमीनें खरीदी, फाइव स्टार कार्यालय बनवाए, हजारों करोड़ के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे। स्विस बैंकों में 2014 के बाद भारत का काला धन बढ़ा, आतंकवादी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई। सारे कथित भ्रष्टाचारी एजेंसियों के डर से भाजपा के साथ आ गए। भाजपा के लोगों को अपनी गलती को पहचाननी चाहिए। उन्होंने कहा कि नोटबंदी को लेकर क्या-क्या कहा जा रहा था और हुआ क्या। काला धन समाप्त हो जाएगा, आतंकवाद समाप्त हो जाएगा। झारखंड चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव में अब चार दिन रह गए हैं। बिहार में भी चार सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। चुनाव में सभी लोग लगे हुए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'अयोध्या तो हो गया काशी, मथुरा बाकी है' वाले बयान पर उन्होंने कहा कि अयोध्या का परिणाम क्या रहा, यह सब चीज अब चलने वाला नहीं। नफरतों की राजनीति ज्यादा लंबी नहीं चलती।

# दुनिया की कोई भी ताकत कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी नहीं करा सकती : पीएम



एजेंसी। धुले

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 को लेकर मचे कोहराम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के धुले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में केवल बाबा साहेब अंबेडकर का ही संविधान चलेगा। दुनिया की कोई भी ताकत कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी नहीं करा सकती है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी ब्लॉक वालों को जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का मौका मिला, वो कश्मीर को लेकर फिर से नई साजिशें करने लगे हैं। दो-तीन दिन पहले आपने टीवी में देखा होगा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में क्या कुछ हुआ। कांग्रेस-एनसी गठबंधन ने वहां फिर से आर्टिकल 370 लागू करने का प्रस्ताव पारित किया है। क्या ये देश स्वीकार करेगा। कश्मीर को तोड़ने का कांग्रेस का ये कारनामा आपको मंजूर है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आर्टिकल 370 के समर्थन में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में बैनर लहराए गए। जब भाजपा के विधायकों ने जी जान से उसका विरोध किया, उन्हें उठा-उठाकर के सदन के बाहर फेंक दिया गया। कांग्रेस और उनके सहयोगी की ये घिनौनी सच्चाई पूरे देश और महाराष्ट्र को समझनी होगी। कांग्रेस-एनसी गठबंधन एक तरफ जम्मू-कश्मीर से भारत के संविधान हटाने का प्रस्ताव पास करता है। कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब का संविधान नहीं चाहती है। कांग्रेस गठबंधन महाराष्ट्र में आकर संविधान की झूठी किताब लहराती है।

### गाड़ी में न पहिए न ही ब्रेक, ड्राइवरी के लिए हो रहा झगड़ा : पीएम

धुले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के धुले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए महाविकास अघाड़ी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि महाअघाड़ी की गाड़ी में न पहिए हैं, न ब्रेक है, लेकिन ड्राइवर के लिए झगड़ा हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी को, भाजपा को, महायुति को, महायुति के एक-एक उम्मीदवार को आपका आशीर्वाद चाहिए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि पिछले ढाई वर्षों में महाराष्ट्र के विकास को जो गति मिली है, उसे रुकने नहीं दिया जाएगा। अगले 5 वर्ष महाराष्ट्र की प्रगति को एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। महाराष्ट्र को जिस सुशासन की जरूरत है, वह महायुति सरकार ही दे सकती है।

**पीएम ने महाविकास अघाड़ी पर जमकर हमला बोला**

### वीडीसी की हत्या गंभीर चिंता का विषय : शेख बशीर अहमद

**जम्मू।** किश्तवाड़ जिले के वन क्षेत्र में आतंकवादियों ने ग्राम रक्षा समिति (वीडीसी) के दो कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता शेख बशीर अहमद ने शुक्रवार को कहा कि यह बहुत बड़ी साजिश है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमले को लेकर अपनी रणनीति बदलते रहते हैं और हमें अब अलर्ट रहने की जरूरत है। बता दें कि गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के वन क्षेत्र में आतंकवादियों ने ग्राम रक्षा समिति (वीडीसी) के दो सदस्यों का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी। आतंकवादियों के हमले में मारे गए वीडीसी सदस्यों की पहचान नजीर अहमद और कुलदीप कुमार के रूप में हुई। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया था, मारे गए वीडीसी सदस्यों के शव बरामद कर लिए गए हैं और हत्यारों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।



### अनुच्छेद 370 इतिहास का हिस्सा बन चुका है

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के भाजपा अध्यक्ष सतपाल शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान के इशारे पर इन क्षेत्रों को अस्थिर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हमारे दो युवा विलेज डिफेंस ग्रुप के सदस्य शहीद हो गए हैं, उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। अनुच्छेद 370 और 35ए अब इतिहास का हिस्सा बन चुका है और वापस नहीं आ सकता। इसके हटने से महिलाओं को, पश्चिमी पाकिस्तानी शरणार्थियों को, गोरखा समुदाय को और वाल्मीकि समाज के लोगों को उनका हक मिला। जो हक उनको मिला है, क्या हम चाहेंगे वो छीन जाएं? जम्मू-कश्मीर में चुनी हुई सरकार लोगों के हितों की बात नहीं करना चाहती।



## जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई : सीएम योगी आदित्यनाथ

एजेंसी। मुजफ्फरनगर



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मोरना में विधानसभा उपचुनाव में मीरापुर सीट के अपने पक्ष के उम्मीदवार के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई। यह सपा का नया ब्रांड है। यह बेटी-बहन की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा 2012 से 2107 के बीच में एक नारा चलता था। एक बार मैं मुजफ्फरनगर आया था, तब एक नौजवान भीड़ से कह रहा था कि जिस गाड़ी पर सपा का झंडा, समझो बैठा है कोई गुंडा। आज मैं कह सकता हूं, जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई। इनके कारनामे अयोध्या और कन्नौज में देखने को मिले हैं। इनको लोकलाज नहीं है। बेटियों और बहन की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले लोग हैं। इनके वास्तविक संस्कार देखने हैं तो सपा के सोशल मीडिया के हैंडल देखें, कितने घटिया स्तर की बातें करते हैं। यह सपा के चरित्र को दिखाता है। डबल इंजन की सरकार बेटी और बहन के साथ खिलवाड़ नहीं करने देगी। आज बहन-बेटियों के सम्मान से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता है। अब यूपी में दंगा नहीं हो रहा है, ना पलायन हो रहा है। जल्दी मुजफ्फरनगर को रैपिड ट्रेन का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 60 हजार पुलिस भर्ती का परिणाम आने वाला है, यहां का युवा खेलता है, जो पहले मेडल लाते थे, अब इन जिलों के युवा बड़ी संख्या में भर्ती होते हैं। खिलाड़ियों के लिए नई पॉलिसी बनाई गई है। जो हमारे लिए देश के लिए मेडल जीतते हैं, उन्हें हम मेडल भी देते हैं और रुपये भी।

### बिहार में 300 रुपये को लेकर हुए विवाद में बुजुर्ग की हत्या

**बिहारशरीफ।** बिहार के नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की कुछ लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोप लगाया जा रहा है कि मात्र 300 रुपए के विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, अजयपुर गांव के रहने वाले सदन मिस्त्री की गुरुवार की शाम स्थानीय लोगों ने पिटाई कर दी थी। शुक्रवार को इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। आरोप है कि सदन मिस्त्री और गांव के ही संतोष यादव के बीच 300 रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद था।

## मुस्लिम महिलाएं न्याय मांग रही थीं, तो इंडी एलायंस कहां था : स्मृति

एजेंसी। मुंबई



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में वोट जिहाद की एंट्री से राजनीति गरमा गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी शुक्रवार को चुनाव के सिलसिले में मुंबई में थीं। यहां उन्होंने वोट जिहाद पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। स्मृति ईरानी से मीडिया ने सवाल पूछा कि मराठी मुस्लिम संघ द्वारा वोट जिहाद किया जा रहा है। कई जगहों पर मुसलमानों को महाविकास अघाड़ी को वोट देने के लिए कहा गया है। इसे लेकर भाजपा ने चुनाव आयोग में शिकायत भी दी है। चुनाव आयोग ने इस पर कार्रवाई करने की बात कही है। इस पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, जो लोग वोट जिहाद का आक्रमण देश के लोकतंत्र पर, देश के संविधान पर कर रहे हैं, मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि वह कहां थे, उस वक्त जब तीन तलाक से पीड़ित मुस्लिम महिलाएं न्याय मांग रही थीं। वोट जिहाद की बात करने वाले लोग तब कहां थे, जब गरीब मुसलमान, नौजवान अपने लिए सुविधा, शिक्षा की मांग कर रहा था। जो लोग सोचते हैं कि वह इस प्रकार से वोट जिहाद कर आक्रामक तरीके वोट पा लेंगे, वो लोकतंत्र की शक्ति को नहीं पहचानते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## केजरीवाल वीवीआईपी कल्चर के सबसे बड़े प्रतीक: भाजपा

एजेंसी। नई दिल्ली(हि.स.)



भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार करने और वीवीआईपी कल्चर अपनाने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि साइज में बड़े कपड़े पहनकर आम आदमी होने का दावा करने वाले आआपा नेता रहते आलीशान शीश महल में हैं। पार्टी मुख्यालय में आज आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता गौरव भाटिया ने हाल ही में पीडब्ल्यूडी की ओर से बनाई गई इन्वेंटरी के आधार पर आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल वीवीआईपी कल्चर का सबसे बड़ा प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि एक समय में केजरीवाल दिल्ली की मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित के आवास पर 10 एसी होने का मुद्दा उठाते थे लेकिन अब उनके आवास में 250 टन के एसी लगे हैं। वे 1 करोड़ रुपये के समोसे खा जाते हैं। आवास में 88 इंच का टीवी है। इसके साथ ही भाटिया ने राहुल की सभा में संविधान की कथित तौर पर रिक्त पेजों वाली संविधान की प्रति वितरित करने का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि संविधान की बात करने वाले इसके मूल सिद्धांतों से बहुत दूर भटक गए हैं। संविधान की शपथ लेने वाले विपक्ष के नेता राहुल गांधी भारत का संविधान लिखते हैं और जब इस पुस्तक को खोला जाता है तो यह सिर्फ कोरा कागज होता है। उन्होंने पूछा कि डॉ. बीआर अम्बेडकर ने भारत को केवल संविधान का आवरण दिया था? क्या विपक्ष के नेता को संविधान नहीं पढ़ना चाहिए?

### मुंबई से पकड़ा गया अनीता चौधरी मर्डर केस का आरोपी गुलामुद्दीन

**मुंबई।** राजस्थान के जोधपुर के बहुचर्चित ब्यूटीशियन अनीता चौधरी मर्डर केस का मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन मुंबई से पकड़ा गया है। हत्या के आरोपी को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि बीते हफ्ते आरोपी ने ब्यूटीशियन अनीता चौधरी की हत्या करके उसके शव को 6 टुकड़ों में काटकर गाड़ दिया था। इस हत्याकांड के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। वहीं, अनीता की हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस गुलामुद्दीन की लगातार तलाश कर रही थी। इस बीच जोधपुर पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी मुंबई में कहीं छुपा हुआ है। जिसके बाद आरोपी की तलाश के लिए जोधपुर पुलिस मुंबई पहुंची थी। यहां भिंडी बाजार में गुलामुद्दीन के ठिकाने का पता जोधपुर पुलिस को चला, इसके बाद पुलिस ने मुंबई सेंट्रल से आरोपी को हिरासत में ले लिया। जोधपुर पुलिस, मुंबई पुलिस के सहयोग से आरोपी को पकड़ने में कामयाब रही।

## किसान आत्महत्या की फेक न्यूज फैलाने के आरोप में सूर्या पर केस दर्ज

एजेंसी। नई दिल्ली/बेंगलुरु



कर्नाटक में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या और कुछ न्यूज पोर्टल्स के एडिटर्स के खिलाफ एक किसान की आत्महत्या से जुड़ी परिस्थितियों को लेकर फेक न्यूज फैलाने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। यह एफआईआर कर्नाटक के हावेरी जिले में साइबर अपराध, आर्थिक अपराध, नारकोटिक्स (सीईएन) पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 353(2) के तहत दर्ज की गई है। पुलिस ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी कि तेजस्वी सूर्या एवं अन्य के खिलाफ एक किसान की आत्महत्या के मामले को वक्फ बोर्ड के साथ भूमि विवाद से जोड़कर फर्जी खबर फैलाने का आरोप है। सूर्या ने 7 नवंबर को एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया था कि हावेरी जिले में एक किसान ने वक्फ बोर्ड द्वारा उसकी जमीन अधिगृहित किए जाने के बारे में पता चलने पर खुदकुशी कर ली। इससे संबंधित झूठी रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए कन्नड़ दुनिया ई-पेपर और कन्नड़ समाचार ई-पेपर के संपादकों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, बाद में हावेरी जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा समाचार लेख को फर्जी करार दिए जाने के बाद सांसद ने पोस्ट हटा दी थी लेकिन इस ताजा घटनाक्रम ने राज्य में विवाद खड़ा कर दिया है। वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल पिछले दिनों कर्नाटक पहुंचे थे और कई जिलों का दौरा कर किसानों से मुलाकात की थी।

### राजस्थान की जनता भाजपा को चुनेगी : मदन दिलावर

**रामगढ़।** राजस्थान में सात सीटों पर उपचुनाव के लिए भाजपा ने दिग्गज नेता चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। 13 नवंबर को होने वाली वोटिंग के लिए अब कम समय बचा है, ऐसे में सियासी पारा बढ़ गई है। इस बीच राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने उपचुनाव में भाजपा की जीत का दावा किया है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर देश के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अलवर के रामगढ़ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लोग कांग्रेस को वोट नहीं देना चाहते। कांग्रेस उन लोगों का समर्थन करती है जो देश के साथ अन्याय करते हैं। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस लागू करने का कांग्रेस का समर्थन करना यह दिखाता है कि वह आतंकवादियों का पक्ष ले रही है। धारा 370 के कारण से अब तक 41 हजार नागरिक और सैनिक आतंकवाद का शिकार हो चुके हैं।

## एएमयू के प्रोफेसरों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

एजेंसी। अलीगढ़



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) का अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की बेंच ने 4-3 के बहुमत से यह फैसला सुनाया है। इसके बाद यूनिवर्सिटी छात्र यूनियन ने एएमयू के बाहर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मोहम्मद आसिम सिद्दीकी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह एक लंबी कानूनी लड़ाई थी। इसलिए हम इस केस के लिए बहुत मेहनत से तैयारी भी कर रहे थे। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं और हम इस फैसले को स्वीकार करते हैं। हमें हमेशा से भारतीय न्यायपालिका पर गहरा भरोसा था और वह भरोसा आज भी बरकरार है। एएमयू के प्रोफेसर मोहम्मद वसीम अली ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसला का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि आगे भी इस फैसला का हमें फायदा मिलेगा। हिंदुस्तान की सबसे बड़ी अदालत में फैसला था, इसलिए वक्त लगा है। हम सभी इसका स्वागत करते हैं। प्रोफेसर अस्मत अली खां ने कहा कि कोर्ट का फैसला सराहनीय है। इसमें जो मुख्य विवाद था कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एक अल्पसंख्यक दर्ज है या नहीं। उसको सुप्रीम कोर्ट ने तय कर दिया है और यह मान लिया है कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एक अल्पसंख्यक दर्ज है। अलीगढ़ में कांग्रेस नेता विवेक बंसल ने एएमयू पर सुप्रीम कोर्ट के फैसला पर खुशी जताई। सुप्रीम कोर्ट पर आम भारतीयों का विश्वास और बढ़ा है। बता दें कि भारत के मुख्य मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में से खुद सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, जेडी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा ने संविधान के अनुच्छेद 30 के मुताबिक एएमयू के अल्पसंख्यक संस्थान के दर्जे को बरकरार रखने के पक्ष में फैसला दिया है। यह फैसला सर्वसम्मति से नहीं बल्कि 4:3 के अनुपात में आया है। फैसले के पक्ष में सीजेआई, जस्टिस खन्ना, जस्टिस पारदीवाला जस्टिस मनोज मिश्रा एकमत रहे। जबकि जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एससी शर्मा का फैसला अलग रहा।

## कांग्रेस की 'बांटो और राज करो' वाली नीति चलने वाली नहीं है : किरेन रिजिजू

एजेंसी। मुंबई

नरेंद्र मोदी सरकार में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बयान के जरिए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान का कांग्रेस पर इल्जाम भी लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बाबा साहेब का अपमान हमेशा से करती रही है, जिसके कारण बाबा साहेब ने लॉ बोर्ड से इस्तीफा दिया था। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र की जनता जाग गई है और यहां कांग्रेस की 'बांटो और राज करो' वाली नीति चलने वाली नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की सरकार के हटने के बाद ही बाबा साहेब अंबेडकर को भारत रत्न दिया गया और उस सरकार में भाजपा शामिल थी। रिजिजू ने आगे कहा कि राहुल गांधी और उनके सहयोगियों को ऐसे में संविधान पर बात करने का हक नहीं है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू शुक्रवार को ठाणे के कपूर बावड़ी के भारतीय जनता पार्टी के मीडिया सेंटर में आए हुए थे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि 25 नवंबर 2024 से लोकसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होगा। लोकसभा सत्र के दौरान संसद के एक-एक सेकंड की कीमत करोड़ों रुपए होती है। अगर इसमें कोई बाधा डालने की कोशिश करेगा तो हम जबरदस्ती बिल को पास कर लेंगे। किरेन रिजिजू ने आगे बताया कि नागपुर में राहुल गांधी ने संविधान को लेकर एक कार्यक्रम किया और जब मैंने उसके बारे में जांच पड़ताल की तो मुझे पता चला कि राहुल गांधी ने जो संविधान बुक ली थी।

कोरिया मास्टर्स 2024

## ताकुमा ओबायाशी को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे किरण जॉर्ज

**24 वर्षीय भारतीय ने क्वार्टर फाइनल में पांचवें वरीय जापानी प्रतिद्वंद्वी को 39 मिनट तक चले मैच में 21-14, 21-16 से हराया**



**नई दिल्ली(हि.स.)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने शुक्रवार को जापान के ताकुमा ओबायाशी को हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूनार्मेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 24 वर्षीय भारतीय ने क्वार्टर फाइनल में पांचवें वरीय जापानी प्रतिद्वंद्वी को 39 मिनट तक चले मैच में 21-14, 21-16 से हराया। इससे पहले, विश्व के 44वें नंबर के खिलाड़ी जॉर्ज ने दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ची यू जेन को 21-17, 19-21, 21-17 से हराया था। जॉर्ज शनिवार को सेमीफाइनल में थाईलैंड के शीर्ष वरीय और विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी कुनलावुत विटिडसार्न से भिड़ेंगे, जिन्होंने चीन के लियू लियांग के खिलाफ 21-15, 21-11 से जीत दर्ज की। 1-1 स्कोरलाइन के बाद, पहले गेम में जॉर्ज हमेशा आगे रहे। जब जॉर्ज ने 15-6 की बढ़त हासिल की, तो ओबायाशी ने थोड़ा प्रतिरोध किया, जिससे अंतर 12-16 हो गया। लेकिन जापानी खिलाड़ी इतना ही कर पाए, क्योंकि जॉर्ज ने लगातार चार अंक हासिल करके पहला गेम जीत लिया। दूसरा गेम काफी करीबी रहा, क्योंकि दोनों ने एक-दूसरे पर दबाव बनाया। जॉर्ज पहले 7-3 से आगे थे, लेकिन ओबायाशी ने वापसी करते हुए स्कोर 8-8 कर दिया।

# सैमसन का शतक, द. अफ्रीका को मिला 203 रन का टारगेट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईसीसी टी20 विश्व कप फाइनल में मिली दर्दनाक हार का बदला लेने के लिए शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका की टीम डरबन के मैदान पर टीम इंडिया के सामने हो गई है। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ऐडन माक्ररम ने टॉस जीतने के बाद भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया है। टीम इंडिया की ओर से संजू सैमसन ने 50 गेंदों पर 107, तिलक वर्मा ने 33, सूर्यकुमार ने 21 रन बनाकर स्कोर 202 तक पहुंचा दिया।

**27 गेंदों पर अर्धशतक :** सैमसन ने रन गति को धीमा होने नहीं दिया। उन्होंने पहले मार्को येन्सन तो बाद में नकाबायोमजी पीटर की लगातार 2 गेंदों पर छक्के उड़ाए। सैमसन 27 गेंदों पर अर्धशतक बनाने में सफल रहे। पिछले मुकाबले में सैमसन ने 40 गेंदों पर शतक लगाया था। ऐसे में उनका बल्ला चलता देख फैंस भी खुश नजर आए।

**बैक टू बैक शतक :** संजू सैमसन ने इतिहास रचा और 47 गेंदों पर शतक पूरा कर लिया। यह उनका बैक टू बैक शतक है। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने 111 रन बनाए थे। उन्होंने 9 छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक पारी में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले प्लेयर भी बन गए हैं। सैमसन ने 50 गेंदों पर 7 चौके और 10 छक्कों की मदद से 107 रन बनाए।

**लगातार 3 ओवर में 3 विकेट :** जिस ओवर में सैमसन ने शतक पूरा किया। उसी ओवर में तिलक वर्मा 18 गेंदों पर 33 रन बनाकर आऊट हो गए। 15वें ओवर में सैमसन का विकेट गिरा तो इससे अगले ओवर में जेराड ने हार्दिक पांड्या को मार्को के हाथों कैच आऊट करा दिया। हार्दिक ने 2 ही रन बनाए।

**जेराड ने चटकाए 3 विकेट :** दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज ने जब हार्दिक पांड्या का विकेट लिया तो भारतीय टीम ने जल्द ही विकेट गंवाने शुरू कर दिए। जेराड ने 4 ओवर में 37 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने रिंकू सिंह (11) और अभिषेक शर्मा (7) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। आखिरी ओवर में अर्शदीप ने कुछ हिट लगाईं और स्कोर 202 तक पहुंचा दिया। एडेन मार्कराम ने टॉस जीतने के बाद कहा कि हम पहले गेंदबाजी करने जा रहे हैं। विकेट काफी अच्छा लग रहा है। इस सप्ताह कुछ बारिश हुई है और यदि नमी है तो हम उसका उपयोग करना चाहेंगे।

**(खबर लिखे जाने तक का अपडेट)**




## कुश मैनी ने एक और सफल फॉर्मूला 1 टेस्ट किया पूरा भारतीय एफ1 ड्रीम के करीब पहुंचे

**दोहा (हि.स.)।** भारत के मोटरस्पोर्ट सनसनी कुश मैनी गुरुवार को कतर के लुसैल इंटरनेशनल सर्किट में फिर से एक्शन में दिखे। युवा ड्राइवर ने बीडब्ल्यूटी अल्पाइन एफ1 टीम के साथ अपने फॉर्मूला 1 परीक्षण के हिस्से के रूप में ट्रैक पर कदम रखा, जो साओ पाउलो में सप्ताहांत के ग्रैंड प्रिक्स से डबल पोडियम पर आ रही है। गुरुवार का परीक्षण मैनी के लिए पिछले 6 महीनों में चौथा था। उन्होंने अब ऑस्ट्रिया, इटली, अबू धाबी और कतर में टीम के साथ उनकी फॉर्मूला 1 कार में परीक्षण किया है। कतर के बिल्कुल नए सर्किट में कई दिनों तक चले टेस्ट में मैनी ने पहली बार ट्रैक पर रेस लगाई, जहाँ वे अपने फॉर्मूला 2 सीजन के आखिरी चरण के लिए जल्द ही फिर से एक्शन में आएँगे। मैनी अबू धाबी में यास मरीना सर्किट में अपने टेस्ट के कुछ हफ़्ते बाद अपनी एफ1 कार में वापस आए, जहाँ उन्होंने एक और शानदार प्रदर्शन किया। बीडब्ल्यूटी अल्पाइन एफ1 टीम कार के साथ उनकी निरंतरता ने उन्हें एनस्टोन आधारित संगठन के लिए रिजर्व सीट के लिए शीर्ष दावेदार बना दिया है। इस साल के एफ2 वर्ग से एफ1 में तीन पुष्ट स्नातकों के साथ, कुश मैनी निकट भविष्य में इस बेहद प्रतिभाशाली पूल में एक और जोड़ हो सकते हैं। इस महीने के अंत में, कुश अपनी फॉर्मूला 2 रेस के लिए कतर लौटेंगे। 2024 सीजन में सिर्फ.दो रेस बची हैं, कुश की इनविक्टा रेसिंग टीम कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप को सुरक्षित करने की स्थिति में है।



## चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे से संन्यास लेंगे मोहम्मद नबी



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के स्टार ऑलराउंडर मोहम्मद नबी आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने वाले हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के मुख्य कार्यकारी नसीब खान ने शुक्रवार को क्रिकबज से इस बात की पुष्टि की। नसीब ने क्रिकबज से कहा, हां, नबी चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे से संन्यास ले रहे हैं और उन्होंने बोर्ड को अपनी इच्छा से अवगत करा दिया है। उन्होंने मुझे कुछ महीने पहले बताया था कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना वनडे करियर खत्म करना चाहते हैं और हम उनके फैसले का स्वागत करते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद, मुझे लगता है कि उनसे अपने टी20 करियर को जारी रखने की उम्मीद है और अब तक यही योजना है। नबी ने अफगानिस्तान के लिए अपना पहला वनडे 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ खेला और अपने डेब्यू मैच में अर्धशतक बनाकर अपनी छाप छोड़ी। उन्होंने 165 वनडे में 27.30 की औसत से 3549 रन बनाए और 171 विकेट भी लिए। शारजाह में चल रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में नबी ने शानदार 82 रन बनाए और अपनी टीम को 235 रन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जवाब में बांग्लादेशी टीम 143 रन पर सिमट गई।

## चोंगकिंग महिला गोल्फ ओपन : झोउ, सरनपोर्न ने पहले दौर में बढ़त हासिल की



**बीजिंग(हि.स.)।** 14 वर्षीय स्थानीय गोल्फ खिलाड़ी झोउ शियुआन ने गुरुवार को 2024 कोव चाइना स्पोर्ट्स लॉटरी चोंगकिंग महिला ओपन के पहले दौर के बाद चार अंडर 68 का कार्ड खेला और थाईलैंड की सरनपोर्न कटेसुवान के साथ शीर्ष पर पहुंच गईं। झोउ ने लगातार नौ पार के साथ शुरूआत करके स्थानीय प्रशंसकों को रोमांचित किया। फिर उसने बैक नाइन पर पांच बर्डी लगाई और केवल एक बोगी दर्ज की। झोउ ने कहा, यह एक शानदार दिन है, जिसमें शानदार स्कोर रहा, जो मेरी उम्मीदों से बढ़कर है। जीत के बारे में कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है।

सरनपोर्न ने भी पांच बर्डी और एक बोगी दर्ज की। 19 वर्षीय खिलाड़ी सरनपोर्न ने कहा, मैंने खुशनुमा गोल्फ खेलने की कोशिश की, चीजों की अधिक उम्मीद नहीं की। मैंने बहुत सारे अच्छे पुट और अच्छे सेव किए।

उन्होंने कहा, अगले दो दिनों के लिए मेरी रणनीति एक ही है, खुद से खुश रहना, गोल्फ खेलने में खुशी मनाना, कोई अति-अपेक्षा नहीं करना।

अनुभवी चीनी गोल्फर पैन यानहोंग और 19 वर्षीय झांग युनक्सुआन ने 69 के स्कोर के साथ एक स्ट्रोक पीछे रहकर दिन समाप्त किया।

## ऑस्ट्रेलिया की चुनौती के लिए कोहली और रोहित को फिर से जगानी होगी युवा मानसिकता : ग्रेग चैपल



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** खराब फॉर्म से गुजर रहे विराट कोहली और रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपनी सबसे बड़ी चुनौती का सामना करने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में पूर्व भारतीय कोच और ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ग्रेग चैपल का मानना है कि इन दोनों स्टार खिलाड़ियों को फिर से युवा मानसिकता पर लौटने की जरूरत है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 की हार के बाद, भारतीय टीम नवंबर 22 को शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया में इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी का बचाव करेगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछले दोनों मौकों पर हुई बीजीटी सीरीज को जीता है। चैपल ने कोहली और रोहित जैसे उम्रदराज खिलाड़ियों के मानसिक और शारीरिक चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने 2005 में सचिन तेंदुलकर से की गई बातचीत को याद किया, जिसमें तेंदुलकर ने पूछा था कि उम्र के साथ बल्लेबाजी मुश्किल क्यों लगती है। चैपल ने समझाया कि उम्र ढलने के साथ न केवल शारीरिक प्रतिक्रिया बल्कि मानसिक एकाग्रता भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है।

## हॉकी: बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के लिए जापान, चीन राजगीर पहुंचे

**राजगीर (बिहार) (आईएएनएस)।** पूर्व एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जापान और पेरिस ओलंपिक खेलों के रजत पदक विजेता चीन बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 से पहले गुरुवार को यहां पहुंचे। प्रीमियर एशियाई हॉकी प्रतियोगिता 11 से 20 नवंबर तक होगी, जिसमें गत चैंपियन भारत, मलेशिया, कोरिया और थाईलैंड भी शामिल होंगे। चीन पेरिस ओलंपिक रजत विजेता टीम के दो खिलाड़ियों - फैन युनक्सिया और टैन जिनझुआंग के साथ भारत आया है। वे अपने अभियान की शुरूआत 11 नवंबर को अपने पहले मैच में थाईलैंड का सामना करके करेंगे, जिसमें अपेक्षाकृत युवा टीम होगी। भारत के साथ उनका मुकाबला 16 नवंबर को होना है।

चीन के मुख्य कोच हुआंग योंगशेंग ने पहुंचने के बाद कहा, ह्लहम भारत में आकर और इतना गर्मजोशी से स्वागत पाकर खुश हैं। सभी 25 खिलाड़ी बहुत उत्साहित हैं और बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 में अच्छे अनुभव की उम्मीद कर रहे हैं। इस बार हमारे दल में कई युवा खिलाड़ी हैं और हम टूनार्मेंट के दौरान उन्हें कुछ मिनट देने का लक्ष्य रखेंगे।"

## लेवांडोव्स्की की नजर 100वें चैंपियंस लीग गोल पर



> मैच के दौरान, मैंने यह नहीं सोचा कि मैंने पहले ही कितने गोल किए हैं। मैंने हैट्रिक बनाने का एक अच्छा मौका गंवा दिया, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि मेरे पास गोल करने के अवसर थे।

**वारसॉ (हि.स.)।** एफसी बार्सिलोना के स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की, जिन्होंने बुधवार शाम को रेड स्टार बेलग्रेड पर 5-2 की जीत में अपना 98वां और 99वां चैंपियंस लीग गोल किया, की निगाहें अब अपने 100वें चैंपियंस लीग गोल पर हैं। लेवांडोव्स्की ने पहले हाफ में दो गोल किए। ब्रेक के बाद, पोलिश खिलाड़ी के पास हैट्रिक बनाने और चैंपियंस लीग में अपना 100वां गोल करने का मौका था, लेकिन वह लक्ष्य से चूक गए। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने गुरुवार को पोलिश मीडिया से कहा, मैच के दौरान, मैंने यह नहीं सोचा कि मैंने पहले ही कितने गोल किए हैं। मैंने हैट्रिक बनाने का एक अच्छा मौका गंवा दिया, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि मेरे पास गोल करने के अवसर थे।

मैच के बाद, कोच हंसी फ्लिक ने मुस्कुराते हुए कहा कि यह बेहतर होगा यदि मैं बार्सिलोना में हमारे स्टेडियम में प्रतियोगिता में अपना 100वां गोल करूं। लेवांडोव्स्की ने कहा, हमें इस बात से थोड़ी तकलीफ हुई कि हमने दो गोल खाए। हम उन परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। लेकिन हम तीन अंक पाकर खुश हैं। बेलग्रेड में जीत के बाद, एफसी बार्सिलोना नौ अंकों के साथ चैंपियंस लीग ग्रुप स्टेज वर्गीकरण में छठे स्थान पर पहुंच गया। 26 नवंबर को, क्लब फ्रेंच टीम और सरप्राइज पैकेज ब्रेस्ट की मेजबानी करेगा।

### भारतीय बल्लेबाजी समूह डरबन में बल्लेबाजी का लुत्फ उठाएगा: उथप्पा

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत द्वारा 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने के बाद, टीम के बल्लेबाजी दृष्टिकोण में उल्लेखनीय बदलाव आया है। शर्मा और कोहली के इस प्रारूप को अलविदा कहने और कई पहली पसंद के खिलाड़ियों को टेस्ट खेलने के लिए आराम दिए जाने के बाद, बल्लेबाज टी20 में बल्लेबाजी करते समय फेरारी कार की तरह तेज गति से बल्लेबाजी कर रहे हैं।



# एक दिन में तीन करोड़ यात्रियों ने किया ट्रेन से सफर, बनाया नया रिकॉर्ड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में रोजाना लाखों यात्री ट्रेन से सफर करते हैं। लाखों की यह संख्या कई बार एक करोड़ का आंकड़ा भी पार कर गई है। इसी कड़ी में भारतीय रेलवे ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। रेल मंत्रालय द्वारा एक हालिया बयान के अनुसार, 4 नवंबर 2024 को ट्रेन से 3 करोड़ से अधिक यात्रियों ने सफर किया। यात्रियों की यह संख्या भारतीय रेल के लिए एक नए रिकॉर्ड बनाने को लेकर अहम है। मंत्रालय ने इसे देश के परिवहन इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। जानकारी के अनुसार, 4 नवंबर को, भारतीय रेल से 120.72 लाख नॉन-सबअर्बन यात्रियों ने यात्रा की, जिसमें 19.43 लाख आरक्षित यात्री और 101.29 लाख अनारक्षित यात्री शामिल थे। इसके अलावा, रेल मंत्रालय ने रिकॉर्ड 180 लाख सबअर्बन यात्रियों को सफर कराया। सभी यात्रियों की संख्या जोड़ने के बाद देश की रेल प्रणाली के लिए एक नया मानदंड स्थापित हो गया है। बयान में यह भी कहा गया कि भारतीय रेल ने यह उपलब्धि साल के सबसे व्यस्त महीने के दौरान हासिल की है, जो भारतीय रेल की परिचालन कुशलता को दर्शाता है। साल के इस व्यस्त समय में दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर लाखों-करोड़ों लोग एक राज्य से दूसरे राज्य की यात्रा करते हैं। एक राज्य से दूसरे राज्य की इस यात्रा के लिए अधिकतर लोग ट्रेन का सफर ही चुनते हैं। यही वजह है कि त्योहारी सीजन में ट्रेन में लोगों की भीड़ देखी जाती है। यात्रियों की इस भीड़ को संभालने और व्यवस्थित करने के लिए भारतीय रेल की ओर से अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन की भी व्यवस्था की जाती है। इस बार रेलवे बोर्ड ने त्योहारी सीजन की भीड़ को देखते हुए 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक 7,663 स्पेशल ट्रेन सर्विस शुरू की है, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 73 फीसदी अधिक है।




## अमेरिकी फेड की लगातार दूसरी ब्याज दर कटौती

**मुंबई, (आईएएनएस)।** अमेरिकी फेड की ब्याज दर कटौती भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए सकारात्मक मानी जा रही है। बाजार विशेषज्ञों ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी फेड द्वारा इस साल लगातार दूसरी बार ब्याज दर में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए एक अच्छा संकेत है। अमेरिकी फेड ने ब्याज दरों में कटौती के बाद इसे 4.75 प्रतिशत कर दिया। अमेरिकी मैक्रो इंडीकेटर्स को देखते हुए यह पहले से उम्मीद की जा रही थी कि इस बार भी अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की जाएगी।

एंजेल वन वेल्थ के एक के अनुसार, भारत खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी का सामना कर रहा है और विकास की संभावनाएं भी कम हैं। आरबीआई भी विकास, मुद्रास्फीति और मुद्रा की चाल के बीच दुविधा की स्थिति का सामना कर रहा है।

# 200 महिला उद्यमी निवेशकों से जुटाएंगी 850 करोड़ रुपये : गोल्डमैन सैश



पीयूष गोयल

**'गोल्डमैन सैश 10,000 वीमेन' पहल महिलाओं की अप्रयुक्त क्षमता को उजागर करती है**

**बेंगलुरु, (आईएएनएस)।** भारत में कम से कम 200 महिला उद्यमी निवेशकों से करीब 850 करोड़ रुपये (100 मिलियन डॉलर) जुटाने को तैयार है। इस राशि का उपयोग कारोबार के विस्तार और नई जॉब पैदा करने के लिए किया जाएगा। गोल्डमैन सैश द्वारा यह ऐलान किया गया।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 'गोल्डमैन सैश 10,000 वूमेन' पहल महिलाओं की अप्रयुक्त क्षमता को उजागर करती है।

केंद्रीय मंत्री ने कंपनी के इवेंट में आगे कहा कि मुझे विश्वास है कि वे बाधाओं को तोड़ना और दूसरों को सशक्त बनाना जारी रखेंगी। वे महिलाओं की प्रगति में निवेश और समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्तमान में, इस पहल से 3,500 महिलाओं ने रोजगार के अवसर पैदा किए हैं और आर्थिक गतिविधियां चला रही हैं।

मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम यह भी दशार्ता है कि कैसे ये महिलाएं सरकार की अमृत काल की यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं क्योंकि हम 2047 तक भारत को विकसित भारत लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

'गोल्डमैन सैक्स 10,000 वूमेन फाइनेंस फॉर ग्रोथ' पहल को आईआईएम बैंगलोर की इनक्यूबेशन शाखा एनएसआरसीईएल के साथ साझेदारी में 2023 में विकसित और लॉन्च किया गया था।

'गोल्डमैन सैक्स 10,000 वुमेन' में 400 से अधिक ग्रेजुएट्स ने महिला उद्यमियों को व्यावसायिक वित्त की बेहतर समझ को विकसित करने, सलाह और नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करने और उन्हें निवेशकों के साथ जोड़ने के लिए डिजाइन की गई इस पहल में भाग लिया।

## शुरुआती कारोबार में बड़ी गिरावट के बाद संभले सेंसेक्स और निफ्टी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव होता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल भी लगातार ऊपर-नीचे होती रही। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.03 प्रतिशत और निफ्टी 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टेक महिंद्रा, इंफोसिस, विप्रो, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 1.73 प्रतिशत से लेकर 0.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर ट्रेंट लिमिटेड, बीपीसीएल, कोल इंडिया, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज और ओएनजीसी के शेयर 3.14 प्रतिशत से लेकर 1.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,335 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 896 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,439 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे।

## अक्टूबर माह में वस्तुओं के ई-वे बिल रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** बीते महीने अक्टूबर में देश भर में उत्पादन केंद्रों से बाजारों तक माल के परिवहन के लिए ई-वे बिल जनरेशन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) के आंकड़ों से मिली जानकारी के अनुसार, ई-वे बिल जनरेशन अक्टूबर के दौरान 11.7 करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। ई-वे बिल में वृद्धि आर्थिक गतिविधि में वृद्धि को दशार्ती है क्योंकि त्योहारी सीजन के दौरान अर्थव्यवस्था में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी आई है। यह आंकड़े इस सप्ताह की शुरूआत में जारी एचएसबीसी सर्वेक्षण के अनुरूप हैं, जिसमें दिखाया गया था कि भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि अक्टूबर में तेज हुई। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की इस वृद्धि का कारण नए उत्पादों और अंतर्राष्ट्रीय बिक्री में तेजी था।

# पीएम मोदी का रोड शो कल, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, प्रशासन की तैयारी अंतिम चरण में

**पीएम मोदी का रोड शो कार्यक्रम ओटीसी ग्राउंड से रातू रोड चौक तक होगा**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सीपी सिंह को टिकट मिलेगा या नहीं, इस बीच उन्हें 7वीं बार टिकट मिल गया। ऐसे में भाजपा अब अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती है। इसी बीच 10 नवंबर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रातूरोड में रोड शो करेंगे। सीपी के निकटतम प्रतिद्वंदी महुआ माजी के समर्थन में सीएम हेमंत सोरेन रोड शो कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि सीपी सिंह ने राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार से बात करते हुए कहा था कि रांची विधानसभा सीट के लिए 30-35 लोग टिकट के लिए आस लगाए थे। उनके नाराजगी को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। रांची सीट के लिए भाजपा और जेएमएम दोनों ही पार्टी पसीना बहा रही है। एक ओर भाजपा 7वीं बार जीत के लिए लगी हुई है तो दूसरी ओर जेएमएम किसी भी हाल में इस सीट को पाना चाहती है। प्रधानमंत्री के रोड शो में हटिया और रांची दोनों विधानसभा का क्षेत्र आएगा।

प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर नगर निगम और जिला प्रशासन तैयारियों में जोरशोर से लगी हुई है और यह अतिम चरण में है। एक ओर नगर निगम साफ सफाई व सड़कों पर बने गड्ढों को भर रहा है। झाड़ू लगया जा रहा है। मशीन से ड्रेन को खाली किया जा रहा है। सड़क पर से धूल मिट्टी की सफाई की जा रही है। दूसरी और प्रशासन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने में लगी हुई है। प्रशासन की ओर से आम जनों के लिए रूट चाट दिया जाएगा। हालांकि कयास लगाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री के रोड शो के घंटों पहले सड़क को खाली करा दिया जाएगा व प्रशासन अपने कब्जे में ले लेगी।



## एसपीजी की टीम पहुंची रांची

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 10 नवंबर को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। यहां राजधानी रांची में वो रोड शो करेंगे। पीएम मोदी का रोड शो कार्यक्रम ओटीसी ग्राउंड से रातू रोड चौक तक होगा। इसको लेकर एसपीजी की टीम शुक्रवार की सुबह रांची पहुंच गयी है। वहीं रांची पुलिस भी पीएम के आगमन और रोड शो को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रही है। ढाई किलोमीटर तक होने वाले इस रोड शो के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक ना हो, इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। रांची डीआईजी, एसएसपी, सिटी डीएसपी, कोतवाली डीएसपी समेत कई पुलिस अधिकारी लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

# रांची की महिलाएं भाजपा के साथ : सीपी सिंह





**सीपी सिंह ने 6 बार जीत हासिल की लेकिन रांची के लिए क्या किया : महुआ माजी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची विधानसभा सीट से इंडिया गठबंधन ने महुआ माजी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं भाजपा ने छह बार से विधायक रहे सीपी सिंह पर भरोसा जताया है। चुनावी सरगर्मी के साथ-साथ आरोप-प्रत्यारोप का भी दौर जारी है। राजनीतिक पार्टियों के जुबानी आक्रमण एक दूसरे पर हावी नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा विधायक सीपी सिंह ने झामुमो की सरकार और प्रत्याशी महुआ माजी पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि रांची के लिए या झारखंड के लिए झामुमो की सरकार ने क्या किया। उन्होंने कहा कि आज रांची के हर गली मुहल्लें में हमारे नारे लगाये जाते हैं, उन्होंने क्या किया? सीपी सिंह ने कहा कि रांची के मोरहाबादी की दुकाने या वेंडर बाजार भी हमारी ही देन है। भाजपा ने जो कहा करके दिखाया है। पांच वर्षों से हेमंत सोरेन की सरकार थी लेकिन एक भी वेंडर नहीं बनवाए गए। सवालों के वार के साथ सीपी सिंह ने बड़ा हमला करते हुए कहा कि जनता का भरोसा जितने के लिए महिला प्रत्याशी होना ही काफी नहीं है। भाजपा ने 14 महिला प्रत्याशी उतारा है। ऐसे में रांची से महिला प्रत्याशी के आने से भाजपा पर कोई असर नहीं पड़ेगा। रांची की महिलाएं भाजपा के साथ हैं।

**झामुमो प्रत्याशी महुआ माजी ने किया पलटवार**
झामुमो प्रत्याशी महुआ माजी ने कहा कि सीपी सिंह 6 बार जीत हासिल कि हैं, लेकिन रांची के लिए क्या किया है। ये रांची की जनता देख रही है। अगर मैं जीतती हूं, तो रांची को एजुकेशन हब बनाउंगी। यहां एमबीए, इंजीनियरिंग कॉलेज समेत रिसर्च सेंटर बनवाने का काम करुंगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कई काम किए है। रांची में फ्लाइओवर बना कर रांची को जाम मुक्त बनाया है।

## न्यूज | बॉक्स

### चुनाव से पहले आजसू पार्टी को झटका



**रांची।** सरायकेला-खरसांवा जिला के आजसू पार्टी जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का दामन थामा। कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में सचिन महतो अपने दलबल के साथ झामुमो में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सचिन महतो एवं उनके समर्थकों को झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कराई। मौके पर जमशेदपुर झामुमो के लालटू महतो भी उस्थित रहे।

### आजसू ने जारी किया संकल्प पत्र

**रांची।** आजसू पार्टी ने 2024 के विधानसभा चुनाव में शुक्रवार को अपना संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र दो भागों में है। पहले भाग में झारखंड नवनिर्माण के 9 संकल्प और दूसरा आजसू पार्टी की प्रमुख गारंटी है, जिसमें 30 प्रमुख बिंदु है। संकल्प पत्र में सुदेश महतो ने अपना संदेश भी दिया है। संकल्प पत्र जारी के करने के दौरान आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह सासंद चंद्र प्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, आजसू के प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**झारखंड नवनिर्माण के 9 संकल्प :-**
युवाओं को रोजगार, महिलाओं को अधिकार, किसानों की आय में सुधार, सामाजिक न्याय शिक्षा एवं स्वास्थ्य, पर्यटन एवं खेलकूद विकास, झारखंडी भाषा संस्कृति एवं विरासत की रक्षा, जल जंगल जमीन की रक्षा, औद्योगिक विकास एवं निजी निवेश और स्वराज से सुशासन।

### झारखंड विरोधियों को किसी भी हाल में समर्थन नहीं : मानव घोष

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के मानव घोष ने कहा है कि झारखंड विरोधियों और अनेक बाहरी लोगों ने इस प्रदेश में संसाधनों को लूटने को अपना अधिकार समझ लिया है। झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा हमेशा उनके खिलाफ है। श्री घोष ने कहा कि मोर्चा किसी भी हाल में वैसे चरित्र के उम्मीदवारों का समर्थन नहीं करेगा। जिन्होंने अतीत में झारखण्ड के अहित में तो काम किया ही है साथ ही झारखण्ड के संसाधनों को लूटने में उन्होंने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि पहले भी पूर्व सांसद और झारखण्ड स्वायत्त शासी परिषद (जैक) के उपाध्यक्ष डॉ । सूरज मंडल ने वैसे अवान्छित लोगों को निर्वाचित न करने की मतदाताओं से अपील की है और इसके लिये झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा निरंतर अभियान चला रहा है।

### मीडिया कर्मियों ने पोस्टल बैलट से किया मतदान

**रांची।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के लिए रांची जिला के मीडिया कर्मियों ने पोस्टल बैलट से मतदान कर रहे है। आवश्यक सेवा में लगे जिन मीडियाकर्मियों द्वारा पोस्टल बैलट से मतदान के लिए आवेदन दिया गया था, वो प्रथम चरण के लिए आठ से दस नवंबर 2024 तक समाहरणालय स्थित पोस्टल वोटिंग सेंटर में मतदान कर सकते हैं। समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कमरा संख्या 204 (द्वितीय तल) में पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाया गया है।

### रांची विस क्षेत्र में बदलाव जरूरी : डब्लू मुंडा



**रांची।** कांके रोड सरना समिति का प्रतिनिधि मंडल मुख्य संरक्षक सोनू खलखो एवं अध्यक्ष डब्लू मुण्डा के नेतृत्व में राज्यसभा सदस्य सह रांची विधानसभा से जेएमएम प्रत्याशी डॉ महुआ मांझी से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान आदिवासियों के जनमुद्दों पर बात हुई। कांके रोड सरना समिति के मुख्य संरक्षक सोनू खलखो ने कहा की आदिवासियों की धार्मिक प्रतीक सरना मसना, अखड़ा का सौन्दर्यीकरण करने का काम को गति दिया जाये। साथ ही आदिवासियों की तमाम जनमुद्दों पर राज्यसभा में हम आदिवासियों के मांगों तथा बातों को प्रमुखता के साथ पहुंचाने का कार्य करें। मौके पर कांके रोड सरना समिति के मुख्य संरक्षक सोनू खलखो, अध्यक्ष डब्लू मुण्डा, कार्यकारी अध्यक्ष शशी मुण्डा, सचिव रंजीत पहान, टिंकल पहान, प्रकाश टोप्पो, जेएमएम पार्टी के रांची जिला खेल मोर्चा के अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, जेएमएम पार्टी के राँची जिला सचिव हेमलाल मेहता आदि मौजूद थे।

### बीजेपी पेसा कानून नहीं मानती : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय महासिचव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने एनडीए पर निशाना साधा. कहा कि भगवान भास्कर का प्रकाश है, जगत कल्याण के लिये। कहा कि एनडीए की मुख्य दल कहती है हम गागो दीदी से 2100 देंगे। आजसू कहती है 2500 पेंशन देंगे। बीजेपी पेसा कानून नहीं मानती, ये पेसा कानून की बात करते हैं। अरे भई पहले आपस में तय तो कर लें कि सरकार किसकी बनेगी। सुप्रियो ने कहा कि पीएम कहते हैं, एनडीए की सरकार बनेगी आजसू कहता है मेरी सरकार बनेगी, बाबूलाल कुछ कहते हैं, चंपईदा तो सीधे साधे हैं। कहना मुश्किल है किसकी सरकार बनेगी। पहले ये आपस में तय कर लें।

# झारखंड में परिवर्तन की लहर, बन रही एनडीए सरकार : सम्राट चौधरी



**राहुल गांधी को करना चाहिए अपने पूर्वजों की गलती का पश्चाताप**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हरिहरगंज और सिमरिया में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान चौधरी ने आरजेडी पर निशाना साधते हुए कहा कि, जब बिहार-झारखंड एक था लालू प्रसाद के मुख्यमंत्री रहते विकास की किरण हर गांव तक नहीं पहुंच पाई थी। पूरे बिहार में जब राजस्व की वसूली होती थी, उसका 87 प्रतिशत अकेले झारखंड देता था। लेकिन आज देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री मोदी मेक इन इंडिया के माध्यम से एक ऐसा शेर बनाने जा रहे है, जो दुनियाभर में दहाड़ने का काम करेगा। जब भारत के लाखों बच्चे युक्रेन में फंसे थे,तो उन्होंने मोदी जी को फोन किया था। जिसके बाद प्रधानमंत्री ने युद्ध रुकवाया और सभी छात्रों को भारत वापस लाया गया। उन्होंने कहा कि साल 2029 में भारत अर्थव्यवस्था में नंबर वन पर आ जाएगा। जब साल 2001 में बिहार- झारखंड अलग-अलग राज्य बने, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार जब से बनीं है।यहां पर विकास थम गया है।

**पीएम के रोड शो पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा**

# 501 ब्राह्मण शंखनाद कर पीएम के विजय संकल्प को देंगे आशीर्वाद

**रातू रोड में पीएम का होगा ऐतिहासिक स्वागत**

**पीएम के विजय संकल्प पर जनता लगाएगी मुहर**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
10 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रातू रोड में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो करेंगे। इस रोड शो के कार्यक्रम की जानकारी को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत की। बातचीत में रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का विशेष स्नेह झारखंड को हमेशा से मिलता रहा है। योजनाओं की सौगात के माध्यम से और झारखंड में विभिन्न अवसरों पर खुद आकर प्रधानमंत्री ने हमेशा स्नेह दिया है। अभी विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रधानमंत्री 10 नवंबर रविवार को रांची में भव्य रोड शो करेंगे। शाम 4:00 बजे से यह रोड शो ओटीसी ग्राउंड से शुरू होगा और पिस्का मोड़, मेट्रो गली, दुर्गा मंदिर होते हुए न्यू मार्केट, रातू रोड चौक पर समाप्त होगा। प्रधानमंत्री के स्वागत में रांची के आसपास के क्षेत्र से 20 हजार से अधिक बाइक सवार रांची आएंगे।

रांची से बाहर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था हेहल, पंडरा और आईटीआई के समीप की गई है। इसके अतिरिक्त पारंपरिक छऊ नृत्य के माध्यम से कलाकार प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। 501 ब्राह्मण शंख घड़ियाल बजाकर प्रधानमंत्री के विजय संकल्प को अपना आशीर्वाद देंगे। वहीं अलग-अलग स्थान पर, विभिन्न मंचों के माध्यम से प्रधानमंत्री का पारंपरिक स्वागत किया जाएगा। सिख समाज भी पीएम के अभूतपूर्व स्वागत को तैयार है। पूर्व में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत रांची की जनता ने ऐतिहासिक रूप से किया है।

### चुनाव आयोग के निर्देशों का हो पालन : डीसी



**रांची।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में सेक्टर अधिकारियों और सेक्टर पुलिस अधिकारियों की शुक्रवार देर शाम ब्रीफिंग की। इस दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को आगामी विधानसभा सभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के सभी दिशा-निर्देश का पालन कराने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा एवं अन्य सम्बंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**जल, जंगल, जमीन भाजपा के...**
में हेमंत सोरेन ने गृह मंत्री अमित शाह पर हमला किया। हेमंत ने कहा देश के गृह मंत्री ऑपरेटिव बैंक के भी मंत्री हैं। इनलोगों से सहारा के साथ धोखाधड़ी किया है। 11-12 से मंत्री हैं, पूछिए उनसे क्या किया। परत दर परत हम खोलेंगे। हेमंत चाईबासा से जेएमएम प्रत्याशी दीपक बिरुआ के पक्ष में चुनावी सभा में कहा कि यहां के जल, जंगल और जमीन को भाजपा के व्यापारी साथियों ने लूटा और अब माटी बचाने की बात कर रहें हैं। पहले बिलजी बिल जमा करने के लिए लोगों को कर्ज लेना पड़ता था, महिलाओं को जेवरात गिरवी रखनी पड़ती थी। आपकी सरकार ने आपके सर से ये बोझ उतार दिया। आप सभी का बकाया बिल माफ हो गया। अगले पांच साल में हर परिवार तक 1 लाख रुपए हम पहुंचाएंगे। झारखंडियों को इतना मजबूत करेंगे कि उन्हें कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**ईडी-सीबीआई लगाकर सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया :** कोरोना काल के बाद जब सरकार ने काम की शुरूआत की तो भाजपा वालों ने ईडी और सीबीआई को पीछे लगाकर हमारी सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया।

**राज्य के हर वृद्ध महिला व पुरुष को पेंशन :** उन्होंने कहा कि हमने कानून बनाया है कि राज्य का कोई भी वृद्ध महिला-पुरुष पेंशन के बगैर नहीं रह सकता। ठीक उसी प्रकार हमने विधवा पेंशन शुरू किया, ऐसा नहीं कि 60 वर्ष के बाद विधवा पेंशन दिया जाएगा जिस दिन से कोई भी हमारी बहन-बेटी विधवा होती है तो उसी दिन से उसे विधवा पेंशन मिलने लगेगा।

**मंईयां सम्मान योजना का भी जिक्र किया :** हमने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू किया। इसमें प्रत्येक माह एक हजार रुपए का सम्मान राशि 18 वर्ष की उम्र से लेकर 49 वर्ष तक की बहन बेटी को लाभ दिया जा रहा है। दिसंबर माह से ही ढाई हजार रुपये प्रति महीने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिलेगा।

**भाजपा के 20 सालों पर महागठबंधन की...**
चलना चाहती हैं। राज्य के विकास के लिए झामुमो नेतृत्व वाले गठबंधन को सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मंईयां समान योजना की राशि 1000 से बढ़ाकर 2500 रुपये दिसंबर माह से कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ आपस में झंझट कराने वाली पार्टी है। इस तरह के पार्टी से सभी लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। प्रदेश को अलग हुए लगभग 25 वर्षों का समय बीत गया, जिसमें 20 वर्ष तक सिर्फ डबल इंजन की सरकार भाजपा ने ही प्रदेश की सत्ता में रही। बावजूद आज तक झारखंडियों का कल्याण नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि उनका 20 वर्ष का कार्यकाल पर हमारी सरकार का मात्र 5 वर्ष का कार्यकाल भारी हैं। इससे पूर्व झामुमो नेता ताहिर अंसारी, जवाहर पासवान ,पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने लोगों को संबोधित किया। 51 किलों का माला पहना कर कल्पना मुर्मू सोरेन का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता ने की। संचालन आनंद प्रकाश ने किया। मौके पर गढ़वा जिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबेदुल्ला हक अंसारी, झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सोगरा बेगम ,चंद्रशेखर प्रसाद, सनि कुमार ,मनीष ठाकुर, लाल मुनी गुप्ता, विनोद यादव, मैरूद्दीन अंसारी, नंदू यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

**50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण...**
को देना चाहती है जबकि हम आपको अपना अधिकार देना चाहते हैं।

**90 अफसर करते हैं संसाधन बंटवारा, इसमें आपकी भागीदारी नहीं :** राहुल ने कहा कि आपको अपने उपज की बिक्री में जीएसटी देनी पड़ती है। यह राशि देश में जमा होता है और इसी राशि का बजट बनता है। इसके बाद यह पैसा बजट से बंटता है और इनको बांटने में 90 ऑफिसर हैं। ये 90 ऑफिसर निर्णय लेते हैं कि किस समाज को किस काम के लिए कितना राशि देना है। इन 90 में से एक अफसर आदिवासी का है। जब बजट बनता है तो निर्णय लेने में आदिवासी को 10 पैसे, दलितों दलितों को एक रुपये, पिछड़ों के विकास में पांच रुपये देने का निर्णय होता है। कहा की 100 में 6.50 रुपये देने का निर्णय अधिकारियों की कमी के कारण होता है।

**ज्यूडिशरी और मीडिया में भी भागीदारी काफी कम :** उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलित और ओबीसी की ज्यूडिशरी के साथ अन्य विभागों में बहुत कम संख्या है। मीडिया में भी यही स्थिति है। राहुल ने कहा कि हमने लोकसभा में देश की सच्चाई सबके सामने रखने की बात मोदी जी से कही थी लेकिन वे चुप बैठे रहे। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना होगा तो सब साफ हो जाएगा। मैं सच्चाई रखने का प्रयास करता हूं तो कहा जाता है कि राहुल गांधी देश बांट रहा है जबकि मैं देश को मजबूत और इकट्ठा करने का प्रयास कर रहा हूं। राहुल ने कहा कि आपको हक दिलाना गलत है तो मैं गलत हूं। हम संविधान के तहत देश को मोहब्बत के साथ हम चलाना चाहते हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी संविधान को खत्म करने की बात करती है।

**आदिवासियों का जल...**
रहते हो। इसलिए आपका जल, जंगल और जमीन पर कोई अधिकार नहीं है। राहुल शुक्रवार को झारखंड के सिमडेगा में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर और महात्मा गांधी के विचारों को खत्म करना चाहती है। आरक्षण को हम बढ़ाएंगे। एसटी का 26 प्रतिशत से 28 प्रतिशत, एससी का 10 से 12 प्रतिशत, ओबीसी का 14 प्रतिशत से बढ़कर 27 प्रतिशत करेंगे। गैस सिलेंडर 450 रुपये और राशन हर व्यक्ति को हर महीने सात किलो दिया जाएगा। युवाओं के लिए हर ब्लॉक में डिग्री कॉलेज और डिस्ट्रिक्ट लेवल पर प्रोफेशनल कॉलेज, 500 एकड़ का इंडस्ट्रियल पार्क हर जिले में व एक मिलियन युवाओं को रोजगार देंगे।

**किसी को कोई तकलीफ...**
मनोज मिश्रा के साथ बैठकर काम करने के अनुभव को बहुत याद करेंगे। उन्होंने कहा, 'यही कोर्ट है, जो मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। हम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिन्हें हम नहीं जानते थे और ये अनुभव जीवन को एक नया दृष्टिकोण देते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं आज बहुत कुछ सीखा हूं। कोई भी मामला पहले के मामले जैसा नहीं होता। अगर कोर्ट में किसी कोई तकलीफ पहुंची हो तो मैं विनम्रतापूर्वक माफी चाहता हूं। अंत में धन्यवाद देते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, आप सभी का दिल से धन्यवाद, आप इतनी बड़ी संख्या में यहां आए। इसके लिए मैं सदा कृतज्ञ रहूंगा।'

**भाजपा के राज्य में महंगाई...**
नहीं जीत पाती वहां विधायक और प्रतिनिधि खरीद कर जोड़-तोड़ करने में लग जाती हैं। प्रधनमंत्री ने हर वर्ष 2 करोड लोगों को रोजगार देने की बात कही थी, लेकिन 11 वर्ष बीत जाने के बाद 22 करोड़ युवाओं को नौकरी नहीं दे सके। भाजपा के लोग पढ़ाई, दवाई, कमाई की बात कभी नहीं करते। बिहार के पूर्व मंत्री सह वीआईपी नेता मुकेश साहनी ने कहा कि दिल्ली में तानाशाह की सरकार और लोकतंत्र नहीं मानने वालों की सरकार है। भाजपा बांटने और नफरत की राजनीति कर समाज को बांटने का काम कर रही है। मंच का संचालन पूर्व राजद जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने की। कार्यक्रम में राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, बिहार के राज्यसभा सदस्य संजय यादव, बिहार विधायक शमीम अख्तर, राजद युवा प्रदेश अध्यक्ष झारखंड रंजन यादव, पलामू जिला अध्यक्ष धनंजय यादव, संजर नवाज, अनुमंडलीय अध्यक्ष लवलेश यादव, नौडीहा बाजार प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारती, रामनाथ चंद्रवंशी, विश्वनाथ राम घूरा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

**डबल इंजन सरकार से झारखंड का...**
विकास विरोधी है। कार्यक्रम में प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह, सूर्या सोनल सिंह, उड़ीसा के सांसद रविंद्र नारायण बहेरा, उत्तर प्रदेश विधायक लाल बहादुर चौधरी, भाजपा नेता अशोक सिंह, रामप्रवेश सिंह, राजीव रंजन, सत्येंद्र मेहता ,बल्लू बलराम,आजसू नेता दिलीप चौधरी, जितेंद्र विश्वकर्मा, अजीत सिंह, रामजी पासवान, भाजपा नेता मनीष सिंह ,अखिलेश मेहता, धनंजय जायसवाल, मुन्ना विश्वकर्मा, मुखिया विनय सिंह, सनी गुप्ता, उदय सिंह, अजय सिंह, नीरज सिंह, जनेश्वर भुईयां, रामप्रवेश भुइयां, पप्पू सिंह, विकास वत्स, जितेंद्र मेहता, रामवृक्ष, सत्येंद्र पासवान, पिंटू सिंह, टंटू मिश्रा, दिनेश गुप्ता, डॉ प्रमोद कुमार, रामू यादव, विजय प्रजापति, कपेश्वर सिंह, अरविंद सिंह, संदीप पासवान सहित हजारों लोग मौजूद थें। गिद्धौर सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने की। संचालन महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर उर्फ बिरजू तिवारी, डा.मृत्युंजय सिंह,सुजीत भारती भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव,सुनील कुमार राणा,अमीर दांगी विकास कुमार नीतीश कुमार, रंजन कुमार राकेश कुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता राजेश कुमार निरंजन रजक सुरेश प्रसाद राणा सहित कई अन्य उपस्थित थे।

**हेमंत के मंत्री के पास से...**
बांग्लादेशियों को लाकर यहां के लोगों के घर-मकान, दुकान, रोजगार व खेत पर कब्जा दिला रहे हैं। घुसपैठ का यही हाल रहा तो इन लोगों ने जो कश्मीर में किया था, वह झारखंड में भी करेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि जब उन्होंने झारखंड राज्य बनाया था, तब उन्होंने घोषणा की थी कि झारखंड देश का नंबर वन राज्य होगा। लेकिन वर्तमान में दुर्भाग्य है कि झारखंड के मंत्री अवैध रुपया रखने में नंबर वन हो रहे हैं और मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल से बाहर आ कर प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने वादा किया कि उनकी सरकार चतरा के लोगों के लिए काम करेगी और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। भाजपा झारखंड को पहले संपन्न राज्य बनाएगी। 5 लाख लोगों को नौकरी, साल में दो बार गैस सिलेंडर मुफ्त,10 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त, हर गरीब महिला को गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रु दी जाएगी। भाजपा एक ऐसा पार्टी है, जो सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास लेकर चलती है। बालूमाथ के कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह लालू यादव, प्रेम प्रसाद गुप्ता भाजपा लातेहार जिला प्रभारी,लोजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र पासवान,रामकुमार गुप्ता मौजूद थे। कुंदा के कार्यक्रम में चतरा सांसद कालीचरण सिंह,जमुई सांसद अरुण भारती, एलजेपी राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, विद्यासागर आर्य, मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता, महामंत्री मनोज यादव, जितेंद्र यादव, अनिता देवी, बसंत यादव, दिव्या भोक्ता समेत एनडीए के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का सिर्फ पैमाना सेट, दर्जा तय करेगी नई बेंच

**नई दिल्ली।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना अहम फैसला सुनाया। 7 जजों की बेंच ने 4:3 से अपना फैसला सुनाते हुए अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का अल्पसंख्यक दर्जा बरकरार रखा है लेकिन उसके लिए मानदंड बनाए हैं। इसके बाद इसे 3 जजों की रेगुलर बेंच के पास भेज दिया है। इससे पहले सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पीठ में सीजेआई के अलावा जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला, जस्टिस दीपांकर दत्ता, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस एससी शर्मा शामिल थे। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे पर सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि इस मामले से संबंधित दस्तावेज मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखे जाएं ताकि 2006 के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले की वैधता पर विचार करने के लिए एक नई पीठ का गठन किया जा सके। जनवरी 2006 में, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 1981 के उस कानून के प्रावधान को रद्द कर दिया था जिसके तहत अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक दर्जा दिया गया था।

**तीन जजों की बेंच के पास पहुंचा मामला :** एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर बैठी 7 जजों की बेंच ने 4:3 से फैसल सुनाने के बाद अब इसे 3 जजों की नई बेंच के पास भेज दिया गया है। अभी के हिसाब से अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के लिए पैमाना सेट किया गया है। इसका अल्पसंख्यक दर्जा बरकरार रहेगा। 7 जजों की ओर से बनाए नए मानदंडों को ध्यान में रखते हुए नई तीन जजों की बेंच इसपर फैसला लेगी। निर्णय में यह स्पष्ट किया गया है कि एएमयू के अल्पसंख्यक संस्थान होने का निर्धारण वर्तमान मामले में बताए गए परीक्षणों और मानदंडों के आधार पर किया जाएगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## भारत को दुनिया की महान शक्तियों में शामिल करने का अब समय आ गया : पुतिन



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के तेज विकास की तारीफ की। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि रूस के 'प्राकृतिक साझेदार और दशकों से सहयोगी' को दुनिया की 'महान शक्तियों' में शामिल किया जाए। पुतिन ने कहा, "भारत को निश्चित रूप से महान शक्तियों में शामिल किया जाना चाहिएः डेढ़ अरब की आबादी, बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊंची आर्थिक वृद्धि दर, एक प्राचीन संस्कृति, इत्यादि। और संभावनाएं, विकास की बहुत अच्छी संभावनाएं हैं।" रूसी राष्ट्रपति ने यह बात गुरुवार को दक्षिणी रूसी शहर सोची में आयोजित वल्दाई इंटरनेशनल डिस्कशन क्लब की 21वीं वार्षिक बैठक के पूर्ण सत्र में कही। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, "भारत एक महान देश है, जनसंख्या के मामले में अब सबसे बड़ा देश - 1.5 बिलियन लोग।

## समोसे को लेकर जांच पर सियासत तेज, भाजपा ने कसा सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तंज

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में समोसे को लेकर सीआईडी की एक अनोखी जांच पर सियासत तेज हो चली है।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हमला बोलते हुए कहा कि हिप्र के अंदर मुख्यमंत्री का समोसा इंक्वारी यह साफ साफ दर्शाता है कि सरकार किस हद तक दिवालियापन की शिकार हो चुकी है। प्रदेश की जनता परेशान है और मुख्यमंत्री और राज्य सरकार को समोसे की चिंता है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर निशाना साधते हुए भाजपा नेता तरुण चुघ ने कहा कि हिप्र में राज्य सरकार को विकास की चिंता नहीं है, अपने किए वादों की चिंता नहीं है। ये देश के एकमात्र मुख्यमंत्री हैं, जो समोसों की जांच कर रहे हैं। यह कदम बताता है कि कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता समोसा है, ना कि गारंटी के वादे पूरा करना है। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की खटखटाखट, चकाचक की जो नीतियां हैं, वो पूर्णतः फेल हो चुकी हैं। इन सब से उबर कर मुख्यमंत्री जन नीतियों के कार्य करें और सरकार द्वारा किए गए वादों को पूरा करें।हालांकि, दिल्ली में न्याय यात्रा की शुरुआत करने पहुंचे सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पलटवार करते हुए विपक्ष के सारे आरोपों को बचकाना बताया। उल्लेखनीय है कि हिप्र मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कार्यक्रम के लिए शिमला में एक निजी होटल से मंगवाए गए समोसे पुलिस ने अपने ही लोगों को ही परोस दिये।

# अवैध प्रवासियों को जाना होगा, वे आएं पर वैध रूप से : डोनाल्ड ट्रंप



### नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित विश्व के 70 नेताओं से की बात

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध प्रवासियों को वापस भेजने के अपने चुनावी वादे पर जोर दिया। हालांकि उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि आप्रवासी वैध तरीके से आएं। एनबीसी के साथ एक इंटरव्यू में रिपब्लिकन नेता कहा, हमें स्पष्ट रूप से सीमा को मजबूत और शक्तिशाली बनाना होगा, और साथ ही, साथ ही, हम चाहते हैं कि लोग हमारे देश में आएं। यह राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद ट्रप का पहला इंटरव्यू था। ट्रंप ने कहा, मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो कहता है, 'नहीं, आप अंदर नहीं आ सकते।' हम चाहते हैं कि लोग आएं। उनसे जब अवैध प्रवासियों को सामूहिक रूप से वापस भेजने में आने वाले खर्चे के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, यह कीमत का सवाल नहीं है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा, लोगों ने हत्याएं की हैं, ड्रग माफियाओं ने देशों को नष्ट कर दिया है, तो ऐसे में वापस भेजने के लिए कीमत कोई सवाल नहीं है। ट्रंप ने राष्ट्रपति जो बाइडेन और हैरिस के साथ अपनी बातचीत को 'बहुत अच्छी' और दोनों तरफ से 'बहुत सम्मानजनक' बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें बाइडेन के साथ लंच करने की उम्मीद है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की सहित 70 विश्व नेताओं से बात की है, लेकिन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन नेताओं में शामिल हैं जिनसे उन्होंने बात की है। बता दें ट्रंप की जीत पर पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा था, मेरे मित्र डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। आपके पिछले कार्यकाल की सफलताओं की तरह ही, मैं भारत-अमेरिका की व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं। आइए मिलकर अपने लोगों के कल्याण, वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए काम करें।

> मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो कहता है, 'नहीं, आप अंदर नहीं आ सकते।' हम चाहते हैं कि लोग आएं। उनसे जब अवैध प्रवासियों को सामूहिक रूप से वापस भेजने में आने वाले खर्चे के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, यह कीमत का सवाल नहीं है।

### राहुल ने कमला हैरिस को लिखी चिट्ठी, कहा-

## आपका उम्मीद से भरा जोड़ने वाला संदेश लोगों को प्रेरित करता रहेगा

एजेंसी

नई दिल्ली । अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप की जबरदस्त जीत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग समेत दुनियाभर के नेताओं ने डोनाल्ड ट्रंप को जीत की बधाई दी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी ट्रंप को जीत की बधाई दी है। इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव हारने वालीं डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार रहीं कमला हैरिस को पत्र लिखा है। राहुल गांधी ने सात नवंबर को ही कमला हैरिस को पत्र लिखा। इसमें राहुल गांधी ने कमला हैरिस को उपराष्ट्रपति कह कर संबोधित किया है। उन्होंने कहा कि मैं आपको आपके जोशीले राष्ट्रपति चुनाव



अभियान के लिए बधाई देना चाहता हूं। आपका उम्मीद से भरा जोड़ने वाला संदेश लोगों को प्रेरित करता रहेगा। जो बाइडेन प्रशासन के तहत, भारत और अमेरिका ने वैश्विक महत्व के मुद्दों पर सहयोग गहरा किया है। लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता हमारी दोस्ती का मार्गदर्शन करती रहेगी।

## व्यवस्थित होगा सत्ता परिवर्तन : बाइडेन

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देश के नागरिकों से डोनाल्ड ट्रंप की जीत को स्वीकार करने का आग्रह किया और कसम खाई कि सत्ता का व्यवस्थित हस्तांतरण होगा। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, बाइडेन ने कल व्हाइट हाउस में कहा, ''अमेरिकी प्रयोग कायम है।" हम ठीक होने जा रहे हैं, लेकिन हमें इस पर लगे रहने की जरूरत है। हमें चलते रहने की जरूरत है।

### उप्र महिला आयोग का निर्देश

## पुरुष दर्जी नहीं लेंगे महिला का नाप

ब्यूरो



- जिम में महिला को पुरुष ट्रेनर नहीं कराएंगे एक्सरसाइज़
- जिम , पार्लर, टेलर में महिला कर्मचारी अनिवार्य
- इसका सत्यापन पुलिस करेगी
- स्कूलों की बसों में महिला सुरक्षाकर्मी या शिक्षिका
- नाट्य कला केन्द्रों में महिला डांस ट्रेनर व सीसीटीवी

**लखनऊ।** कानपुर में एक महिला ( एकता गुप्ता ) का एक जिम ट्रेनर द्वारा हत्या करके शव डीएम आवास परिसर में गड्ढा खोद गाड़ देने और उसके गहने ले लेने की घटना के बाद राज्य महिला आयोग ने महिलाओं के सुरक्षा के लिए जो नए प्रस्ताव लाई है, उस पर बहुत चर्चा हो रही है। प्रस्ताव अमल में आने पर महिलाओं जुड़ी कई चीजें बदल जाएंगी, जिसमें दर्जी से लेकर जिम के ट्रेनर तक शामिल होंगे। प्रदेश में महिलाओं को बैड टच और पुरुषों की बुरी नीयत से बचाने के लिए राज्य महिला आयोग ने एक प्रस्ताव दिया है। इसके तहत प्रदेश में अब पुरुष दर्जी महिलाओं के कपड़े सिलने के लिए महिलाओं की नाप नहीं ले सकेंगे। महिलाओं की नाप लेने के लिए दुकानों पर महिला दर्जी रखनी होगी। वहीं, जिम में भी महिलाओं के लिए अलग से महिला ट्रेनर रखने का प्रस्ताव दिया गया है। उप्र महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने कहा कि यह प्रस्ताव महिलाओं की सुरक्षा और उनके रोजगार के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। मेरा अनुरोध है कि जिम में महिलाओं के लिए महिला ट्रेनर और महिलाओं की नाप लेने के लिए महिला टेलर ही रखी जाए। उन्होंने कहा कि पहले ब्यूटी पार्लर में सिर्फ महिला कर्मचारी ही होती थीं, पर अब पुरुष कर्मचारी भी होने लगे हैं। यहां तक कि आज ब्राइडल मेकअप भी पुरुष कर्मचारी कर रहे हैं। मैं बस इतना चाहती हूं कि अगर किसी महिला को पार्लर में पुरुष कर्मचारी की सेवाएं लेनी हैं तो उसे इस बात को लिखकर देना होगा।उन्होंने प्रस्ताव दिया कि पार्लर, जिम और टेलर के यहां पुरुष कर्मचारी होने पर इसका सत्यापन पुलिस द्वारा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह एक प्रस्ताव है जिसका आयोग के सभी सदस्यों ने समर्थन किया है। मालूम हो कि 28 अक्टूबर को हुई आयोग की एक बैठक में महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण को लेकर सभी जिलाधिकारियों को महिला जिम, योगा सेंटर, विद्यालयों, नाट्य कला केंद्रों, बुटीक सेंटर और कोचिंग सेंटर पर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में निर्णय लिया गया कि महिला जिम और योगा सेंटर में महिला ट्रेनर का होना अनिवार्य है। साथ ही महिला जिम का सत्यापन भी होना चाहिए। ऐसे सेंटर में सीसीटीवी सक्रिय होना चाहिए और अभ्यर्थियों को पहचान पत्र देखकर ही प्रवेश दिया जाए।

आयोग ने निर्देश दिए कि विद्यालयों की बसों में महिला सुरक्षाकर्मी या महिला शिक्षिका का होना अनिवार्य है। नाट्य कला केंद्रों में महिला डांस ट्रेनर और सीसीटीवी की व्यवस्था होनी चाहिए। बुटीक सेंटर पर महिला परिधानों की नाप लेने के लिए महिला टेलर ही होना चाहिए। कोचिंग सेंटर पर सीसीटीवी और वाशरूम की सुविधा होना अनिवार्य है। महिला परिधानों के बिक्री केंद्रों पर महिला कर्मचारियों का होना आवश्यक है।

### जयशंकर की प्रेस वार्ता को कनाडा ने किया ब्लॉक

## भारत की फटकार, ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने की आलोचना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनकी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग के प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद ऑस्ट्रेलिया टुडे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को ब्लॉक करने के कनाडाई सरकार के फैसले की मीडिया समूह ने आलोचना की है। आउटलेट के सोशल मीडिया हैंडल और कुछ पेजों को कनाडा ने ब्लॉक कर दिया था। वहीं भारत ने भी कनाडा सरकार के फैसले की




आलोचना की। अपने बयान में, ऑस्ट्रेलिया टुडे ने दुनिया भर से मिले समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। ऑस्ट्रेलियाई न्यूज आउटलेट ने एक पोस्ट में कहा, कनाडाई सरकार के कामों से पैदा हुई चुनौतियों के बावजूद, हम इन बाधाओं से प्रभावित हुए बिना, महत्वपूर्ण स्टोरी और आवाजों को जनता तक पहुंचाने के अपने मिशन में अटल हैं। ऑस्ट्रेलिया टुडे ने बढ़ती मीडिया सेंसरशिप के युग में पत्रकारिता की स्वतंत्रता की रक्षा के महत्व पर जोर दिया। आउटलेट ने कहा, कनाडाई सरकार की हालिया कार्रवाई हमारी टीम और उन लोगों के लिए कठिनाई भरी रही जो स्वतंत्र और खुली पत्रकारिता को महत्व देते हैं।

## एजुकेशन/करियर

कर्नाटक में स्थित मणिपाल शहर पाई मैनेजमेंट संस्थान की मेजबानी करता है। पाई प्रबंधन संस्थान, जिसे टेप्मी के नाम से जाना जाता है। अकादमिक कठोरता और अनुभवात्मक शिक्षा के मूल में, टेप्मी के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट प्रोग्राम्स को इसके गठन के बाद से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया है। 1980 में स्थापित, टेप्मी भारत के 7 संस्थानों में से एक है और दुनिया भर के शीर्ष बिजनेस स्कूलों में से 5% को शानदार एसोसिएशन टू एडवांस कॉलेजिएट स्कूल ऑफ बिजनेस मान्यता के साथ मान्यता प्राप्त है, जो व्यवसाय की दुनिया में सबसे पुराना और सबसे कठिन मान्यता है।

# पाई मैनेजमेंट संस्थान मणिपाल करवाता है 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स

**प्रबंधन में एकीकृत कार्यक्रम (आईपीएम) :** प्रबंधन में एकीकृत कार्यक्रम ( आईपीएम ) का उद्देश्य कम उम्र में भविष्य के पेशेवरों के बीच प्रबंधन प्रथाओं को विकसित करना है। कार्यक्रम एक एकीकृत और बहु-विषयक पाठ्यक्रम के आधार पर वैश्विक मानकों के एक अभिनव और समावेशी शैक्षणिक शिक्षाशास्त्र का उपयोग करता है। पांच वर्षीय पूर्णकालिक एकीकृत कार्यक्रम रणनीतिक रूप से विश्लेषणात्मक, सामाजिक, मानविकी, प्रबंधन और कौशल-आधारित पाठ्यक्रमों के मिश्रण के साथ तैयार किया गया है। पांच साल के शैक्षणिक अनुभव के अंत में, जिन उम्मीदवारों ने ( प्रोग्राम ) शैक्षणिक आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है, उन्हें बीए ( फाउंडेशन इन मैनेजमेंट ) की डिग्री के साथ एमबीए की डिग्री से सम्मानित किया जाएगा।

**कार्यक्रम के उद्देश्य :** विभिन्न उद्योगों में विभिन्न प्रबंधन कार्यों में चुनौतीपूर्ण प्रबंधकीय भूमिका निभाने के लिए छात्रों को आवश्यक ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण प्रदान करना। युवा प्रबंधकीय उम्मीदवारों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक संदर्भों में बाहरी व्यावसायिक वातावरण से अच्छी तरह वाकिफ बनाकर उन्हें सशक्त बनाना। संरचित, असंरचित और क्रॉस-सांस्कृतिक वातावरण में पारस्परिक कौशल पर युवा प्रबंधकीय उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करना। किसी भी व्यवसाय का प्रबंधन करते समय छात्रों को नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व को सिखाने के लिए।जोखिम लेने की योग्यता के साथ इंट्राप्रेन्योरियल और एंटरप्रेन्योरियल कुशाग्रता का बीजारोपण करना।



**एग्जाम :** सके अलावा, उम्मीदवारों को संबंधित शैक्षणिक वर्ष या पिछले शैक्षणिक वर्ष के लिए निम्नलिखित प्रवेश परीक्षाओं में से एक में उपस्थित होना चाहिए आईआईएम इंदौर द्वारा आयोजित आईपीएमएटी (इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट); ओआरजेआईपीएमएटी (जॉइंट इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट) नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित, या जेईई मेन (जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन) नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित, इसी शैक्षणिक वर्ष के लिए, या सेट परीक्षा (कॉलेज बोर्ड की ओर से प्रशासित) शैक्षिक परीक्षण सेवा); या कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लेट), या मणिपाल एंट्रेंस टेस्ट (मेटा) एमएएचई द्वारा आयोजित 15 अप्रैल से पहले पंजीकरण कराने वाले उम्मीदवार मेट प्रथम चरण - 29 से 30 अप्रैल 2023 के लिए उपस्थित होने के पात्र होंगे। 15 अप्रैल से 15 मई के बीच पंजीकरण कराने वाले उम्मीदवार मेट के दूसरे चरण - 27 -28 मई 2023 में आवेदन करने के पात्र होंगे।)

### प्रवेश प्रक्रिया

*न्यूनतम 60% कुल अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 या समकक्ष उत्तीर्ण, 2021, 2022 में उत्तीर्ण या 2023 में शामिल होना (10+2 परीक्षा परिणाम घोषित होने पर न्यूनतम पात्रता मानदंड को पूरा करने के अधीन)।*

- 10वीं में 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य
- एचएससी/(10+2) परीक्षा में अंग्रेजी विषय होना अनिवार्य

### शॉर्टलिस्टिंग मापदंड

*छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और उनके पंजीकृत ईमेल पते पर सूचित किया जाएगा। इसके बाद, उम्मीदवारों को एक ऑनलाइन साक्षात्कार और सूक्ष्म प्रस्तुति (कुल मिलाकर 20-25 मिनट की अवधि) के लिए उपस्थित होना होगा।*

### फाइनल सिलेक्शन

- कार्यक्रम में प्रवेश के लिए अंतिम चयन पर आधारित होगा,
- शैक्षणिक प्रोफ़ाइल (10वीं और 12वीं) और अंग्रेजी दक्षता।
- प्रवेश परीक्षा (आईपीएमएटी / जेईई / एसएटी / सीएलएटी / मेट)
- पर्सनल इंटरव्यू
- माइक्रो प्रेजेंटेशन
- एक्स्ट्रा करीकुलर अचीवमेंट्स
- जेंडर डाइवर्सिटी कन्सिडरेशंस